श्रीरामो जयति

***

निरद्वदी नह कामना, सिवरे सिरजनहार ।
रामदास साधू इसा, सबसों पर-उपगार ।।
जग सेती रूठा रहै, सांई सेती प्यार ।
रामा ऐसे साधु का, छाना नहि दीदार ।।

[श्री रामदासजी महाराज]

***

बानी सुखदानी विमल श्री रामदास महाराज की
अद्‌भुत आनन्दकन्द द्वन्द्व मायाकृत कटि है
आदि अन्त सिद्धान्त दान्त ररकार सुरटि है
अनआतम अध्यास भ्यासकृत निश्चय हर है
गुरुगम करत विचार पार भवभूलजु पर है
मनुसृष्टि वृष्टि प्रश्न हु करत घनघुमड मृदु गाज की
बानी सुखदानी विमल श्रीरामदास महाराज की

[श्री दयालु महाराज]

***

॥ श्री ॥

समर्पण

त्वदीयं वस्तु गोविन्द ! तुभ्यमेव समर्पये ।

परमपूज्य ! आचार्य चरण !

चिरकाल से ही आपके नैसर्गिक दयार्णव से निःसृत यह उपदेशामृत संतप्त मानवता को परम सान्त्वना दे रहा है।

आज जब कि मानवता का गगनभेदी चीत्कार अपनी चरम सीमा पर जा पहुँचा है इसकी अत्यंत आवश्यकता हो गयी है।

परमाराध्यवर !

अतः आपके ही दिव्य गिरा से उद्भूत यह उपदेशामृत आपके अलौकिक करकमलों के स्पर्श से पुनः दिव्य एवं सुवासित होकर आध्यात्मिक पथ के पथिकों का परम सुन्दर पाथेय बने—इसी आशा से ही आपके ही परम पावनीय युगल कर-कमलों में परम भक्ति एवं श्रद्धा से समर्पित है।

विनम्र—

हरिदास शास्त्री

श्री रामदास जी महाराज की वॉणी :-

अनुक्रमणिका

श्रीरामोजयति

प्रकाशकीय निवेदन

राजस्थान मे रामस्नेही सम्प्रदाय का साहित्य बहुत विशाल है। दुख यही है कि सन्त-साहित्य के समीक्षको ने इसके साथ पूरा न्याय नही किया। सभव है उनके मार्ग मे अनुसन्धानात्मक असुविधायें रही हो। इस सम्प्रदाय के पीठों और रामद्वारो में सुरक्षित साहित्य का यदि समुचित सर्वेक्षण और अनुसधान किया जाय तो हमारा विश्वास है कि राजस्थानी और हिन्दी साहित्य को अनेक गौरवग्रथ मिल सकते हैं तथा साहित्य क्षेत्र मे सन्तो और सम्प्रदायो के सम्बन्ध मे प्रचलित अनेक भ्रान्तियाँ दूर हो सकती हैं। फिर इस अति विज्ञानवाद और भौतिकता से सत्रस्त विश्व-मानवता के लिए सन्त-साहित्य का सेवन कितना लाभप्रद हो सकता है, यह विज्ञो से छिपा हुआ नही है।

लम्बी अवधि से हमारी यह प्रबल इच्छा थी कि इस सम्प्रदाय के साहित्य के प्रकाशन की कोई समुचित व्यवस्था हो। उक्त कार्य को चरितार्थ करने के लिए वर्तमान खेडापा पीठाधीश्वर श्री हरिदासजी महाराज के उदार एव महान् प्रयत्नो से 'श्रीमदाद्य रामस्नेही साहित्य-शोध प्रतिष्ठान' की स्थापना की गई। इस प्रतिष्ठान की प्रकाशकीय प्रवृत्तियों के सम्बन्ध मे सहयोग और परामर्श देने के लिए उक्त आचार्य श्री ने निम्नाकित महानुभावो की एक परामर्श-समिति (इस समिति मे आचार्य श्री आवश्यकतानुसार समय-समय पर परिवर्तन व परिवर्द्धन भी कर सकेंगे) का निर्माण किया—

सरक्षक—श्री १०८ श्री भगवद्दासजी महाराज श्री सिंहथल पीठाधीश्वर

सस्थापक एव अध्यक्ष—श्री १०८ श्री हरिदासजी महाराज, श्री खेडापा पीठाधीश्वर

मत्री—श्री पुरुषोत्तमदासजी शास्त्री, अधिकारी श्री खेडापा

सदस्य—१ परमहस श्री अभयरामजी महाराज, सूरसागर, जोधपुर
२ प० श्री उत्साहरामजी प्राणाचार्य महाराज, मोतीचौक, जोधपुर
३ श्री तपस्वीजी महाराज, नीमाज
४ श्री पीतमदासजी महाराज, मेडता रोड
५ श्री रामविलासजी महाराज, आयुर्वेदरत्न, राजवैद्य रतलाम
६ श्री च्यवनरामजी महाराज, आयुर्वेदमार्तण्ड बीकानेर
७ प० श्री केशवदासजी महाराज, आयुर्वेदाचार्य, नागौर
८ श्री फतेरामजी महाराज, समर्थेश्वर महादेव, अहमदाबाद
९ श्री कृष्णरामजी शास्त्री, बागर, जोधपुर

श्री खेडापा रामस्नेही सम्प्रदाय के आदि प्रवर्तक आचार्यपाद् श्री रामदासजी महाराज की वाणी का प्रस्तुत सम्पादित ग्रथ उसी योजना के अन्तर्गत किया गया हमारा प्रथम विनम्र

परम विषय—

श्रीरामोजयति

प्रकाशकीय निवेदन

राजस्थान मे रामस्नेही सम्प्रदाय का साहित्य बहुत विशाल है। दुख यही है कि सन्त-साहित्य के समीक्षको ने इसके साथ पूरा न्याय नही किया। सभव है उनके मार्ग मे अनुसन्धानात्मक असुविधायें रही हो। इस सम्प्रदाय के पीठो और रामद्वारो में सुरक्षित साहित्य का यदि समुचित सर्वेक्षण और अनुसधान किया जाय तो हमारा विश्वास है कि राजस्थानी और हिन्दी साहित्य को अनेक गौरवग्रथ मिल सकते हैं तथा साहित्य क्षेत्र मे सन्तो और सम्प्रदायों के सम्बन्ध मे प्रचलित अनेक भ्रान्तियाँ दूर हो सकती हैं। फिर इस अति विज्ञानवाद और भौतिकता से सत्रस्त विश्व-मानवता के लिए सन्त-साहित्य का सेवन कितना लाभप्रद हो सकता है, यह विज्ञो से छिपा हुआ नहीं है।

लम्बी अवधि से हमारी यह प्रबल इच्छा थी कि इस सम्प्रदाय के साहित्य के प्रकाशन की कोई समुचित व्यवस्था हो। उक्त कार्य को चरितार्थ करने के लिए वर्तमान खेडापा पीठाधीश्वर श्री हरिदासजी महाराज के उदार एव महान् प्रयत्नों से 'श्रीमदाद्य रामस्नेही साहित्य-शोध प्रतिष्ठान' की स्थापना की गई। इस प्रतिष्ठान की प्रकाशकीय प्रवृत्तियों के सम्बन्ध मे सहयोग और परामर्श देने के लिए उक्त आचार्य श्री ने निम्नाकित महानुभावो की एक परामर्श-समिति (इस समिति मे आचार्य श्री आवश्यकतानुसार समय-समय पर परिवर्तन व परिवर्द्धन भी कर सकेंगे) का निर्माण किया—

सरक्षक—श्री १०८ श्री भगवद्दासजी महाराज श्री सिंहथल पीठाधीश्वर

सस्थापक एव अध्यक्ष—श्री १०८ श्री हरिदासजी महाराज, श्री खेडापा पीठाधीश्वर

मत्री—श्री पुरुषोत्तमदासजी शास्त्री, अधिकारी श्री खेडापा

सदस्य—१ परमहस श्री अभयरामजी महाराज, सूरसागर, जोधपुर
२ प० श्री उत्साहरामजी प्राणाचार्य महाराज, मोतीचौक, जोधपुर
३ श्री तपस्वीजी महाराज, नीमाज
४ श्री पीतमदासजी महाराज, मेड़ता रोड
५ श्री रामविलासजी महाराज, आयुर्वेदरत्न, राजवैद्य रतलाम
६ श्री च्यवनरामजी महाराज, आयुर्वेदमार्तण्ड, बीकानेर
७ प० श्री केशवदासजी महाराज, आयुर्वेदाचार्य, नागौर
८ श्री फतेरामजी महाराज, समर्थेश्वर महादेव, अहमदाबाद
९. श्री कृष्णरामजी शास्त्री, बागर, जोधपुर

श्री खेडापा रामस्नेही सम्प्रदाय के आदि प्रवर्त्तक आचार्यपाद् श्री रामदासजी महाराज की वाणी का प्रस्तुत सम्पादित ग्रथ उसी योजना के अन्तर्गत किया गया हमारा प्रथम विनम्र

प्रयास है। परामर्श समिति के हम सभी सम्मान्य सदस्यों ने न्यूनाधिक रूप से हमें पूर्ण सहयोग दिया है हम उनके कृतज्ञ हैं। काव्य और दर्शन के प्रकाण्ड विद्वान् खेड़ापाधाम के वर्तमान पीठाधीश्वर पूज्य गुरुदेव श्री हरिदासजी महाराज और राजस्थानी साहित्य के अध्येता प्रो रामप्रसादजी दाधीच 'प्रसाद' ने इस ग्रंथ का सुयोग्य सम्पादन किया है— प्रतिष्ठान उनका आभारी है।

इससे पूर्व आचार्य श्री का जीवन चरित्र "आचार्य चरितामृत नाम से आचार्य श्री हरिदासजी महाराज द्वारा लिखित एवं श्री रामनाथजी लाहोटी एवं उनकी धर्मपत्नी श्री जानी बाई चण्डक (अमरावती) तथा श्री कान्हूरामजी मेहता जोधपुर के सत्प्रयत्नों से प्रकाशित हो चुका है। आचार्य श्री के साहित्य प्रचार में उनके इस सहयोग का भी प्रतिष्ठान ऋणी है।

हमारे कई प्रिय बन्धुओं ने हमें तन-मन से पूर्ण सहयोग दिया है। उनके सहयोग एवं आदरणीया कृष्णा बाई तथा प्रिय सीताचरणजी के इस प्रकाशन में किये गये सत् प्रयत्नों को भी हम भुला नहीं सकते हैं।

साधना प्रेस के व्यवस्थापक श्री हरिप्रसादजी पारीक का सहयोग भी महान् प्रशंसनीय है। ग्रंथ के कलेवर को मुद्रण की दृष्टि से आकर्षक बनाने का श्रम उन्हीं को है।

इतने बड़े प्रयास में अभावों और त्रुटियों का रहना स्वाभाविक है। प्रूफों के संशोधन में हमारी अल्पज्ञता असावधानता तथा प्रेस कर्मचारियों की असावधानी के कारण कई महान् त्रुटियाँ रह गई हैं तथा ग्रंथ के प्रति शीघ्र प्रकाशन के व्यामोह ने हम उचित प्रकाशनीय सामग्री भी एकत्र नहीं कर सके हैं—हम उनके लिए क्षमाप्रार्थी हैं।

अन्त में उस परब्रह्म परमात्मा एवं सन्त महापुरुषों के चरणों में श्रद्धायुक्त प्रणाम करते हैं जिनके कृपा-कण से यह सम्पादन पाठकों के सम्मुख उपस्थित हो सका। यदि यह ग्रंथ सन्त-साहित्य के मर्मज्ञ विद्वानों और अध्येताओं को किंचित् भी पसंद आया तो हम अपना प्रयास सफल समझेंगे।

विनीत—
पुरुषोत्तमदास शास्त्री
मंत्री
श्री महाप्रभु रामस्नेही साहित्य-शोध प्रतिष्ठान
खेड़ापा (जोधपुर)

श्रीरामोजयति

सम्पादकीय

आचार्यपाद श्री रामदासजी महाराज की अनुभव वाणी का सम्पादकीय लिखने के समय हमे विश्वकवि रवीन्द्रनाथ ठाकुर के ये शब्द याद आ रहे हैं जो उन्होने कभी राजस्थानी के सन्त और भक्ति साहित्य के सम्बन्ध मे अत्यन्त भाव-गद्गद् होकर कहे थे "भक्ति रस का काव्य तो भारतवर्ष के प्रत्येक साहित्य मे किसी-न-किसी कोटि का पाया जाता है परन्तु राजस्थान ने अपने रक्त से जो साहित्य निर्माण किया है उसकी जोड का साहित्य और कही नही पाया जाता। और उसका कारण है, राजस्थानी कवियो ने कठिन सत्य के बीच रह कर युद्ध के नगारो के बीच अपनी कवितायें बनायी थी। प्रकृति का ताण्डव उनके सामने था। क्या आज कोई केवल अपनी भावुकता के बल पर फिर उस काव्य का निर्माण कर सकता है ? राजस्थानी भाषा के साहित्य मे जो एक भाव है, जो एक उद्वेग है, वह केवल राजस्थान के लिये ही नही सारे भारतवर्ष के लिये गौरव की वस्तु है। मुझे क्षितिमोहन सेन महाशय से हिन्दी काव्य का आभास मिला था पर आज जो मैने पाया है वह बिलकुल नवीन वस्तु है। आज मुझे साहित्य का नवीन मार्ग मिला है।"[1] उपरोक्त शब्दो में राजस्थानी के साहित्य की सर्वांग सम्पन्नता की ध्वनि प्राप्त होती है। इसका साहित्य बहुत विशाल है—यह जीवन का साहित्य है। वीर और शृङ्गार ने तो इस प्रदेश और भाषा का गौरव बढ़ाया ही है किन्तु नीति और भक्ति का साहित्य भी किसी दृष्टि से कम महत्व का नही है। परिमाण और साहित्यिक उत्कृष्टता दोनो ही पक्षो से वह महान है। यह साहित्य ऐसे भक्तों और सन्तो की वाणी का प्रसाद है जिन्होने जनता के साथ जनता का जीवन बिताते हुये जीवन तत्वो का अनुभव किया था।

भारतवर्ष के सास्कृतिक और साहित्यिक इतिहास पर तनिक दृष्टिपात से ही यह स्पष्ट हो जाता है कि स्वतत्रता का अमर गायक, वीरत्व, शौर्य और बलिदान की रोमाचकारी गाथाओ का यह पावन-प्रदेश साहित्य, कला, धर्म और दर्शन की रसवन्त स्रोतस्विनी भी रहा है। जहा भारत की विश्व-विश्रुत सास्कृतिक धरोहर की रक्षा इस प्रदेश ने एक विनम्र प्रहरी के रूप मे की है, वहाँ समय आने पर इसने कई बार सास्कृतिक नेतृत्व की बागडोर भी सभाली है। हमारे देश मे होने वाला ऐसा कोई अद्यातन परिवर्तन अथवा आन्दोलन नही—चाहे वह समाज के जीवन मे हुआ हो, चाहे साहित्य, भक्ति और दर्शन के क्षेत्र में, जिसमे राजस्थान का सक्रिय सहयोग नही रहा। सक्षेप में यह कहा जा सकता है कि राजस्थान भारत की महान् सास्कृतिक आतमा का एक मधुर उद्घोष है।

---

[1] क्रिसन रुकमणी री वेली, सम्पादक—नरोत्तम स्वामी।

राजस्थान में सन्त साहित्य की पृष्ठभूमि में आचार्य श्री रामदासजी महाराज के साहित्य और व्यक्तित्व पर अपनी अल्प बुद्धि के सहारे दो शब्द कहना ही यहाँ हमारा अभिप्रेत है—राजस्थानी साहित्य और संस्कृति के विस्तार में जाना अभीष्ट नहीं। 'भारतीय सन्त-साहित्य के महासागर में पहुँचाने वाली राजस्थान की सन्त-धारायें भी अपने भू भाग को आप्लावित करती हुई निरन्तर प्रवाहित रही हैं। मन्दाकिनी सदृश उनका वेग किसी प्रकार भी क्षीण अथवा मन्द नहीं रहा।'[1]

आज से ढाई हजार वर्ष पूर्व उत्तर भारत में भक्ति और दर्शन की धारायें प्रवाहित हुईं। कालक्रम के अनुसार उनके अन्तर और बाह्य में अनेक परिवर्तन हुये। वैदिक उपासना पद्धति को अभिभूत कर के बौद्ध और जैन धर्मों की अनीश्वरवादी साधनायें भी स्थिर-रूप नहीं रहीं। इनमें अनेक मत-मतान्तरों ने जन्म लिया। महायान हीनयान वज्रयान सहजयान के विकास-क्रम से निकलती हुई यह साधना-पद्धति सिद्धों और नाथों की साधनाओं का रूप ग्रहण कर लेती है। ८ वीं शताब्दी में वैदिक धर्म की पुनर्स्थापना के लिये अद्वैतवाद के समर्थक श्री शंकराचार्य का आविर्भाव होता है। शांकर अद्वैत की विभिन्न व्याख्याओं और अर्थ ग्रहण के अनन्तर परवर्ती आचार्य रामानुज माधव निम्बार्क और वल्लभ इसी भक्ति पृष्ठभूमि पर अपनी अपूर्व व्याख्याओं की स्थापना करते हैं यथा विशिष्टाद्वैत द्वैताद्वैत द्वैतवाद और शुद्धाद्वैत आदि-आदि। आठवीं से तेरहवीं शताब्दी तक का समय भारत की भक्ति-साधना का बहुत ही महत्वपूर्ण काल रहा है। राजस्थान इन सभी भक्ति आंदोलनों से निरन्तर प्रभावित होता रहा है। नाथ सम्प्रदाय का तो यह प्रमुख केन्द्र रहा है। जोधपुर जयपुर और उदयपुर के राजाओं ने नाथों को गुरु-सम्मान देकर विशेष आश्रय दिया था ऐसा शिलालेखों और इतिहास ग्रन्थों से प्रमाणित होता है। आज भी नाथ सम्प्रदाय के अनुयायी अनेक वर्ग राजस्थान में विद्यमान हैं। नाथ और सिद्ध सम्प्रदाय के निर्गुण पद भक्त और सन्त लोगों को आज भी कण्ठस्थ हैं और बड़े भाव विभोर होकर वे उन्हें सत्संग के समय गाते हैं।

विशिष्टाद्वैत के समर्थक और श्री सम्प्रदाय के संस्थापक श्री रामानुजाचार्य की शिष्य परम्परा में सं० १३५६ में एक और महान विभूति का जन्म हुआ। वे थे रामानन्द। इनके आविर्भाव से उत्तर भारत की भक्ति-साधना में एक और नया मोड़ उपस्थित होता है। युग की आवश्यकताओं को ध्यान में रख कर यह श्री सम्प्रदाय की साधना-पद्धति और सिद्धान्तों में परिवर्तन करते हैं। विष्णु अथवा नारायण के स्थान पर उन्हीं के अवतार-रूप राम की भक्ति पर इन्होंने जोर दिया। जाति-भेद के बन्धनों को शिथिल कर कर्मकाण्ड समुच्चय की उपेक्षा कर एकमात्र भक्ति को सर्वश्रेष्ठ घोषित कर, संस्कृत के स्थान पर लोकभाषा को अपनी मताभिव्यक्ति का माध्यम स्वीकार कर इस महापुरुष ने एक नये सम्प्रदाय की स्थापना की जिसका नाम रामानन्दीय वैष्णव सम्प्रदाय है।

राजस्थान के आध्यात्मिक और धार्मिक जीवन में इस महान विभूति ने क्रांतिकारी परिवर्तन उपस्थित किया। जोगीनाथों की प्रमुखता के पश्चात् राजस्थान में जितनी

---

[1] राजस्थान की सन्त परम्परा—(राजस्थान का आध्यात्मिक परिचय)
—लेखक पं० भंवरमल शर्मा

साधना-पद्धतियो अथवा सम्प्रदायो ने जन्म लिया, वे प्रत्यक्ष अथवा परोक्ष रूप से श्री रामानन्दीय वैष्णव सम्प्रदाय से ही उद्भूत प्रतीत होती हैं।

रामस्नेही सम्प्रदाय—

राजस्थान की रामानन्दीय सन्त-परम्परा की पृष्ठभूमि मे अब हम रामस्नेही सम्प्रदाय के उद्भव, विकास और इसकी साधना-पद्धति तथा दर्शन की सक्षेप मे विवेचना करेंगे।

राजस्थान मे रामस्नेही नाम की तीन प्रमुख सम्प्रदायें हैं—१ सिंहथल–खेडापा, २ रैंण, और ३ शाहपुरा। श्री सिंहथल–खेडापा के मूलाचार्य पूज्यपाद श्री जैमलदासजी महाराज हुए, श्री रैंण सम्प्रदाय के मूलाचार्य पूज्यपाद श्री दरियावजी महाराज हुए और श्री शाहपुरा सम्प्रदाय के मूलाचार्य पूज्यवाद श्री रामचरणजी महाराज हुए। यद्यपि इन तीनो सम्प्रदायो की साधना एव साध्य पद्धतियो मे प्राय सादृश्य ही है तथापि इनकी पृथक २ उत्कृष्ट परम्परायें हैं, पृथक २ आदर्श हैं, एव पृथक २ साहित्य सम्पत्ति और पृथक २ आचार्य और शिष्य परम्परायें है। यहा हमारा अभिप्रेत केवल सिंहथल–खेडापा सम्प्रदाय का विवेचन करना है।

जब हम सिंहथल-खेडापा सम्प्रदाय के आदि-उद्गम पर विचार करते हैं तो हमे इसका सूत्र रामानन्द के शिष्य अनन्तानन्द की शिष्य-परम्परा मे दीक्षित पूज्यपाद श्री माधोदासजी महाराज 'मंदानी' से मिलता है। सभवत यही पहले सन्त हैं जिन्होने रामोपासना की परम्परा का प्रारम्भ इस प्रदेश मे किया।

पूज्यपाद माधोदासजी महाराज 'मंदानी' की जीवन सम्बन्धी सम्पूर्ण सामग्री अभी तक अप्राप्य है। इतिहास ग्रथो मे जो कुछ सामग्री उपलब्ध है उसके आधार पर यह निष्कर्ष निकलते हैं कि यह जाति से मालदेत भाटी राजपूत थे। माधोसिंहजी इनका नाम था। जैसलमेर के एक गाव वास टेकरा के यह रहने वाले थे। डाके डालना, गाव लूटना, राहगीरो को सत्रस्त करना इनके कार्य थे। स्वभाव से ये बडे क्रूर थे। किन्तु एक घटना ने इनके जीवन-प्रवाह को ही पलट दिया।

एक दिन यह अपने दल के साथ जगल मे एक यात्री दल को लूटने की घात मे थे। वह सारा प्रदेश इनके नाम से ही भयभीत था। माधोसिंह धाडायती (डाकू) के नाम को सुन कर ही लोग कापने लगते थे। वह यात्री-दल रात्रि मे विश्राम करने के लिए उस जगल मे ठहरा और आग जला कर भोजन बनाने लगा। दल के सभी लोग डर रहे थे कि कहीं माधोसिंह धाडायती आकर हमे लूट न ले। वे बडे कातर और भयाक्रान्त-से परस्पर अपनी-अपनी दीनता एव असहायता का वर्णन कर रहे थे। माधोसिंह अधेरे में छिपे हुये उनकी यह सारी कारुणिक बातचीत सुन रहे थे। अपने कुकर्मों एव उनकी करुणार्द्र वार्ता से तत्क्षण इनको आत्मग्लानी होने लगी। वे अपने साथियो को यह सकेत करके आये थे कि ज्योंही आग बुझ जाय यात्री-दल पर आक्रमण कर देना। यात्रियो की दयनीय दशा से द्रवित माधोसिंहजी का अब इन यात्रियो को लूटने का प्रश्न ही नही था। इन्होने यात्रियो को

आत्मस्त किया और चुपचाप चले जाने को कहा। स्वयं उसी अग्नि के समक्ष बैठ कर, एक लंगोट लगा कर एवं अन्य कपड़ों से अग्नि प्रज्वलित करके तप करने लगे। खुला मैदान ही इनका साधना-स्थल था इसलिए बाद में यह माधोदासजी 'मैदानी' कहलाये। अपने योग चमत्कार, ब्रह्मचर्य और सिद्धत्व के कारण यह बहुत ही लोकप्रिय हुये।

इन्हीं माधोदासजी 'मैदानी' की शिष्य-परम्परा में श्री रामस्नेही सम्प्रदाय (सिंहथल खेड़ापा) के मूलाचार्य पूज्यपाद श्री जैमलदासजी महाराज हुए। श्री रामानन्दजी महाराज से श्री जैमलदासजी महाराज तक की शिष्य परम्परा निम्नानुसार है—

श्री १०८ श्री रामानन्दजी महाराज
|
श्री अनन्तानन्दजी महाराज
|
श्री कर्मचन्दजी महाराज
|
श्री देवाकरजी महाराज
|
श्री पूर्णमालजी महाराज
|
श्री दासदामोदरजी महाराज
|
" श्री नारायणदासजी महाराज
|
श्री मोहनदासजी महाराज
|
श्री माधोदासजी महाराज
|
" श्री सुन्दरदासजी महाराज
|
श्री चरणदासजी महाराज
|
" श्री जैमलदासजी महाराज

रामस्नेही सम्प्रदाय के मूलाचार्य और आदि प्रवर्तक के सम्बन्ध में विद्वानों की विभिन्न मान्यतायें रही हैं। अपने दृष्टिकोण और विचाराभिव्यक्ति में प्रत्येक व्यक्ति स्वतंत्र है। हमारा विश्वास है कि किसी भी सम्प्रदाय का आविर्भाव किसी न किसी ईश्वरीय आदेश से होता है। इतिहास इस तथ्य का साक्षी है कि सिंहथल-खेड़ापा रैण और शाहपुरा तीनों ही सम्प्रदायों के मूलाचार्यों को पृथक २ समय पर ईश्वरीय आदेश प्राप्त हुए थे और उन्हीं की प्रेरणा-स्वरूप इन महापुरुषों ने पृथक २ कालों में रामस्नेही सम्प्रदायों का प्रवर्तन किया।

श्री १०८ श्री जैमलदासजी महाराज का जीवन-वृत्त

सिंहथल-खेड़ापा सम्प्रदाय के मूलाचार्य श्री जैमलदासजी महाराज पहले वैष्णवधर्मी थे और सगुणोपासना किया करते थे। माधोदासजी 'मैदानी' की शिष्य-परम्परा के सन्त

पूज्य श्री चरणदासजी महाराज इनके गुरु थे। १८ वी शताब्दी के आरम्भ मे इनका आविर्भाव माना जाता है। वि० स० १७६० के भाद्रपद मास मे एक बार यह सावतसर (बीकानेर) ग्राम के श्री गोपाल मन्दिर मे श्री मद्भागवत की कथा कर रहे थे। तब पथिक रूप मे गूदडवेष धारण कर स्वय परब्रह्म ने आकर इनमे अपनी तृषा निवृत्ति के लिए जल मागा। जल पी लेने के पश्चात् उस पथिक ने आपसे एक दूसरे गाव का मार्ग पूछा। पूज्य जैमलदासजी मार्ग बताने के लिये पथिक के साथ रवाना हुये। जगल मे एक शमी वृक्ष के नीचे बैठने के लिए उस पथिक ने पूज्य महाराज को आदेश दिया। वहीं वार्तालाप के समय उस गूदडवेशी पथिक ने इन्हे सगुणोपासना से ऊचे उठ कर योग-साधना सहित निराकार रामोपासना की विधि बताई और स्वय उसी क्षण अन्तर्घ्यान हो गये। आपको इस आकस्मिक घटना पर बडा आश्चर्य हुआ, दुख भी हुआ कि वे उस रहस्यमय व्यक्ति का अधिक सान्निध्य-लाभ प्राप्त नही कर सके। तभी आकाशवाणी हुई और आपको पुन निराकार राम की उपासना का आदेश प्राप्त हुआ। इसके पश्चात् आप अपनी वैरागी सम्प्रदाय का पूर्णत परित्याग कर निराकार-रामोपासना करने लगे।

इस घटना का उल्लेख पूज्य श्री दयालजी महाराज ने अपनी काव्यकृति 'परची' मे इस प्रकार किया है—

एक दिन गूदड स्वामी आया, कथा करत हमको बतलाया।

× × ×

रामनाम निर्गुण कर भक्ति, सगुण छाडि देवो आसक्ति।
दरश स्वरूप दियो गुरु सोई, उर दुर्मति तिल रही न कोई।
गोप्यज्ञान गुरु गुह्य उचार्यो, करि प्रणाम ध्यान उर धार्यो।
भेष पथ का सग तजि दीया, होय निरतर हरिपद लीया।

उपरोक्त पद्याश की अन्तिम पक्ति 'भेष पथ का सग तजि दीया, होय निरतर हरिपद लीया' यह स्पष्ट सकेत करती है कि पूज्य श्री जैमलदासजी महाराज ने ईश्वरीय आदेश पाकर अपनी पूर्व साधना पद्धति एव वैरागी सम्प्रदाय का पूर्णत परित्याग कर दिया।

पूज्य श्री जैमलदासजी महाराज के प्रारम्भिक शिष्य वैरागी रहे हैं और आज भी दुलसाचर और रोडा (बीकानेर) स्थानो के शिष्य जिनसे इनका प्रारम्भिक सम्बन्ध रहा है, वैरागी ही होते हैं, किन्तु जब से यह निराकार रामोपासना मे दीक्षित हुये तब से पूज्य श्री हरिरामदासजी महाराज के अतिरिक्त इनका कोई अन्य शिष्य हुआ हो तथा इनका अन्य स्वतत्र आचार्य पीठ रहा हो ऐसा प्रमाण नही मिलता।

उपरोक्त तथ्य के आधार पर सिंहथल-खेडापा सम्प्रदाय का आदि उद्गम पूज्य श्री जैमलदासजी महाराज से ही माना जाता है और इस प्रकार ये ही इस सम्प्रदाय के सस्थापक एव मूलाचार्य होते हैं। वि० स० १८१० में आपको परमधाम प्राप्त हुआ।

सिंहथल पीठ के सस्थापक पूज्यपाद श्री हरिरामदासजी महाराज इन्ही पूज्य श्री जैमलदासजी महाराज के प्रधान शिष्य हुये और तत्पश्चात वे ही इस सम्प्रदाय के प्रवर्त्तक तथा सिंहथल पीठ के प्रधान आचार्य कहलाये।

श्री १   ८ श्री हरिरामदासजी महाराज का जीवन-वृत्त

आचार्य श्री हरिरामदासजी महाराज के जन्मकाल के निश्चित ऐतिहासिक प्रमाण आज भी उपलब्ध नहीं है। प मंगलराम शर्मा इसे अठारहवीं शताब्दी का उत्तरार्द्ध मानते हैं। इनका जन्म सिंहथल ग्राम में श्री भाग्यचन्दजी जोशी के यहां हुआ। ये बाल्यकाल से ही अतीव तीक्ष्ण बुद्धि के थे। योगाभ्यास और आत्मचिन्तन की ओर आरम्भ से ही इनकी प्रवृत्ति थी। आपने एक हितैषी रामसर निवासी श्री उदयारामजी की प्रेरणा से पूज्य श्री जैमलदासजी महाराज से आपका सम्पर्क हुआ। इन्हीं से आपने आषाढ़ कृष्णा १३ वि सं १८   में दीक्षा ग्रहण की। आचार्य श्री हरिरामदासजी महाराज ने स्वयं इसका उल्लेख इस प्रकार किया है—

हरिया संवत सत्रहसो बरस अर्द्ध को जान।
तिथि तेरस आसाढ़ बद सतगुरु पद्यो निसाण॥
(अमर निसाणी)

अपने गुरु द्वारा साधना-मार्ग का निरन्तर लाभ प्राप्त करने के लिये १४ मील की पैदल यात्रा करके आप प्रति सन्ध्या सिंहथल से दुलचासर ग्राम आया करते थे। पूज्य गुरु ने इन्हें सिंहथल में ही रह कर अपनी साधना को समुन्नत करने का आदेश दिया। गुरु आज्ञा से आप सिंहथल में ही रह कर साधना करने लगे। पश्चात् हर सातवें दिन जाकर गुरु-दर्शन करते। आपका साधना-क्रम इस प्रकार चलता रहा और कुछ वर्षों में ही आप पूर्ण सिद्ध योगी हो गये। यह उच्च कोटि के कवि भी थे। आपने योग-पथ की स्वानुभूतियों से पूर्ण उत्कृष्ट वाणी का सृजन किया जो राजस्थानी सन्त-साहित्य की अमूल्य निधि है।

वि सं १८३५ चैत्र शुक्ला ७ को आप अपने पार्थिव शरीर का परित्याग कर के ब्रह्मलीन हो गये। आपके शिष्य निम्नानुसार हुये—

१ श्री नारायणदासजी महाराज (वि सं १८ १ १८३३) उदसर (बीकानेर)
२ ,, बिहारीदासजी महाराज (वि सं १८२१ १८३५) सिंहथल (बीकानेर)
[आप आचार्य श्री के जीवनकाल में ही परमधाम को प्राप्त हो गये थे।]
३ ,, रामदासजी महाराज (१८ १ १८५५) खेड़ापा (जोधपुर)
४ ,, लक्ष्मणदासजी महाराज पुष्कर
५ ,, आतूरामजी महाराज लालमदेसर (बीकानेर)
६ ,, अमीरामजी महाराज सिंहथल (बीकानेर)
७ ,, देवीदासजी महाराज सिंहथल (बीकानेर)

श्री सिंहथल पीठ की अद्यावधि आचार्य परम्परा निम्नांकित है—

श्री १ ८ श्री हरिदेवदासजी महाराज
|
श्री मोतीरामजी महाराज
|

श्री १०८ श्री रघुनाथदासजी महाराज
|
,, श्री चेतनदासजी महाराज
|
,, श्री रामप्रतापजी महाराज
|
,, श्री चोकसरामजी महाराज
|
,, श्री रामनारायणजी महाराज
[आपने कुछ वर्ष पूर्व अपूर्व त्याग का प्रदर्शन करते हुये गादी का त्याग कर दिया था।]
|
,, श्री भगवत्दासजी महाराज (वर्तमान पीठाधीश्वर)

हम ऊपर लिख आये हैं कि प्रस्तुत वाणी-ग्रथ के कर्ता पूज्यपाद श्री रामदासजी महाराज पूज्यपाद श्री हरिरामदासजी महाराज के ही शिष्य थे। यद्यपि इनके कुल ७ शिष्य थे किन्तु पूज्य रामदासजी महाराज के तपस्वी जीवन मे कुछ ऐसा वैशिष्ट्य था कि स्वयं गुरु इनका विशेष समादर करते थे। पूज्य रामदासजी महाराज को भी अपने साधना-काल मे ईश्वरीय आदेश प्राप्त हुआ था। श्री दयालजी महाराज ने अपनी काव्यकृति 'परची' मे इसका उल्लेख इस प्रकार किया है—

प्रकट शब्द एक ऐसो हुयो, दृष्टि न आवत श्रवण लयो।
रामदास पथ चले तुमारो, सत्य वचन यह सदा हमारो॥

उपरोक्त पद्यांश की पंक्ति 'रामदास पथ चले तुमारो, सत्य वचन यह सदा हमारो' में पूज्य रामदासजी महाराज को ईश्वर का स्पष्ट आदेश है। इसी ईश्वरीय आदेश से जनता का उद्धार करने के लिये आचार्य श्री ने खेडापा पीठ की स्थापना की तथा अपने अलौकिक प्रभाव से देश के कोने-कोने मे धर्म का प्रचार किया।

पूज्यपाद श्री रामदासजी महाराज का जीवन-वृत्त

इस अनुभव वाणी के रचयिता आचार्य श्री रामदासजी महाराज के जीवन-वृत्त-सम्बन्धी सामग्री रामस्नेही सम्प्रदाय के साहित्य-ग्रथो[1] मे विस्तार से प्राप्त होती हैं। अन्त-र्साक्ष्य के रूप मे आचार्य श्री ने स्वय अपनी वाणी मे कई स्थलो पर आवश्यक संकेत दिये हैं। राजस्थान के, विशेषकर मारवाड के इतिहास-ग्रथो में भी आचार्य श्री का उल्लेख हुआ है। उन सब के आधार पर जो आधिकारिक सामग्री और तथ्य हमें उपलब्ध हुये हैं वे संक्षेप मे नीचे प्रस्तुत हैं।

---

[1] (१) पूज्यपाद श्री दयालजी महाराज द्वारा रचित 'परची'।
(२) पूज्य हरिदासजी द्वारा रचित 'आचार्य चरितामृत'।

वि. सं. १७८१ के फाल्गुन कृष्णा ११ को आचार्य श्री ने जोधपुर जिले के बीकमकोर नामक ग्राम में एक वैष्णवधर्मी किसान परिवार में जन्म ग्रहण किया। यह ग्राम जोधपुर नगर से ४ मील दूर जोधपुर पोकरन रेलवे लाइन पर स्थित है। आचार्य श्री के पिता का नाम बाबू भक्ती था और माता का नाम अणभी देवी।

सन्तान न होने के कारण यह दम्पत्ति विशेषकर अणभी देवी बहुत दुखी रहा करती थी। पति-पत्नी में अपूर्व प्रेम था—दोनों ईश्वर के भक्त थे। ऐसी मान्यता है कि आचार्य श्री इस दम्पत्ति को भगवत्-कृपा के प्रसादस्वरूप ही प्राप्त हुये थे। बड़े प्रेम से इस बालक का नाम रामो रखा गया।

'होनहार बिरवान के होत चीकने पात' कहावत को सार्थक करते हुये यह बालक अपने अवतारी चरित्र के चमत्कार अपने बाल्यकाल में ही दिखाने लगा। इन चमत्कारों को लेकर अनेक किंवदन्तियाँ आज भी रामस्नेही सम्प्रदाय के अनुयायियों में प्रचलित हैं। सर्प से खेलना भगवान राम के चित्र को देख कर मंत्रमुग्ध हो जाना देवी की पूजा के बलि-दृश्य से उस पूजा के विद्रोही हो जाना आदि विशिष्ट घटनायें इनके बाल्यकाल में ही घटित होने लगी थी।

जब यह ५-६ वर्ष के थे तभी दुर्भाग्य से इनकी स्नेहमयी माता का वात्सल्य इनसे छिन गया। इस घटना से श्री बाबू भक्ती को भी बहुत आघात लगा फलस्वरूप वे गांव छोड़ कर खेड़ापा (जोधपुर) में रहने लगे। यहीं बालक रामो के विद्याध्ययन का प्रारम्भ हुआ। गांव की पाठशाला में जाकर थोड़े से समय में ही इन्होंने अपनी कुशाग्र बुद्धि का परिचय दे दिया। पाठशाला में जो भी विषय पढ़ाये गये उनमें यह निष्णात हो गये। खेलने में इनकी कोई प्रवृत्ति नहीं थी। मित्र के नाम पर बस एक ही बालक केसरी था जो इनका मौसेरा भाई भी होता था।

तभी एक और दुर्घटना घटी—वह थी सर्पदंश से पिता की आकस्मिक मृत्यु। इस विपत्ति ने बालक रामो का हृदय विदीर्ण कर दिया जीवन की नश्वरता का निर्दय पाठ इस प्रकार इन्हें बहुत ही छोटी आयु में विधाता ने दे दिया।

गांव में प्रचलित अन्धविश्वासपूर्ण पंचपीर-उपासना ने अब इन्हें भी आकृष्ट किया और अपने अशान्त तथा निराश मन को किसी प्रकार आश्वस्त करने के लिये ही यह उपासना करने लगे। थोड़े ही समय में इन्हें सिद्धि भी प्राप्त हो गई। यह अपने निकटवर्ती प्रदेश में इन सांसारिक सिद्धियों के कारण विख्यात भी होने लगे। इन्हीं दिनों इन्हें एक बार यमदूत के दर्शन हुये। इस दृश्य से वे अत्यन्त भयभीत हुए। अपने इष्ट पंचपीरों का इन्होंने बहुत स्मरण किया परन्तु उनके द्वारा इनका भय निवृत्त नहीं हुआ। भगवत्-कृपा से इनको उसी समय भगवान के नाम का स्मरण हो गया और उसी नामोच्चारण से इनका सारा भय स्वप्न की तरह दूर हो गया। इस घटना से इनका मन पंचपीरों की उपासना से विमुख हो गया एवं सिद्धि के अन्य मार्ग को ढूंढने के लिये भटकने लगा।

इस प्रकार इनका प्रारम्भिक साधक जीवन कठिन संघर्ष और ऊहापोह में से गुजरा। आत्मज्ञान की पिपासा इनमें बाल्यकाल से ही बहुत तीव्र थी। परमतत्त्व की गवेषणा में यह

भ्रमित से भटकते रहे। कभी मन्त्रोपासना और कभी हठयोग की साधना—इन्हें सामयिक सिद्धियाँ भी मिलती गईं। इस प्रकार इन्होने १२ गुरु वनाये किन्तु साधना का चरम लक्ष्य—आत्मानद प्राप्त नही हुआ।

साधनाक्रम मे इन्होने परिव्राजक, औघड आदि कई वेष धारण किये। औघड वेष मे यात्रा करते हुये ये एक बार बीकानेर पहुँचे तो वहाँ एक अन्य सहृदय भक्त से इनकी भेंट हो गई। आचार्य श्री हरिरामदासजी महाराज द्वारा विरचित 'रेखता' जिसकी एक पक्ति नीचे दी जा रही है, आपको उस भक्त ने सुनाई—

"अगम अगाध में ज्ञान पोथी पढ्या
भर्म अज्ञान कू दूरी डार्‌या"

इस पक्ति को सुनते ही वे गद्‌गद् हो गये—उनके हृदय मे नया प्रकाश फैल गया और उन्होंने सिहथल की ओर प्रस्थान किया। वहा पहुचते ही वे आचार्य श्री हरिरामदासजी महाराज के चरणो मे गिर गये। आचार्य श्री ने इनके मुख-मण्डल की तेजोराशि देखी—वे बहुत प्रभावित हुये। उन्हें लगा कि शायद परब्रह्म ने ही ऐसा विधान किया है। पूज्य रामदासजी महाराज ने आचार्य श्री हरिरामदासजी महाराज के समक्ष परमतत्व के साक्षात्कार की अपनी इच्छा प्रकट की। वि० स० १८०९ वैसाख शु० ११ को गुरुदेव ने इन्हे दीक्षित किया और रामनाम के महत्व को इन शब्दो में समझाया—

जन मन बन नहिं कर सके, कलिमल गज पैसार।
उभयसिंह गर्जत रहे, नाथ रकार मकार॥

दीक्षा के पश्चात् इनका नया नाम गुरु ने रामदास रखा। एक सच्चे रामस्नेही की जीवन और साधना-पद्धति का पूरा ज्ञान भी गुरु ने इन्हें कराया।

अब गुरु से आज्ञा लेकर यह मेलाना (जोधपुर) गाव के बाहर रामनाम-तारक मत्र की साधना करने लगे। एकान्त साधक और अयाचक योगी के रूप मे यह इनका अत्यन्त कठिन तप था। वि० स० १८१२ मे मारवाड मे पडे भयकर दुर्भिक्ष के समय आप इसी गाव मे तपस्या कर रहे थे। अपनी साधना की प्रगति से गुरुदेव को अवगत कराने के लिये यह समय-समय पर सिंहथल चले जाते थे। अपनी साधना में इन्हें कई प्रकार के कष्ट उठाने पडे। साधना की कई अवस्थाओ को पार कर अब यह रागात्मिका-भक्ति के द्वार पर आ गये थे। रसना, कठ एव हृदय के कमल को विकसित कर के इन्होने नाभि मे शब्द की गति को स्थित कर लिया था। प्रिय (परात्पर ब्रह्म) से भेंटने के लिए आत्मा (साधक) अत्यन्त व्याकुल हो गई थी। विरह की ज्वाला मे वे निरन्तर जलने लगे थे—

अन्तर दाझण अति घणी, पिंजर करे पुकार।
नेत्र रोय राता किया, तो कारण भरतार॥
विरह आय घायल किया, रोम रोम मे पीर।
रामदास दुखिया घणा, हृदय खटूके तीर॥

इसी अवधि में एक और ऐतिहासिक घटना घटती है। माधोजी सिन्धिया की सेनायें मारवाड़ के अन्य गाँवों को लूटती-खसोटती मेलाना पर भी आक्रमण करती हैं। इस गाँव का ठाकुर नारखानसिंह आचार्य श्री का परम भक्त था। वह दौड़ा हुआ परामर्श के लिये आता है। आचार्य श्री उसे आक्रमण का सामना करने के लिये उत्साहित करते हैं। सिन्धिया की सेना बहुत बड़ी किन्तु आचार्य के आशिर्वचनों से नारखानसिंह अकेला सेना के सामने आता है। सिन्धिया की सेना का सेनापति उसके अदम्य साहस को देख कर उसे अपना भाई बना लेता है। यह भी आचार्य श्री का एक ऐसा चमत्कार है कि सिन्धिया की सेना का सेनापति भी आचार्य से बड़ा प्रभावित होता है और मारवाड़ के किसी ग्राम पर आक्रमण न करने का संकल्प लेकर लौट जाता है।

हम पीछे एक स्थान पर लिख आये हैं कि ध्यानावस्था में आचार्य श्री को साक्षात् राम के दर्शन हुये और उनके कानों में एक दिव्य-ध्वनि भी हुई 'उपदेश के द्वारा मेरी परम भक्ति का प्रचार करो।

इस दिव्यप्रेरणा के पश्चात् वे पुनः देशाटन करने लगे। मेवाड़ मालवा और मारवाड़ के अनेक गाँवों में घूम-घूम कर आचार्य ने राम-भक्ति का प्रचार किया—अनेक शिष्य बनाये।

पाछोप भी ये काफी समय तक रहे और यहीं नीसर तालाब के ऊपर इन्हें एक छत्री में साधना का परम-तत्त्व निर्विकल्प समाधि की अवस्था प्राप्त हुई।

वि सं १८२२ से यह पुनः खेड़ापा में स्थायी रूप से विराजने लगे। अपने गुरु पूज्यपाद श्री हरिरामदासजी महाराज से प्रार्थना कर उन्हें खेड़ापा में बुलाया। फा सु ४ सं १८२ में उन्हीं के आदेश से रामस्नेही सम्प्रदाय के पीठस्थान की स्थापना यहाँ की गई। आज यह स्थान रामस्नेही सम्प्रदाय के भक्तों और अनुयायियों का प्रमुख तीर्थ बना हुआ है।

आचार्य श्री में अपने गुरु के प्रति अनन्य भक्ति थी। यद्यपि इन्हें परमतत्त्व का ज्ञान हो गया था किन्तु अपने गुरु से मिलने के लिए यह सदैव व्याकुल रहा करते थे। रामस्नेही सम्प्रदाय के मूलभूत सिद्धान्तों—गुरुभक्ति शीलसहित रामस्मरण एवं संत सेवा का आपने प्राणपण से पालन किया एवं जीवन भर प्रचार किया।

वि सं १८४ के फाल्गुन सु १ को एक और दुखद घटना घटती है। उस समय मारवाड़ में महाराजा विजयसिंहजी राज्य करते थे वे स्वयं तो बड़े ही धर्मपरायण नरेश थे किन्तु भी आचार्य द्वारा सत्कार न पाने से क्रुद्ध होकर इनके गुरु ने उन्हें यह कह कर बहकाया कि खेड़ापा में पाखण्ड पंथ का प्रचार हो रहा है वहाँ चारों वर्णों के लोग साधु बन कर जगह जगह उपदेश दे रहे हैं। मूर्तिपूजा का खण्डन किया जा रहा है धर्म का नाश हो रहा है आदि आदि। इस पर महाराजा ने बिना सत्यासत्य का पता लगाये आचार्य श्री को तत्काल ही मारवाड़ से बाहर निकल जाने का आदेश दे दिया। आदेश पाते ही आचार्य श्री अपने गुरुदेव की वाणी—पुस्तक छड़ी एवं कंबल तथा अन्य सब कुछ वैसा ही छोड़ कर अपनी पर्णशाला शिष्य मण्डली के साथ मारवाड़ की भूमि से बाहर निकलने के लिए चल पड़े।

इस घटना का उल्लेख श्री दयालजी महाराज की परची मे किया गया है—

हाथ छडी गुरुदेव की, कर्वलि गुरु अस्थान।
बैठे ज्योंही उठि चले, हरिधन जीवन प्रान॥
राम धणी जासों बणी, राम राज तह सत।
तेरी सैंठी राखियो, भगवत की भगवंत॥

मारवाड के बाहर निकलने के पश्चात् रामभक्ति का उपदेश देते हुए यह कई राज्यों मे भ्रमण करते रहे। सभी स्थानो पर इनका अत्यधिक सत्कार हुआ। अपनी योगसाधना, तपस्वी आचरण के चमत्कारो से इन्होंने सर्वसाधारण जनता, श्रीमन्तो और राजाओ को अभिभूत किया। मेवाड प्रातान्तर्गत देवगढ के चूडावत एव करेडे के नृप राजा गोपालसिहजी आदि ने आचार्यपाद का शिष्यत्व स्वीकार किया।

देश-निष्कासन के काल मे जब आचार्य श्री बीकानेर राज्य मे धर्म-प्रचार कर रहे थे तब उन्हीं दिनो बीकानेर मे महाराजा सूरतसिहजी राज्य कर रहे थे। वे बडे निर्दय और कठोर शासक थे—राज्यप्राप्ति के लिए इन्होंने अपने परिवार के सदस्यो की हत्या तक की थी। आचार्य श्री के महान प्रभाव से यह भी प्रभावित हुए और बीकानेर मे उनका चातुर्मास कराया। नरेश ने आचार्य श्री का उपदेश ग्रहण कर शिष्यत्व भी स्वीकार किया। उस समय चातुर्मास मे बीकानेर मे घोर दुर्भिक्ष पडा। निंदको को आचार्य श्री की निंदा करने का अच्छा मौका मिला और वे आपकी खूब निंदा करने लगे। सत महापुरुष लोक की मगलकामना किया करते हैं—प्राणियो का दु ख उनसे नही देखा जाता। आचार्य श्री ने भगवान से जलवृष्टि के लिए प्रार्थना की—

मेह बरसाओ बापजी, दुनिया पावै दुख।
रामदास की वीनती, जन उपजावै सुख॥

और तत्काल ही भगवान ने इस लोक-सेवी सत की प्रार्थना सुनी। वर्षा हुई और प्राणियों का सन्ताप दूर हो गया—

मेह बूठा हरिया हुआ, भाज गया भव काल।
रामदास सुख ऊपज्या, जह तह भया सुकाल॥

आचार्य श्री के देश-निष्कासनस्वरूप मारवाड मे दुष्कर काल पडा और भयकर उत्पात होने लगे। माधोजी सिन्धिया तुकोजी के साथ पुन मारवाड पर आक्रमण कर बैठे। इस आक्रमण का सामना करने के लिए बीकानेर, जोधपुर और किशनगढ की सेनायें मेडता मे एकत्र होने लगी। अजमेर और परवतसर पर मराठों का अधिकार हो गया। जोधपुर नरेश श्री विजयसिह की सेनाओ को अकेले छोड कर बीकानेर और किशनगढ की सेनायें अपने राज्यो मे किसी कारण से वापिस लौट गईं। इधर माधोजी सिन्धिया किसी प्रकार जोधपुर के किले पर अधिकार करना चाहते थे। अस्तु, महाराज विजयसिहजी ने मराठो से समझौता कर लेना ही उचित समझा। विपुल धनराशि और भूमि देकर इस सकट को टालना पडा।

जब से आचार्य श्री मारवाड़ से निष्कासित होकर पधार गये थे तब से जोधपुर नरेश की आन्तरिक राज्यव्यवस्था भी विक्षुब्ध हो रही थी। प्रेयसी गुलाबराय को लेकर पारिवारिक कलह राज्य के सामन्त सरदारों का असन्तोष आदि कारणों से महाराजा बड़े दुखी रहने लगे थे। सरदारों के षड़यन्त्रों के कारण शासनाधिकार इनके हाथ से छिन गया और यह एक विवश व असहाय व्यक्ति के रूप में जीवन व्यतीत करने लगे। यह सोचने लगे कि मेरे दुखों का कारण क्या है ? आपके अन्तरंग सहायक चडावस ठाकुर श्री हरिसिंहजी ने भी कहा राजन्! यह सब आचार्य श्री रामदासजी महाराज के प्रति कटु व्यवहार का प्रतिफल है।

महाराज को अपने इस कुकृत्य पर बड़ा आत्म-पीड़न हुआ और उन्होंने तुरन्त ही आचार्य श्री के पास जो उस समय बीकानेर में धर्म-प्रचार कर रहे थे दूत भेजे और क्षमा याचना की तथा उन्हें तत्काल ही पुन मारवाड़ में पधारने का भावभरा निवेदन पत्र भी भेजा। श्री दयालजी महाराज ने नरेश के प्रार्थना-पत्र का इस प्रकार प्रत्युत्तर दिया—

जब कहियो आवो परा कारज कोम प्रवेश।
अब कहियो आवो इहां कुछ राज विशेष॥
हम दुखी करता किसा मुंडी अमूं करंत।
जो आछी करता नृपति सोई सिरे धरंत॥

(श्री दयाल कृत 'परची)

नरेश ने पुन बीकानेर नरेश के द्वारा आपसे मारवाड़ में पधारने की प्रार्थना की। सन्त करुणामय होते हैं। जोधपुर नरेश के इस पश्चाताप पर उन्हें करुणा हो आई और राज्य में लौट आने का आश्वासन दे दिया। अपने गुरुधाम सिंहथल के दर्शन कर वि स १८४१ की कार्तिक कृष्णा १४ को यह अपनी भक्तमण्डली के साथ खेड़ापा लौट आये।

मारवाड़ की स्थिति उस समय बड़ी नाजुक थी। चारों ओर लूटखसोट और अराजकता फैली हुई थी। आचार्य श्री के मारवाड़ की सीमा में पदार्पण करते ही इनकी अलौकिक शक्ति से सर्वत्र शान्ति छा गई और सामन्त सरदार एक होकर महाराजा को सहयोग देने लगे। महाराज पुन सिंहासनारूढ हो गये। इस प्रकार राज्य में पुन शान्ति स्थापित हो गई। इतिहास-ग्रंथों में यह प्रमाण मिलते हैं कि महाराजा ने आचार्य श्री से खेड़ापा पीठ के लिये जागीरी के रूप में कई गांव स्वीकार करने की प्रार्थना की थी किन्तु आचार्य ने बहुत ही सुन्दर उत्तर दिया—

और पट्टा दिन चार का यह भी उतर जाय।
राम पटा है रामदास दिन दिन दूणा थाय॥

अब आचार्य श्री अपने धाम पर ही विराजने लगे थे। इन्हीं दिनों में एक बार और अपने परम शिष्य पीथोदासजी के देहावसान होने पर शिष्य कनीरामजी का आग्रहपूर्ण निमंत्रण पाकर आप रतलाम पधारे। इनके तपोनिष्ठ व्यक्तित्व और उपदेश से प्रभावित होकर रतलाम के नरेश भी इनके शिष्य बन गये।

मालव प्रान्त के अन्य गांवों में भ्रमण करके आचार्य श्री ने रामभक्ति का प्रचार किया। अपने इसी प्रवास-काल में अन्य अनेक निर्धन और कर्मठ व्यक्तियों को इन्होंने

भगवद्भक्त बना दिया। दातारिया ग्राम के ठाकुर सालमसिंह और मालवा का भय सारगा डाकू भी इनके चरणो मे आकर श्रद्धानत हो गये। यह सब आचार्य के तप और साधना का ही बल था।

वि० स० १८५५ के आषाढ कृष्णा ७ मगलवार को आचार्य श्री ने खेडापा मे ही देह-लीला सवरण करके निर्विकल्प समाधि लगाई।

आचार्य श्री का साधना पथ निरापद नही रहा। निन्दको ने अनेक प्रकार के आरोप इन पर लगाये, दुष्टो ने अनेक प्रकार की बाधायें इनके भक्ति-मार्ग पर उपस्थित की, यहाँ तक कि राज्य के नरेश को बहका कर इन्हें देशनिष्कासित भी करवाया, पडितो ने इन्हें शास्त्रार्थ मे परास्त करना चाहा किन्तु यह अपने साधना-पथ पर हिमालय की भाँति अडिग रहे। महानता का पथ विपत्तियो और बाधाओ से ही प्रशस्त होता है। भर्तृहरि ने निम्नाकित श्लोक मे इसी भाव को व्यक्त किया है—

निदन्तु नीतिनिपुणा यदि वा स्तुवन्तु
लक्ष्मी समाविशतु गच्छतु वा यथेष्टम
अद्यैव वा मरणमस्तु युगान्तरे वा
न्यायात्पथ प्रविचलति पद न धीरा

सस्कृत की एक प्रसिद्ध काव्यकृति सूक्ति-पदावली मे एक सूक्ति है जिसका भावार्थ इस प्रकार है—काव्य रचना, व्याकरण, न्यायशास्त्र, सिद्धान्त, बीज शास्त्र, ज्योतिष-विद्या मे निपुण अनेक आचार्य होते हैं किन्तु चरित्र मे जो निपुण हो वैसे आचार्य विरले ही होते हैं। आचार्य श्री रामदासजी महाराज के समग्र जीवन से यह ध्वनि निकलती है। यही कारण था कि तीव्र विरोधो के बावजूद भी लक्ष-लक्ष लोगो की श्रद्धा उनमे रही। पडित और अज्ञानी शासक और शासित, श्रीमन्त और निर्धन, भद्र और अभद्र, धार्मिक और अधार्मिक सभी आचार्य के पावन चरणो मे बैठ कर ज्ञानलाभ करके अपने को कृतार्थ मानते थे। इनकी लोक-प्रसिद्धि का सब से बडा प्रमाण यही है कि इनकी अनुभव बाणी आज भी श्रद्धालु भक्तजनो मे रामचरित मानस की भाति समादृत है।

पूज्य श्री आचार्य चरण के अनेक शिष्य थे, उनमे से ५२ प्रसिद्ध हैं। आचार्य श्री के ये सभी शिष्य थाभायत महन्त कहलाये—शिष्यो की नामावली निम्नानुसार है—

१ श्री गगारामजी महाराज (बडलू)
२ ,, कान्हडदासजी महाराज (बालीसर)
३ ,, हरजीदासजी महाराज (खेडापा)
४ ,, हेमदासजी महाराज (जैतारण)
५ ,, मनीरामजी महाराज (बडलू)
६ श्री पीथोदासजी महाराज (रतलाम)
७ ,, अज्ञानदासजी महाराज (कालाऊना)
८ ,, निर्मलदासजी महाराज (पाली)
९ ,, हरिदासजी महाराज (अटिया)
१० ,, बल्लूरामजी महाराज (देवातडा)

११ श्री लालदासजी महाराज (डांगियास)
१२ „ प्रेमदासजी महाराज (समदड़ी)
१३ „ मुलारामजी महा (बामर जोधपुर)
१४ रामोदासजी महाराज (नीमाज)
१५ „ मनीरामजी म (मोटावत मालवा)
१६ सेवादासजी महाराज (जोराबड़)
१७. „ बाभूरामजी महाराज (नसीराबाद)
१८ „ रूपरामजी महाराज (कुचीवाड़ा)
१९ „ कानूरामजी म (मकरां मालवा)
२० „ संमरामदासजी म (ईडर, गुजरात)
२१ „ गोविन्दरामजी महाराज (चतरखेड़ा होशंगाबाद)
२२ „ सहजरामजी महाराज (बीकानेर)
२३ परसरामजी म (सूरसागर, जोधपुर)
२४ परमदासजी महाराज
२५. „ वस्तारामजी महाराज (सीतरी)
२६ पूरणदासजी महाराज (नागासनी)
२७ „ कुपामदासजी महाराज (बीकानेर)
२८ „ लालारामजी महाराज (चंटालिया)
२९ „ मेघोरामजी महाराज (चांचोड़िया)
३० देवोरामजी महाराज (चांचोड़िया)
३१ „ चीमारामजी महाराज (समदड़ी)

३२ श्री उदयरामजी महाराज (खेड़ापा)
३३ रामदासजी महाराज (बीकानेर)
३४ सांवतरामजी म (जामाराबाद)
३५. बसंतरामजी (पांचोड़ी)
३६ रूपरामजी महाराज (खेड़ापा)
३७ „ दौलतरामजी महाराज (जोयल)
३८. „ दौलतरामजी महाराज (जोयल)
३९ „ हरिदासजी महाराज (खेड़ापा)
४० „ सांईदासजी महाराज (मालीणा)
४१ „ सवारामजी महाराज (रामसजाला)
४२ चतुरामजी महाराज (जोधपुर)
४३ हरिवल्लभदासजी म (बनासपुरा)
४४ माधवदासजी महाराज (खेड़ापा)
४५ मघोरामजी महाराज (खेड़ापा)
४६ भोजरामजी महाराज (खेड़ापा)
४७ „ दईदासजी महाराज (खेड़ापा)
४८ दौलतरामजी महाराज (खेड़ापा)
४९. „ पुष्करदासजी महाराज (कुचीग्राम)
५० समरथरामजी महाराज (खेड़ापा)
५१ रूपरामजी महाराज (खेड़ापा)
५२ „ माधवदासजी महाराज (खेड़ापा)

श्री
सम्प्रदायाचार्य
राम
प्रधानपीठ खेडापा जोधपुर

प्रधान पीठ के पूज्य आचार्यों की परम्परा निम्नांकित है—

श्री १००८ श्री दयालजी महाराज

|

,, श्री पूर्णदासजी महाराज

|

,, श्री अर्जुनदासजी महाराज

|

,, श्री हरलालदासजी महाराज

|

,, श्री लालदासजी महाराज

|

,, श्री केवलरामजी महाराज

|

,, श्री हरिदासजी शास्त्री—वर्तमान पीठाधीश्वर

हमने ऊपर सक्षेप मे रामस्नेही सम्प्रदाय और उसके मूलाचार्य, सस्थापक और प्रवर्तक के परिचय दिये जो इस सम्प्रदाय की साधना-पद्धति और दर्शन को ठीक-ठीक समझने के लिये आवश्यक है।

रामस्नेही—रामस्नेही शब्द का अभिधार्थ तो यही है कि वह कोई भी व्यक्ति जो भगवान राम मे स्नेह और भक्ति रखता है रामस्नेही है किन्तु सम्प्रदाय मे आकर यह कुछ रूढ और तात्विक हो गया है। रामस्नेही सम्प्रदाय के अनुयायी का ससार के प्रति निर्वेद का भाव होता है। राम ही उसके जीवन का एकमात्र केन्द्रबिन्दु होता है—उसकी सारी कामनायें, साधनायें और जीवन के काय-व्यापार राम को ही समर्पित होते हैं। रामस्नेही का राम दाशरथी नही—वह तो सृष्टि के कण-कण मे व्याप्त परब्रह्म ही है—ऐसा परब्रह्म जो आगे चल कर ररकार मात्र रह जाता है। ऐसे भक्त मे राम के प्रति सहज रागानुभक्ति होती है। इसीलिये वह 'रामस्नेही' कहलाता है। निर्गुण राम का नामस्मरण ही रामस्नेही अपनी मुक्ति का सर्वश्रेष्ठ अथवा एकमात्र साधन मानता है।

रामस्नेही सतो के प्रमुख दो भेद होते है—प्रवृत्त और विरक्त। विरक्त के चार भेद माने गये हैं—उपराम, गूदड, विदेह और परमहस। श्री खेडापा रामस्नेही सम्प्रदाय के परमहस मत श्री सेवगरामजी महाराज (सूरसागर) ने विरक्त सत के लक्षण इस प्रकार बताये हैं—

॥ चौपाई ॥

परसराम प्रकट जग माही, विचरत रहे गोप कहु नांही।
जगत भेप सब के मन भावे, भिन्न भिन्न कर सब महिमा गावे ॥ १
जिनकी सगत सन्त अनेका, भक्ति ज्ञान वैराग विवेका।
विरकत वृत श्रवन सुन लीजे, जाके दरश परस अघ छीजे ॥ २
पर इच्छा प्रसाद हि पावे, जो अपने बिन जान्यं आवे।
के जन भवर व्रत कर लेही, ताहीं सू निरभावे देही ॥ ३

यूं कोऊ वस्त्र ले आवे तन ढांकन कर गुजर चलावे।
त्यों आश्रम विचरण मत रहना ज्ञान विचार विचार व कहना ॥ ४
जल पट जल पातर कर धारी यही दया की चाल विचारी।
परइच्छा वस्त्र नहिं लेवे पुनः भोजन पर चित न देवे ॥ ५
फाटो टूटो ओड़ मिलाई यूं तन ढांकन कर बरताई।
घने घरन फिर लावे फेरा आठ पहर में एक ही बेरा ॥ ६
जल पट जल पातर कर साई वृत उपराम कहत है ताई।
पंच चीर की कंथा जोड़े उनमुन रहे जगत मोहे तोड़े ॥ ७
घाट सूं धुमलावे काया महियां रहे परम वैरागा।
ठीकी में कर लावे भीखा बिन मांगी सतगुरु की सीखा ॥ ८
तिनहूं में जल पर जल जाई आतम भाड़ो दे गुजराई।
या पुरुष की विरतो कहावे पुनः निर्मान रहो नहिं चाव ॥ ९
कर अपन नीचे जस लेवे पुनः लंगोट युगत सूं देवे।
देख देख धरती पग धारे वचन विचार विचार उचारे ॥ १०
निश्चल नीर छान कर लावे सिमरण करे सुरत ठहराव।
भोजन द्वै प्रकार करीजे पर इच्छा की भिच्छा कीजे ॥ ११
यह जन कहिये मृत देहा या देही सूं रखे न नेहा।
दसा विसम्बर आतम राजा विचरे भूमि हुम नह कामा ॥ १२
संगत साथ पाय नहिं कोई रहे निसंक शंक नहिं कोई।
ज्यूं कूंजर मद छकियो डोले उनमुन रहे नेक नहिं बोले ॥ १३
भोजन इच्छा विरतो पावे जे कोइ आसरा आय पुगावे।
या बिन परमहंस मृत होई या अपर विरतो नहिं कोई ॥ १४

विश्राम साखी

पंच विरती वैराग की वर्णन कीनो धीर।
परमारथ के कारणे संता धरया शरीर ॥ १

साधना-पद्धति के भेदानुसार उपरोक्त विशिष्टताओं के अतिरिक्त समस्त रामस्नेही साधुओं के लिये कतिपय लक्षण और साधना के नियम बताये गये हैं। यह एक प्रकार से उनकी आचार-संहिता है।

आचार्य श्री दयालजी महाराज ने रामस्नेही संतों के प्रमुख लक्षणों को इस प्रकार बताया है—

राम सनेह काम जप पूरा जामन-मरण काल कम दूरा।
मोह सनेह काम घर परना जाति सनेह चौरासी फिरना ॥
काम क्रोध के लोभ सनेही जामन-मरण उनमान विनेही।
देह अवस्था प्रकृति सनेहा कर्म प्रधान संयोग विनेहा ॥

पाच पचीस सनेह सनेहा, पचकोष मध चितवन देहा।
एता नेह तजे रे भाई, एक प्रीति गुरु-चरण सभाई ॥
रामसनेही जाको नामा, हरिगुरु साधु सगति विश्रामा।
(श्री दयालु परची)

छप्पय

मिलता पारख प्रसिद्ध विमल चित रामसनेही।
नर कोमल मुख निर्मल प्रेम प्रवाह विदेही ॥
दरसण परसण भाव नेम नित श्रद्धा दासा।
साच वाच गुरु ज्ञान भक्ति प्रण मत एक आशा ॥
देह गेह सम्पति सकल हरि अर्पण परमानिये।
जन रामा मन वच कर्म रामस्नेही जानिये ॥ १
खान पान पहिरान निर्मलो दशा सदाई।
सात्विक लेत आहार हिंसा करि है न कदाई ॥
नीर छाण तन वरत दया जीवां पर राखे।
बोलै ज्ञान विचार असत कबहू नहि भाखै ॥
साधु सगति पणव्रत सुदृढ नेम दासा लिया।
रामस्नेही रामदास तन मन धन लेखै किया ॥ २
श्रद्धा सुमरण राम मीन मन राम सनेही।
गुणचाही गुणवन्त लाय लेणै हरि देही ॥
अमल तम्बाकू भाग तजै आमिष मद पानै।
जुआ द्यूत का कर्म नारि पर माता जानै ॥
साच शील क्षमा गहै राम राम सुमरण रता।
रामा भक्ति भावदृढ़ रामस्नेही ये मता ॥ ३
(श्री दयालु वाणी)

इसी प्रकार रामस्नेही साधक के लिए साधना के नियम भी आचार्य श्री दयालजी महाराज ने अपनी 'परची' मे बताये हैं—

भैरव आदि भवानी देवा, प्रथम छाडियो इनकी सेवा।
आन मत्र और सबै बिसारो, राम मत्र एक मुखां उचारो ॥
होका अमल निकट मति लावो, सुरापान आमिष मति खावो।

रामस्नेही के उपरोक्त आचार-धर्म से यह प्रकट हो जाता है कि वह केवल राम का मुखजाप करने वाला भक्त ही नही है अपितु एक विशिष्ट साधक है जिसका एक विशिष्ट जीवन-दर्शन और पद्धति भी है।

भारतीय सन्त-मत मे मध्यम मार्ग को सर्वाधिक स्वीकृति मिली है। सन्त अतिवाद के विरोधी रहे हैं। अतिवाद मे जो सैद्धान्तिक आग्रह होता है वह कभी भी आत्मिक सन्तोष और शान्ति का साधक नही होता। सन्त साहित्य के मर्मज्ञ विद्वान श्री परशुराम

चतुर्वेदी ने कहा है "सन्तों ने प्रवृत्ति एवं निवृत्ति मार्गों के मध्यवर्ती सहज मार्ग को ही अपनाया है और विश्व कल्याण में सदा निरत रहते हुए भूतल पर स्वर्गलोक का स्वप्न देखा है।" रामस्नेही सम्प्रदाय का मूलाधार भी यही मध्यम मार्ग है। आचार्य श्री रामदासजी महाराज ने मध्यममार्ग का महत्व इस प्रकार प्रकट किया है—

रामदास मम अंगुली पकड़ राम विसवास ।
आसपास को दूर कर ज्यूं पावो सुख रास ॥
आसपास को छाड़ दे रहो मध्य तूं लाग ।
रामा आसेपास में दोनूं कीनो त्याग ॥
मध्य आंगुली झालकर, पहुंता सुख की सीर ।
रामदास पंथ अमुल बिच जाहीं अधूरी सीर ॥[1]

रामस्नेही सन्तों के लिये सद्गुरु और सत्संग के निरन्तर सेवन का निर्देश किया गया है। यों यह दोनों ही विषय सन्त-मत के प्राण हैं। हमारी संस्कृति में गुरु और ईश्वर को समान माना है। विभिन्न सम्प्रदायों और संत-मतों के आचार्यों ने सद्गुरु और सत्संग का गुणानुवाद किया है। भारतीय संस्कृति की ऐसी मान्यता रही है कि आध्यात्मिक साधना के पथ पर ऐसा गुरु ही मार्ग प्रदर्शन कर सकता है जिसने इस साधना पथ के समस्त रहस्यों का प्रत्यक्ष अनुभव किया हो। यह पथ बड़ा कठिन है—साधक का बिना गुरुज्ञान के इतस्ततः भटक जाना बहुत सम्भव है। इसी प्रकार सत्संग के निरन्तर सेवन से साधना के लिये अनुकूल वातावरण बना रहता है। आचार्य विनोबा भावे ने कहा है "संतों की जीवन-योजना में आखिरी बात है सत्संग की चाह। सामान्य व्यावहारिक विद्या की प्राप्ति के लिये भी जब उस विद्या के जानकार का सहारा लेना पड़ता है तब आध्यात्मिक साधना में प्रवेश की इच्छा रखने वाले को अनुभवी संत पुरुषों की संगति ढूंढनी ही पड़ेगी।"[3] आचार्य श्री रामदासजी महाराज ने सद्गुरु का साधक के जीवन में महत्व इन शब्दों में प्रकट किया है—

रामदास सतगुरु मिल्या मिलिया राम-दयाल ।
सुखसागर में रम रह्या मेट्या विर्घ जंजाल ॥
गोविन्द तें गुरु अधिक है रामे कह्या विचार ।
गुरु मिलावें राम कूं राम अमर करतार ॥

सत्संग—

साधु-संगति बिन रामदास किनी न पायो राम ।
दुर्संगत सेती जीव कर किता भया बिराम ॥
साधु-संगत सांची सदा झूठी करे न काम ।
रामदास हितकर किया पावे पद विसराम ॥[4]

---

[1] उत्तर भारत की सन्त-परम्परा —श्री परशुराम चतुर्वेदी
अनुभव वाणी—आचार्य श्री रामदासजी महाराज
[3] सन्त सुधासार—श्री वियोगी हरि
अनुभव वाणी—आचार्य श्री रामदासजी महाराज

रामस्नेही सम्प्रदाय का दर्शन —

सन्त साहित्य के अध्येताओ का एक मत यह रहा है कि सन्तो के साहित्य मे किसी व्यवस्थित विशिष्ट दर्शन की धारा को ढूढना अनुचित है। वे लोग शास्त्रज्ञ और पडित नही होते थे। स्वानुभूति ही उनकी प्रधान प्रेरक शक्ति रही है और इसी के बल पर वे अमूल्य विचार वाणी के माध्यम से देते चले गये। डा० पीताम्बरदत्त बडथ्वाल ने भी कहा है, "ये दार्शनिक न होकर आध्यात्मिक महापुरुष मात्र है।"[1] अत सन्त सम्प्रदायो मे अद्वैत, द्वैत, त्रैत, द्वैताद्वैत, विशिष्टाद्वैत और शुद्धाद्वैत ढूढना समीचीन नही। शास्त्र के रूढ व घिसेपिटे ज्ञान के स्थान पर इन्होंने लोकधर्म की प्रतिष्ठा की। अत काका कालेलकर के शब्दो मे यदि यह कहा जाय कि लोक-धर्म में जो अच्छा अश उन्हें मिला, उसी की उन्होने प्रतिष्ठा बढाई और अनिष्ट अश का प्राण-पण से विरोध किया।[2] अपने अनुभव, अपने निरीक्षण और लोक कल्याण के आधार पर उन्होने विशिष्ट सिद्धान्त-निरपेक्ष धर्म चलाया तो अधिक युक्तिसगत होगा। विशिष्ट सिद्धान्त ढूढने की दृष्टि सदैव स्वस्थ नही कही जा सकती। मतो के आग्रह ने कवीर-दर्शन की जो छिछालेदर की है वह विद्वानो से छिपी हुई नही है।

रामस्नेही सम्प्रदाय के दर्शन पर उपरोक्त पृष्ठभूमि मे विचार कर के ही हम किसी निश्चित निर्णय पर पहुच सकते हैं। भारत मे प्रचलित तत्कालीन सन्त सम्प्रदायो की भांति इस सम्प्रदाय के दर्शन मे भी अनेक साधना पद्धतियो का समावेश हुआ है। शकर का अद्वैत, रामानुज का विशिष्टाद्वैत, नाथ और सिद्धो का योग, वैष्णवो की सगुणोपासना और सूफियो का प्रेममार्ग—सभी इस सम्प्रदाय के दर्शन मे समाविष्ठ हुये हैं। इस सम्प्रदाय मे ही ऐसा हुआ हो सो वात नही। देखा जाय तो सन्त-मत की यह सामान्य प्रवृत्ति रही है। इसके सम्बन्ध मे श्री विनोबा भावे ने कहा भी है, "हमारे सन्तो की पाचन-शक्ति प्रखर होने के कारण ये सारे भिन्न-भिन्न दर्शन उनको विरोधी नही मालूम होते, बल्कि इन सबको वे एक साथ हजम कर लेते हैं।"[3]

रामस्नेही सम्प्रदाय के आचार्य और सन्त भी बडे उदार रहे हैं और जहा जिस साधना-पद्धति मे उन्हें अच्छाई लगी उसे बिना किसी पूर्वाग्रह के ग्रहण कर लिया—यह उनकी सारग्राही प्रवृत्ति थी।

भक्ति-साधना की जिन प्रचलित पद्धतियो को इसमे स्वीकृति नही मिली उनका खण्डन अथवा विरोध करने का भाव रामस्नेही सम्प्रदाय के आचार्यों का नही रहा। वह केवल निषेधात्मक प्रवृत्ति है, खण्डनात्मक नही। उदाहरण के लिए इस सम्प्रदाय मे सगुणो-पासना का निषेध किया गया है तो इसका कारण यही रहा है कि रामस्नेही सन्त को सगुणोपासक प्रकृत भक्त' से ऊचे उठने का लक्ष्य दिया गया है। मूर्तिपूजा, तीर्थयात्रा

---

[1] हिन्दी काव्य में निर्गुण सम्प्रदाय—डा० बडथ्वाल

[2] सन्तवाणी—श्री वियोगी हरि

[3] सन्त सुधासार—श्री वियोगी हरि

आदि साधना-पद्धतियों का रामस्नेही मत में भी निरूपण हुआ है। यहाँ तक कि कहीं-कहीं पर कटु आलोचना भी की है किन्तु इस सब के पीछे अपने अनुयायियों को श्रेयस्कर साधना मार्ग का ज्ञान कराने की ही भावना रही है।

हमारे धर्मशास्त्रों में साधक के दो प्रमुख भेद माने गये हैं—एक मस्तिष्कप्रधान अर्थात् तार्किक या ज्ञानमार्गी और दूसरा हृदयप्रधान अर्थात् भक्ति-भावना और श्रद्धायुक्त। वादों से ग्रस्त सम्प्रदायों और साधना-पद्धतियों में अक्सर मस्तिष्क पक्ष की ही प्रधानता होती है—उनका भावना और श्रद्धा का पक्ष प्रायः बहुत दुर्बल होता है।

विश्व के विविध धर्मों (बौद्ध यवन ईसाई आदि) के जन्म के इतिहास का यदि हम अध्ययन करें तो हमें पता लगेगा कि वे सब अपने अपने प्रवर्तक के मस्तिष्क का उत्पादन मात्र हैं। उनमें भी जनहित का भाव सम्मिलित है। हिन्दू धर्म किसी व्यक्ति विशेष की सूझ नहीं अपितु उद्भट आचार्यों एवं भगवान के विशेष अवतारों द्वारा इसका आविष्कार, संस्थापना एवं संरक्षण हुआ है। इस हिन्दू धर्म में निर्गुण-सगुण निराकार-साकार आदि उपासना-पद्धतियाँ हैं। रामस्नेही सम्प्रदाय इसी आविष्कृत हिन्दू धर्म का अंग है किन्तु इसके दर्शन की अपनी मौलिकता है।

रामस्नेही सम्प्रदाय के दार्शनिक धरातल की रूपरेखा संक्षेप में इस प्रकार दी जा सकती है—

१ *रामस्नेही सम्प्रदाय का दर्शन शंकर के अद्वैत और रामानुज के विशिष्टाद्वैत* से प्रभावित है।

२ राम स्नेही सम्प्रदाय में राम के सगुण निराकार रूप का सुमिरण और साधना मानी है। 'यह राम दाशरथी राम नहीं है। यह एक क्षण में अनन्त कोटि ब्रह्माण्ड का सृजन करने वाला है। यह निरंजन ब्रह्म है। यह अचल अलख अजर है। यह अनिर्वचनीय है, सर्वव्यापी है। राम ही परब्रह्म है राम ही परमतत्व है और राम ही ब्रह्म तारक है।" रामस्नेही का राम द्वैत अद्वैत सगुण निर्गुण सभी सीमाओं से परे है। निर्गुण राम के सगुण रूप की आराधना अनेक सन्त-भक्तों में हुई है। रामस्नेही सन्तों की अनुभव वाणी में भी यत्र तत्र राम अवतारी दशरथ का गुणगान मिलता किन्तु इनकी मूल आस्था निराकार-राम में ही है। निर्गुण राम के सगुण रूप की आराधना इसलिए हुई है क्योंकि इस सम्प्रदाय का दर्शन ब्रह्म में दया आनन्द वत्सलता आदि गुणों का स्वीकारता है।

३ रामस्नेही सम्प्रदाय का सिद्धान्त भी 'ब्रह्म सत्यम् जगत् मिथ्या' ही है। कबीर की भाँति रामस्नेही सन्तों ने भी माया की खूब ही भर्त्सना की है। आचार्य श्री

राम एव परं ब्रह्म राम एव परं तपः।
राम एव परं तत्त्वं श्री रामो ब्रह्मतारकम्॥
(राम रहस्योपनिषद्)

रामदासजी के शब्दो मे देखिये—

रामा माया डाकिणी, ढकणाया(डकणायो) ससार ।
काढ कलेजो खायगी, जाकी सुध्ध न सार ।'
मायापासो रामदास, सब नाख्या फद माय ।
तीन लोक कू घेर कर, हरि सू लिया छुडाय ।।

४ रामस्नेही सम्प्रदाय की साधना-पद्धति मे योगशास्त्र की पारिभाषिक शब्दावली का प्रयोग हुआ है। 'सुरति-शब्द-योग' उसमे प्रमुख है। यह एक साधना-पद्धति है। इसकी व्युत्पत्ति और अर्थ के सम्बन्ध मे विद्वान आज भी एकमत नही हैं। रामस्नेही सम्प्रदाय मे सुरति-निरति शब्दो का विशिष्ट प्रयोग हुआ है। यहाँ सुरति शब्द से चित्त की उस विशेष वृत्ति का द्योतन होता है जो ररकार ध्वनि के साथ अबाध रूप से एकाग्र होकर उसमे समाहित रहती है। निरति शब्द मे यहाँ तात्पय उस सहजावस्था से है जहाँ पर मन, बुद्धि, चित्त, अहकार आदि का लय हो जाता है—साधना का अन्त होकर जहा साध्यावस्था प्राप्त हो जाती है।

उपरोक्त सुरति शब्द योग के अनुसार रामस्नेही साधना का मार्ग निम्नानुसार है—

इस सम्प्रदाय मे रामनाम का स्मरण एक विशिष्ट योग-पद्धति से अवलम्बित है। रसना, कण्ठ, हृदय, नाभि आदि स्थानो पर शब्द सुरति की स्थिति होती है इसलिए इस नाम स्मरण की चार कोटियाँ हैं—१ अध (अधम), २ मध (मध्यम) ३ उत्तम, ४ अति उत्तम अर्थात रसना के द्वारा स्मरण अधं स्मरण कहलाता है, कण्ठ के द्वारा मध्यम स्मरण कहलाता है, हृदय के द्वारा उत्तम स्मरण कहलाता है और नाभि के द्वारा अतिउत्तम-स्मरण कहलाता है। नाभि मे जाकर राममत्र के 'मकार' एव 'अकार' जो माया एव जीव के स्वरूप माने जाते हैं केवल 'रकार' रूप होकर परब्रह्म मे लीन हो जाते हैं। नाभि मे शब्द के स्थित होने पर शरीर की सम्पूर्ण रोमावलियो से केवल 'रकार' ध्वनि होती है। नाभि से आगे साधना के द्वारा कुण्डलिनी को जागृत कर, मेरुदण्ड की २१ मणियो का छेदन कर शब्द उर्ध्वगति को प्राप्त होता है। त्रिकुटी मे जाकर यही शब्द सुरति एव निरति के द्वारा ब्रह्म मे लीन हो जाता है। इससे आगे माया का कोई प्रवेश नही है—'जीव' और 'सीव' का यही सम्मिलन है। जीव जीवत्व-मुक्त होकर यहा ब्रह्मलीन हो जाता है एव साधक को योगियों की सी सहज समाधि एव निर्विकल्प अवस्था प्राप्त हो जाती है। यही रामस्नेही सन्त की परम-साध्यावस्था है।

रामस्नेही सम्प्रदाय मे भक्ति एव योग का जो समन्वय हुआ है वह अपना विशिष्ट स्थान रखता है और इस सम्प्रदाय को अपनी इसी मौलिकता के कारण इतर सम्प्रदायो से पृथक करता है।

५ रामस्नेही सम्प्रदाय मे जीवनमुक्त अवस्था को ही मुक्ति माना है। ससार मे रहते हुये, शरीर को धारण करते हुये, मन को निर्जीव कर लेना और ब्रह्म मे लीन

होने की अवस्था ही जीवन्मुक्ति है। आचार्य श्री रामदासजी महाराज ने 'मरजीवा' के लक्षण इस प्रकार बताये हैं—

> ग्रोर सार पूछे नहीं जम की तजी पिछाण।
> रामदास मरतग भया लगे न जम का बाण॥
> रामदास जन अमरथा अम्मर बूटी पाय।
> जीवत-मरतक हुय रह्या साँई सरण समाय॥
>
> (अनुभव वाणी)

वाणी का साहित्यिक मूल्यांकन—

सन्त-साहित्य का मूल्यांकन शास्त्रीय मापदण्डों पर करना उचित नहीं। साहित्य के सम्बन्ध में सन्तों की मान्यतायें पृथक रही हैं। छन्द अलंकार और भाषा-शास्त्र की सूक्ष्मताओं की गहराई में यह नहीं गये। ऐसी परिस्थिति में यदि आलोचक साहित्य-सिद्धान्तों का आग्रह करें भी तो इसमें कोई औचित्य नहीं। श्रद्धेय श्री वियोगी हरि ने आलोचकों की इस मनोवृत्ति के सम्बन्ध में कहा है "मैंने देखा कि रीति-ग्रन्थों का फीता लेकर वे साहित्यालोचक संत-वाणी का असीम क्षेत्रफल निर्धारित करने गये थे—जोकोर बँधे हुये तालाब पर धीरे धीरे सरकती हुई नौका जैसे असीम अनन्त सागर के बिखरे वैभव को नापने पहुँची थी।

सन्तों ने जो कुछ लिखा वह जन-समाज के लिये लिखा। भावों का प्रकाशन ही उसमें प्रधान हुआ है और भाषा का प्रयोग गौण। यही कारण है कि भाषा व्याकरण और काव्यशास्त्र सम्बन्धी अनेक असंगतियाँ इस साहित्य में उपलब्ध होती हैं किन्तु साहित्य जीवन के लिये के सिद्धान्तों का जितना अनुसरण इस साहित्य में हुआ है उतना अन्यत्र उत्कृष्टतम व प्रगतिशील कहे जाने वाले साहित्य में भी दृष्टिगोचर नहीं होता। लोक-हृदय को स्पर्श करने की शक्ति सन्तों में अपूर्व रही है और इसका कारण यही रहा है कि समाज-हृदय से वे कभी दूर नहीं हुये। लोक भाषा में सरस से सरस अभिव्यक्ति से सन्तों ने अपने अनुभव कहे और व लोक-मानस को बिना किसी चेष्टा के ग्राह्य हो गये। साहित्य की सार्थकता की इससे अधिक उत्तम कसौटी और क्या हो सकती है ? यह आरोप कि "इन संतों की अटपटी रचनाओं में न तो साहित्यिक सरसता है न संगीत की लय है और न कला की ऊँची अभिव्यंजना ही और भाषा भी इनकी ऊबड़-खाबड़ सी है" साहित्यिक उदारता को प्रकट नहीं कर हमारे पूर्वाग्रही अस्वस्थ दृष्टिकोण का परिचायक है।

आचार्य श्री रामदासजी की वाणी का साहित्यिक मूल्यांकन करने से पूर्व उपरोक्त स्पष्टीकरण इसलिये आवश्यक था कि 'सिद्धान्तों के फीते' से नापतोल करने वाले विद्वानों को निराश नहीं होना पड़े। सन्त कवियों की सामान्य प्रवृत्तियों के आचार्य श्री कोई अपवाद नहीं हैं। भाषा अभिव्यंजना और पद्धतियों में पूर्ण साम्य का निर्वाह हुआ है। ऐसा प्रतीत होता है कि तत्कालीन समय पर सभी ही इन लोगों ने पृथक-पृथक अटपटी राहों का अनुसन्धान किया हो किन्तु वहाँ लोक तक अपनी अनुभूतियों को पहुँचाने की पद्धति और माध्यम का प्रश्न था वह सभी सहधर्मी रहे। सभी सन्त-कवियों ने जन-भाषा को अपनाया सभी ने

लोक प्रचलित छन्दो (साखी, चौपाई, पद, कुण्डलिया) का प्रयोग किया, सभी ने सगीत-शास्त्र की कर्णमधुर रागनियो का सहारा लिया।

आचार्य श्री रामदासजी महाराज द्वारा रचित वाणी गुण और परिमाण दोनो ही दृष्टियों से अत्यन्त विस्तृत है। सन्त साहित्य की परम्परा के अनुसार सारी वाणी अगो और प्रसगो (विषयो) मे विभाजित है। यह इतने विस्तार मे है कि आध्यात्मिक और लौकिक जीवन का कोई पहलू छूट नही पाया। इन अगो मे आध्यात्मिक जीवन के रहस्यो की अत्यन्त सूक्ष्मता और सरलता से विवेचना हुई है। पाडित्य-प्रदर्शन का मोह कही नहीं है। कुल अग और प्रसग इस प्रकार है—

अग—

गुरु स्तुति मत्र, गुरुदेव को अग, गुरु पारख को अग, गुरु वदन को अग, गुरु धरम को अग, सिवरण को अग, सिवरण मेध्या को अग, अकल को अग, उपदेश को अग, विरह को अग, ज्ञान-सजोग विरह को अग, परचा को अग, सूर परचा को अग, पीव परचा को अग, हरिरस को अग, लोभ को अग, हैरान को अग, हेरत को अग, जरणा को अग, लिव को अंग, पतिव्रता को अग, चित्राकरण को अग, मन को अग, मन मृतक को अग, सूक्ष्म मारग को अग, लावा मारग को अग, माया को अग, मान को अग, चाणक को अग, कामी नर को अग, सहज को अग, कुसगत को अग, सगत को अग, असाध को अग, साध को अग, देखादेखी को अग, साध साक्षीभूत को अग, साधु मैंहमा को अग, मध्य को अग, विचार को अग, सारग्राही को अग, पीव पिछाण को अग, विश्वास को अग, धीरज को अग, वृकताई को अग, सुन्य-सरोवर को अग, प्रेम को अग, कुसवद को अग, सवद को अग, करम को अग, काल को अग, मच्छी को अग, सजीवन को अग, चित कपटी को अग, गुरु-सिष को अग, हेतप्रीत को अग, सूरातन को अग, जीवत-मृतक को अग, मासआहारी को अग, पारख को अग, आन देव को अग, निंदा को अग, दया निरवैरता को अग, सुन्दर को अग, उपजण को अग, किस्तुरया मृग को अग, निगुणा को अग, बिनती को अग, तन-मन माला को अग, माला को अग, कडवी बेली को अग, बेली को अग, बेहद को अग, सुरत विचार को अग, उभै को अग, माया ब्रह्म निर्णय को अग, वृक्ष को अग, ब्रह्म एकता को अग और ब्रह्म-समाधि को अग।

प्रसग—घर अबर को प्रसग, चाह को प्रसग और तकिया को प्रसग।

कुछ विषय स्फुट-साखियो (छुटकर साखी) के रूप में भी लिख गये हैं। स्फुट साखियो का विषय भी अध्यात्म और आत्म-कल्याण ही है।

आचार्य श्री ने साखी-काव्य के अतिरिक्त कुछ महत्वपूर्ण छोटे-बडे ग्रथ भी लिखे। छोटी-सी प्रबन्ध-रचना को भी सत-युग मे ग्रथ कहने की प्रथा थी इसलिये आचार्य ने भी अपनी छोटी-बडी प्रबन्ध-रचनाओ को ग्रथ ही कहा है। एक बात और भी है—इन ग्रथो मे प्रबन्ध काव्य के लक्षणो का निर्वाह हुआ हो सो बात नही है—एक कथा-सूत्रता अथवा सगठित विषय-क्रम भी शायद नहीं मिले। छन्द-विविधता इनमे अवश्य दृष्टिगोचर होती है। लोक प्रचलित साखी के अतिरिक्त इन ग्रथो मे कवित्त, चौपाई, सोरठा, निसाणी, झूलना, अर्द्ध भुजगी, उघोर, चन्द्रायण, छप्पय, कुण्डलिया आदि छन्दों का अवश्य प्रयोग हुआ है। इन छन्दो के

सैद्धान्तिक पक्ष की चर्चा हम बाद में करेंगे। यहाँ इतना ही कहेंगे कि इन ग्रंथों में छन्द वैविध्य के कारण मॉनोटोनी नहीं रही और अभिव्यंजना में सौन्दर्य आ गया।

इन ग्रंथों का विषय भी प्रमुख रूप से अध्यात्म ही है। साखियों में वर्णित विषयों की इनमें कहीं-कहीं पुनरावृत्ति भी हुई है। डा रामकुमार वर्मा ने लिखा है— 'सन्त काव्य में जिन सिद्धान्तों की चर्चा की गई है वे अनेक बार दोहराये गये हैं। किसी भी कवि ने अपनी ओर से मौलिकता प्रदर्शित करने का श्रम नहीं उठाया। वही बातें बार-बार एक ही रूप में उठाई गई हैं।" श्रद्धेय वर्माजी अपनी मान्यता में कितने सत्य हैं यह विवाद का विषय नहीं है किन्तु सन्त-काव्य की इस प्रवृत्ति को हमें युग-धर्म और सन्तों की मनोवृत्तियों की पृष्ठ-भूमि मे देखना चाहिए। उनका सारा काव्य अनुभूतिजन्य है—अपने साधना पथ पर जैसी-जैसी अनुभूतियां समय-समय पर उन्हें होती रहीं उन्हीं को उन्होंने पूरी निष्ठा और सच्चाई के साथ अभिव्यक्त किया है। चमत्कार पांडित्य अथवा यश-लिप्सा से प्रसूत न होकर यह समस्त-काव्य साधना पथ के आनन्दमय अनुभवों से प्रसूत है और इसीलिए इसमें पुनरावृत्ति भी निश्चित रूप से है। ऐसा नाम तो इस पुनरावृत्ति को गुण माना जाना चाहिए। उपनिषदों में भी जैसे 'तत्त्वमसि श्वेतकेतु' को भी बार कहा गया है। यह पुनरावृत्ति सार्थक है।

आचार्य श्री द्वारा विरचित ग्रंथ जो इस सम्पादित ग्रंथ में सम्मिलित किये गये हैं, इस प्रकार हैं—

१ ग्रंथ गुरु महिमा	१३ ग्रंथ नाम माला
२ भक्तमाल	१४ „ आतम सार
३ चेतावनी	१५ ब्रह्म जिज्ञासा
४ „ बालबोध	१६ „ पट दरसणी
५ „ जग मग	१७ „ पद बत्तीसी
६ „ रणजीत	१८ „ पंच मातरा
७ ज्ञान विवेक	१९ „ सोलह कला
८ „ अमर बोध	२० „ आतम बेली
९ „ मूल पुराण	२१ „ निरालंब
१० „ सजम ज्ञान	२२ „ अमर निशाणी
११ आदि बोध	२३ „ रेखता
१२ „ आत्मय बोध	२४ राम रक्षा

इन ग्रंथों के अतिरिक्त अनेक कवित्त और हरजस भी आचार्य श्री ने लिखे हैं।

काव्य पक्ष—

कबीर के काव्य के सम्बन्ध में एक स्थान पर उल्लेख हुआ है "कविता के लिये उन्होंने कविता नहीं की उनकी विचारधारा सत्य की खोज में बही है उसी का प्रकाश करना उनका ध्येय है। उनकी विचारधारा का प्रवाह जीवन-धारा के प्रवाह से भिन्न नहीं। उसमें उनका हृदय घुला मिला है। सत्य के प्रकाश का साधन बन कर जिसको प्रवाह

अनुभूति उनको हुई थी, कविता स्वयमेव उनकी जिह्वा पर आ बैठी है।" यह शब्द सभी सन्तो के काव्य पर लागू होते हैं। आचार्य श्री रामदासजी महाराज के समस्त साहित्य मे एक परम सत्य की खोज की आतुरता निहित है। इनकी वाणी और अन्य काव्य-कृतिय मे काव्य-तत्वो का सम्यक निर्वाह भी हुआ है। रूपक, उत्प्रेक्षा, उपमा, दृष्टान्त, भ्रान्तिमान, अनुप्रास आदि अलकारो के दर्शन आचार्य श्री की वाणी मे अनेक स्थलो पर किये जा सकते है। वे सब नैसर्गिक रूप मे आ गये हैं--कोई भी प्रयत्नजन्य नही। स्वभावोक्ति तो सन्त साहित्य की विशेषता है ही।

इसी प्रकार आचार्य श्री की वाणी मे काव्य-रसो का परिपाक भी हुआ है। शृङ्गार के दोनो पक्ष—सयोग और विप्रलम्भ चित्रित हुये है। सुन्दरी आत्मा और प्रियतम ब्रह्म के सयोग का एक चित्र देखिये—

सुरत सुहागण सुन्दरी, मन राख्यो बिलमाय।
रामदास नग निरखता, प्रीतम मिलिया आय॥
प्रीतम मिल्या प्रेम सू, पूरी मन की आस।
सुन्य सेजा मे रामदास, आठू पहौर विलास॥

विरहिणी आत्मा की विरह दशा का चित्र भी देखिये—

विरह आय घायल किया, रोम रोम में पीर।
रामदास दुखिया घणा, हृदे खटूके तीर॥
बैनड झूरे पीव कू, वर कू झूरे नार।
रामा झूरे पीव कू, दरसण दो भरतार॥
रैण विहाणी जोवता, दिन भी बीतो जाय।
रामदास विरहिन झुरे, पीव न पाया माय॥

करुणा, हास्य और कही-कही बीभत्स रस का परिपाक भी आचार्य श्री की काव्य-कृतियो मे मिलता है। वीर रस का तो बहुत ही ओजस्वी वर्णन सन्त काव्य मे मिलेगा। यद्यपि यह वीर रस युद्ध-स्थल मे राज्य, शक्ति, प्रतिष्ठा और जन-धन की रक्षा अथवा प्राप्ति के लिये तलवार चलाने वाले शूरवीरो से सम्बन्धित नही है। यह उन तेजस्वी आत्माओ की वीरता, उन शूरवीरो के बलिदानो का वर्णन है जो ब्रह्म-साधना के मार्ग पर आने वाली प्रत्येक मायावी विपत्ति, होने वाले प्रत्येक विरोधात्मक आक्रमण का साहस के साथ मुकाबला करते हैं।

घुरे दमामा गगन में, सुण-सुण चढ़िया नूर।
रामदास सनमुख लडे, ऐसा है निज सूर॥
रामदास सूरा चढ्या, ज्ञान तणे गजराज।
मडिया जांझा जग में, मुजरो है महाराज॥
रामदास सूरा मड्या, घणां दला के बीच।
कायर भागा बापड़ा, सुण-सुण सिधू नीच॥

अद्भुत का चित्रण भी आचार्य ने उक्त साखियों की पद्धति पर लिखी अपनी चमत्कारपूर्ण रचनाओं में किया है—यद्यपि इनकी संख्या स्वल्प ही है। उदाहरण—

रामदास दरियाव में अपनी जाणी जोय।
हीर रतन सबही मिलै ऐसा अचरज जोय॥
अगम आदमी रामदास जग कीनो विस्तार।
अलख देख दुखिया भया अचरज है संसार॥

काव्य रूप—

आचार्य श्री की वाणी की छन्द-योजना पर जब दृष्टिपात करते हैं तो हमें यहां परम्परानुसरण दिखाई देता है। इन्होंने उन सभी काव्य-विधाओं में लिखा जो इनके युग में प्रचलित थीं। 'सन्त-काव्य में सब से अधिक प्रयोग साखियों और शब्दों का हुआ है। साखी तो दोहा छंद है और 'शब्द' रागों के अनुसार पद हैं।" डॉ॰ रामकुमार वर्मा का यह कथन आचार्य श्री रामदासजी की छन्द-योजना पर भी अक्षरशः प्रयुक्त होता है। सन्त युग में मुक्तक लिखने की ही काव्य प्रथा थी। 'मुक्तकों में प्रबन्ध निरपेक्षता होती है। यह लघु रसात्मक खंड-दृश्यों के चित्रण में अधिक सक्षम होते हैं। इनमें चमत्कार की सृष्टि भी आसानी से हो जाती है।"[1] साधना मार्ग के अपने अनुभवों को छोटे छन्द में कहने में उन्हें सुविधा भी रहती थी। दूसरी बात यह भी रही कि सन्त जिन लोगों के लिये साहित्य का सृजन करते थे वे काव्य-मर्मज्ञ तो होते नहीं थे। अतः सरल और लोक-अभिव्यंजना पद्धति के द्वारा ही अपने भावों का संप्रेषण सन्तों को अभीष्ट था।

आचार्य श्री की वाणी में साखी और शब्दों के अतिरिक्त चौपाई, सोरठा, निशाणी *झूलना अर्द्धभुजंगी मध्य त्रिभंगी चकोर चन्द्रायण छप्पय कुण्डलिया आदि छन्दों का भी* यथावश्य प्रयोग हुआ है।

संगीत पक्ष—

आचार्य श्री के वाणी साहित्य में परम्परायुक्त संगीत पक्ष भी प्रबल है। सन्त-काव्य में जिन्हें शब्द कहा गया है वे रागों के अनुसार पद ही हैं। सन्त अपने पदों को सत्संग में गाया करते थे और उन्हीं के माध्यम से भक्त-समुदाय को जीवन जगत और ब्रह्म के रहस्यों का ज्ञान कराते थे। सन्त-काव्य के इस संगीत पक्ष के सम्बन्ध में डॉ॰ धर्मवीर भारती ने कहा है—"यह कह सकना सरल नहीं कि किस निश्चित समय काव्य रचना की यह गेय शैली प्रचलित हुई। सिद्धों के चर्या-पदों से इसका इतिहास जोड़ा जा सकता है। परन्तु इसके विकास का मूल स्रोत लोक-गीतों की परम्परा ही मानी जा सकती है। वस्तुतः हिन्दी के *मात्रिक छन्दों के विकास में भी लोक-छन्दों का आधार था और मात्रिक छन्द लोक-गीतों की* प्रकृति से पूरे मेल खाते हैं। पद शैली के साथ दूसरी समस्या संगीत शास्त्र की है। प्रायः पदों के साथ किसी न किसी राग का निर्देश मिलता है। इसका अर्थ यह नहीं कि कवि ने पद-रचना

---

[1] हिन्दी साहित्य का इतिहास—आचार्य रामचंद्र शुक्ल (रीतिकाल)

का आधार राग विशिष्ट रखा था या पद उसी राग मे गाया जा सकता है। " वस्तुत इन निर्देशो का अभिप्राय यही हो सकता है कि सम्प्रदाय मे इन पदो मे सगीत का समन्वय अवश्य है, पर ये राग-प्रधान नही माने जा सकते क्योकि ये राग, स्वर और ताल प्रधान होते हैं परन्तु इनमे प्रधानता भावाभिव्यक्ति की है।" सतो की सगीत शैली भी पृथक ही है। आचार्य श्री ने अनेक हरजस भी लिखे जो किसी न किसी राग मे रचित हैं। इनमे निम्नाकित राग-रागिनियो को आधार बना कर पद-रचनायें हुई हैं और कही-कही पर ताल-निर्देश भी दिये गये हैं।

राग आसावरी, भैरवी, बिलावल, गूढ बिलावल, सारग, कल्याण, कानडा, बिहाग, काफी, बसत, कनेडी, धनाश्रयी, प्रभाती, सोरठा आदि।

इन हरजसो मे काव्य लालित्य, सगीत की मनोहरता, भक्त का दैन्य और समर्पण सभी कुछ एक ही स्थान पर एकत्र हो गये हैं।

> बापजी बिडद तुमारो जोवो।
> तुम हो पिता पुत्र मैं तेरो, करम हमारा खोवो।
>
> ×
>
> सतो सचो करो हरिनाम को।
> इस सचा सू बहु सुख पावै, आदि अत यो काम को।

भाषा—

मध्ययुगीन सन्तो के काव्य की भाषा को लेकर आज भी बहुत बडा विवाद हिन्दी साहित्य के विद्वानो मे है। प्रदेश-सापेक्षता अथवा मताग्रह इसके कारण रहे हैं। किसी सन्त की भाषा को पजाबी के निकट लाकर खडा किया गया है तो किसी को पूर्वी हिन्दी के और किसी का दामन खीच कर राजस्थानी की पक्ति मे बैठाया गया है। एक आरोप सन्त-साहित्य की भाषा-परिष्कृति को लेकर भी है। "सन्त काव्य मे भाषा बहुत अपरिष्कृत है। उसमे कोई विशेष सौन्दर्य नही है। भावो का प्रकाशन प्रधान है और भाषा का प्रयोग गौण।"[1]

आचार्य श्री के काव्य की भाषा के सम्बन्ध मे भाषा-विवाद के दोनो आधारो को लेकर विवाद की कोई गुजाइश नही है। इनकी भाषा पूर्ण रूप से राजस्थानी है। इसका क्रिया रूप, वाक्य-विन्यास और मुहावरे सभी राजस्थानी के हैं। हाँ, मध्य प्रदेश, मालवा, गुजरात आदि प्रान्तो मे देशाटन के फलस्वरूप इनकी भाषा मे इतर प्रान्तो के शब्द भी समाविष्ट हो गये हैं। अपभ्र श, उर्दू, फारसी, पजाबी और सस्कृत के तत्सम शब्दों का प्रयोग भी यथा-स्थान हुआ है। यह भी सन्त-साहित्य की प्रवृत्तिगत विशेषता मानी जानी चाहिये। सन्त बहुश्रुत थे—सत्सग मे अनेक विद्वानो और साधुओ के सम्पर्क मे आते थे, अस्तु, भावों के साथ भाषा से भी प्रभावित होते थे।

---

[1] हिन्दी साहित्य का आलोचनात्मक इतिहास, पृ स २९६—डॉ० रामकुमार वर्मा।

कबीर की शैली पर एक बहुत बड़ा आरोप है— 'उनकी भाषा में अक्खड़पन है और साहित्यिक कोमलता या प्रसाद का सर्वथा अभाव है।"[1] यही बात कभी-कभी अन्य सन्तों की भाषाशैली के सम्बन्ध में कही जाती है किन्तु आचार्य श्री की भाषा के सम्बन्ध में यह निश्चयपूर्वक कहा जा सकता है कि उनकी शैली में कहीं अक्खड़पन नहीं कहीं अभद्रता नहीं। यह सर्वत्र स्वाभाविक कोमलता और कमनीयता से संयुक्त है।

हंस बुगां की रामदास समझ'र करो पिछाण।
ऊ मोताहल चुग कर यो मच्छी परवाण ॥
दादू तोमें बीमड़ी राम बिना कहे बेण।
रामदास इक राम बिन कुण तुम्हार सैण ॥
गम कर गहरो गहरियो तजिया सब सिणगार।
मैला काजल मेल का दीपक दिल-दीदार ॥
बालपणां की प्रीतड़ी बहु सजनता बाय।
रामदास उर भीतरे पड़गी काम कुराय ॥
गगन दमामा बाजिया कलहलिया केकाण।
कायर मुख-मुख आथम्या अमन मारया बाण ॥

उपरोक्त साखियों में निर्वेद करुणा और प्रीति आदि भावों की बहुत ही सहज अभिव्यक्ति हुई है। कहीं पर भी कटूक्ति अथवा अभद्रता का प्रदर्शन नहीं।

आचार्य श्री की भाषा में राजस्थानी लोक-जीवन में प्रचलित लोकोक्तियों और मुहावरों का प्रयोग भी बहुत ही समीचीन हुआ है—

१ तन-जोबन बीतो पछै कारी लगै न कोय।
२ बाणा बणिया राम का रामो राम रटाय ॥
३ रामदास मन मूंड ले दण मूंड्यां सिध होय।
४ सब पाप्यां को रामदास मार्यो बांध्यो मोड़ ॥

अस्तु आचार्य श्री की भाषा के सम्बन्ध में यह कहने में हमें कोई संकोच नहीं कि चाहे भाषा-शास्त्र के नियमों का उन्होंने कठोरता से पालन नहीं किया हो चाहे व्याकरण के दुर्लंघ्य नियमों की उन्होंने अवहेलना की हो किन्तु राजस्थानी भाषा की भावाभिव्यंजना की सामर्थ्य उसका पुष्ट और सजीव रूप इनकी वाणी में प्रकट हुआ है। आचार्य काका कालेलकर के सन्तों की भाषा के सम्बन्ध में कहे गये ये शब्द कितने संगत हैं—"भाषा की दृष्टि से भी सन्तों की सेवा कुछ कम नहीं है। सन्तों ने तो भाषा की एक टकसाल ही खोल दी है जिसमें से नई-नई किस्म की अशर्फियां नित्य ढल-ढल कर निकलती रहती हैं। बंदूक की गोली की तरह मंत्र-वाणी सीधे मनुष्य के हृदय तक पहुँच कर उस हृदय के अन्दर उसकी मरी हुई धर्म-बुद्धि को पुनर्जीवित कर देती है।"

---

१ कबीर ग्रन्थावली पृ स ६ —श्यामसुन्दरदास।
सन्तवाणी—वियोगी हरि।

लोक पक्ष—

सन्त साहित्य का एक पक्ष बहुत ही प्रबल है और वह है—लोक-धर्म और लोकहित। धर्म, अध्यात्म, दर्शन, भाषा और साहित्य की तो सन्तो ने सेवा की ही है किन्तु लोक-मानस को मानव समाज मे प्रचलित धार्मिक रूढिया, अन्ध विश्वास और मिथ्या बाह्याचार के विरुद्ध जागृत करने मे जो भूमिका इन लोगो ने प्रस्तुत की है, वह भी बहुमूल्य है। शकराचार्य ने सन्तो की लोकहित दृष्टि का बहुत ही सम्यक् वर्णन निम्नाकित श्लोक मे किया हैं—

शान्ता महान्तो निवसन्ति सन्तो, वसन्तवल्लोकहित चरन्त.।
तीर्णा स्वय भीमभवार्णव जनात् अहेतुनान्यानपि तारयन्त ॥[1]

सन्तो ने स्वय अपनी वाणियो मे लोकहित के इस अभिप्राय को स्पष्ट किया है। ज्ञानेश्वर कहते हैं कि हम ससार को हमे ऊचा उठाना है। सन्त नामदेव ने भी कहा है कि सन्त ससार मे गरीबो का उद्धार-करने के लिए अवतीर्ण होते हैं।[1] कबीर, दादू, नानक आदि ने भी यह भाव प्रकट किया है।

आचार्य श्री रामदासजी महाराज का वाणी साहित्य भी इस तथ्य का साक्षी है। सन्तों की यह मान्यता थी कि मनुष्य को कथनी और करनी मे कोई अन्तर नही होना चाहिए। मानव चरित्र की यह पावनता लोकहित के लिए अत्यन्त आवश्यक होती है किन्तु सन्तो ने देखा कि अपने आपको आचार्य, साधु, ब्राह्मण और पण्डित कहने वाले लोग कितने झूठे और कपटी हैं, वे कहते कुछ और है और करते कुछ और। साथ ही वेद, पुराण और शास्त्र की दुहाई देकर भी उपेक्षित, असहाय, अबोध मानव-समाज को ईश्वर और धर्म के नाम पर लूटा जा रहा है। बौद्धिक तर्क-वितर्क की चकाचौंध मे लोगो को मोहित और भ्रमित किया जा रहा है। इन सारी धार्मिक और सामाजिक बुराइयो का सन्तो ने डट कर विरोध किया। उन्होने धम और अध्यात्म की साधना के बीच से विराट मानवता के हित की साधना की। व्यक्ति की शुद्धि से सम्पूर्ण समाज की शुद्धि पर जोर दिया। डॉ० वि० भि० कोलते ने कहा है—"यह धारणा गलत है कि सन्त समाज मे रह कर भी उससे विमुख होते हैं, वे केवल धार्मिक कार्य करते हैं, सामाजिक या अन्य प्रकार के कार्य नही। धर्म और लोक-जीवन के बीच वे एक गहरी खाई खोदते है। पर मनुष्य का धार्मिक जीवन क्या समाजिक जीवन, आर्थिक जीवन और ऐतिहासिक जीवन से भिन्न होता है ? क्या ये ऐसी तग कोठरिया हैं जिनके बीच अभेद्य दीवारे खडी है ? नही, जीवन तो एक सागर है। प्रसगवश उसमे यदाकदा बुद्बुद् क्यो न उठते हो, लेकिन जीवन जीवन ही है।"[2]

आचार्य श्री ने सत्य, निष्कपट व्यवहार, प्रेम, सहयोग, अहिंसा, करुणा, नीति, पातिव्रत्य, विश्वास आदि मानवधर्मी तत्वो का लौकिक जीवन मे अत्यन्त महत्व बताया है। बाह्याचारी लोकविरोधी तत्वो का उन्होंने विरोध भी किया है—पडित पर किये गये व्यग का एक चित्र देखिये—

पडित पढ़ कर रामदास, बहुता करै गुमान।
दोय अक्षर पढियां बिना, अत हुवैगी हान ॥

---

[1] मराठी सन्तों का सामाजिक कार्य—डा० वि० भि० कोलते।
[2] ,, ,, ,, ,,

ज्ञान ध्यान सूरा हुवै झूठा करै गुमान ।
रामदास सिवरण बिना, पड़ काल का डाव ॥

कर्मकाण्डी ब्राह्मण को वे क्यों क्षमा करते—

बामणियां गुरु मंड का जगत बंधायो बेद ।
चौरासी में ले चल्या पायो नहिं हरि-भेद ॥
बेदां में उलझाय कर खोई सारी मंड ।
रामदास पायो नहीं एको नाम अखंड ॥

तीर्थयात्रा के बाह्याचार पर आक्षेप करते हुये आचार्य श्री कहते हैं—

गंगा न्हाया रामदास सबही धोया तन ।
न्हाय धोय यूं ही रह्या लागो अन्हीज मन ॥
मन रा तीरथ न्हायलै क्या भटकण सूं काम ।
अड़सठ तीरथ सबही किया एक कह्या मुख राम ॥

बन्धन और कर्म का ढोंग रचने वालों के सम्बन्ध में आचार्य श्री ने कहा है—

कफनी तो ओढ़ली कब रहणी रंच न काय ।
रामदास रहणी बिना कैसे मिले सुखाय ॥
मुख ऊपर मीठी कहै पूठै बुरी कहाय ।
रामदास ता मिनख सूं प्रीत करो मत काय ॥

कुसंगत के सम्बन्ध में लाक्षणिक प्रयोगों के द्वारा बहुत सुन्दर भावाभिव्यक्ति हुई है—

उज्जल नीर अकास का पड़या धरण में आय ।
मैलो सूं मिल कीचड़ भया यूंहि कुसंगत थाय ॥

साधुत्व का भेष धारण कर ढोंगी और तीखे-सारे मानव समुदाय को भ्रमित करने वालों का भण्डाफोड़ कर के सच्चे साधु का गुणगान भी आचार्य ने इन शब्दों में किया है—

निरद्वंदी नहु कामना निर्वैर निरमलहार ।
रामदास साधु इसा सबको परउपगार ॥
साधू सोई जाणिये निरपख रहै निरास ।
हरि सिवरण धरमारथी राखा मन उदास ॥
ऐसा साधू जाणिये कनक कामणा नांहि ।
काम क्रोध तृष्णा नहीं सदा राम घट मांहि ॥

मूर्तिपूजा और बहुदेववाद का भी आचार्य श्री ने विरोध किया है —

रामदास सत राम है जो पत्थरपूजा देव ।
बांदरा तो सब मूरती कारी कूड़ी भेव ॥
हरि बिन दूजो सानरो ध्यान धरन को काम ।
रामदास साखी सरब हरि न बन को वान ॥

आनदेव कू रामदास, दुनिया पूजण जाय।
भूल गई हरि भगत कू, जम के आई दाय॥

आचार्य श्री ने नीतिविषयक बहुत से प्रसगो की चर्चा भी अत्यन्त ही काव्यमय ढग से अपनी वाणी में की है। कपटी के सम्बन्ध में देखिये—

निवण देख धीजै मती, निवणं घणो विचार।
रामदास चीतो निवै, मारै मिरग पछार॥
मुख ऊपर मीठी चवै, पूठै बुरी कहाय।
रामदास ता मिनख सू, प्रीत करो मत जाय॥
आया कू आदर नहीं, दीठां मोडै मुक्ख।
रामा तहा न जाइये, जे कोइ उपजै सुक्ख॥

निन्दा के सम्बन्ध मे देखिये—

औरां की निंद्या किया, ताके ज्ञान न कोय।
रामा सिवरो राम कूं, ज्ञान गरीबी जोय॥
रामा नीच न निंदियै, सबसू निरसा होय।
किणी'क औसर आय कर, दुख देवेगा तोय॥

इसी प्रकार जीव-हिंसा कर मासाहार करने वाले को भी आचार्य श्री ने फटकारा है—

मास खाय सो रामदास, राकस ढेढ़ समान।
सूकर कूकर सारसा, सग कियां ह्वै हान॥
मास कुता को खाण है, कै राकस कै भूत।
रामदास सगत कियां, मारंगा जमदूत॥

इस प्रकार उपरोक्त चर्चा से यह प्रकट हो जाता है कि आचार्य श्री मे लोकहित की भावना बडी प्रबल थी। समाज का और मानव-मन का अध्ययन उनका बडा गहरा था। एक कुशल वैद्य की भाति रोग का निदान कर सही उपचार मे उनका विश्वास था और इसीलिए स्नेह और भर्त्सना के बीच मे से सुधार का मार्ग उन्होंने निकाला। सतो की इस लोक-सेवा के सम्बन्ध मे आचार्य काका कालेलकर के शब्द अक्षरश सत्य हैं—"सतो ने सबसे बडा यह काम किया कि धर्म और रूढ़ि के नाम पर जो भ्रम, वहम या गलतफहमियां फैली हुई थी, उनको दूर कर दिया। सभवत' सतो का सबसे श्रेष्ठ कार्य यही है।"

राजस्थानी सन्त काव्य मे स्थान—

यह निश्चित है कि सन्त काव्य-धारा के आदि प्रवर्त्तक कबीर ने जो रसवन्ती प्रवाहित की वह शाखा-प्रशाखाओं के रूप मे उत्तर भारत के अन्य प्रान्तो मे भी बहने लगी। भाषा, भाव और शैली के प्रकृति-भेद के कारण कालान्तर मे उनका अपना पृथक स्वरूप बन गया। आचार्य श्री रामदासजी महाराज की वाणी को यो सत काव्य-धारा के आदि रूप मे ढूढ़ा जा सकता है किन्तु राजस्थानी सन्त काव्य को इनकी देन महान है—क्या गुणात्मक दृष्टि से और क्या परिमाणात्मक दृष्टि से। इन्होने आज से दो सौ वर्ष पूर्व, राजस्थान की जन-भाषा

के भावाभिव्यंजन की शक्ति और सामर्थ्य को प्रकट किया। सूक्ष्म से सूक्ष्म और गहन से गहन भाव की अभिव्यक्ति बहुत सरल और सादे रूप में इनके काव्य में हुई। दादू गरीबदास रज्जबजी सुन्दरदास चरणदास दयाबाई सहजोबाई, रामचरणजी दरियावजी लालदास आदि निर्गुणी सन्त कवि इस प्रान्त में हुये और इन्होंने प्रमुख रूप से राजस्थानी में ही लिखा किन्तु जो स्वभावोक्ति, व्यंजना का लालित्य और हृदय को सीधे छूने की शक्ति इनके काव्य में है उतनी दूसरों में प्राप्त नहीं होती। व्यंग और फटकार की निर्भीकता भी इनमें अपूर्व है। इनकी उक्तियां रहस्यवाद का सूखा उपदेश मात्र नहीं है, उनमें काव्य-सौन्दर्य भी प्रस्फुटित हुआ है। राजस्थान के धार्मिक आध्यात्मिक और लौकिक जीवन की जो सेवायें आचार्य श्री ने अपनी अमृत वाणी और साधनामय जीवनाचरण से की हैं वे अक्षुण्ण हैं।

सम्पादन के सम्बन्ध में—

आचार्य श्री की वाणी का प्रस्तुत सम्पादन हमने रामस्नेही सम्प्रदाय के प्रधान पीठ खेड़ापा (जोधपुर) के संग्रहालय में सुरक्षित उनकी वाणी की एक मुख्य प्रति व अन्य प्रकीर्ण ग्रन्थों की प्रतियों के आधार पर किया है। खेड़ापा रामद्वारे में सुरक्षित एक और प्रति से भी हमने सहायता ली है।

प्रस्तुत ग्रंथ में हमने आचार्य श्री की भाषा के मूल स्वरूप को ही रखा है जिससे राजस्थानी भाषा के गवेषकों और विद्वानों को अपने शोध कार्य में सुविधा रहे। जब-जब जहां हमें उचित लगा वहां पाठान्तर भी दे दिये गये हैं।

राजस्थान के बाहर भी आचार्य श्री के साहित्य को पढ़ा जायेगा इसलिये वाणी में प्रयुक्त राजस्थानी के कठिन शब्दों का भावात्मक अर्थ भी दिया है। साधना रहस्य और योग के प्रतीकों के अर्थ देकर हमने इस सम्पादन को पूर्ण बनाने का विनम्र प्रयत्न किया है।

यद्यपि यह ग्रंथ पूज्यपाद श्री रामदासजी महाराज की वाणी का ही सम्पादन है तथापि सम्प्रदाय के नियमानुसार सभी पाठ्य ग्रंथो के लिये पंचवाणी का होना अनिवार्य है। अत इसी परम्परा के अनुसरण में हमने सर्व प्रथम पूज्यपाद श्री दीयलदासजी महाराज सिंहस्थल पीठाधीश्वर पूज्यपाद ,श्री हरिरामदासजी महाराज श्री कबीरजी तथा श्री नामदेवजी महाराज की कुछ वाणियाँ भी दी है। अन्त में खेड़ापा पीठ के सम्पूर्ण आचार्यों की वाणी के कुछ अंश देकर यह पाठ-योग्य ग्रंथ तैयार किया गया है।

उपसंहार—

अपने वक्तव्य को समाप्त करने के पूर्व विद्वद् जगत के सामने हम एक निवेदन और करना चाहेंगे। राजस्थान का सन्त साहित्य अत्यन्त समृद्ध है। यहां के सन्त कवियों ने लोक और धर्म का शाश्वत सन्देश दिया है। ऐसे अमृत की धारा बहाई है जिसका पान करके आज के वैज्ञानिक और अति भौतिक युग की संत्रस्त मानवता आत्मिक सुख की सांस ले सकती है। जो कुछ कार्य इस क्षेत्र में हुआ है और हो रहा है वह अधिक उत्साहवर्द्धक और सन्तोषजनक नहीं कहा जा सकता। इस विषय से सम्बन्धित इतिहास और समीक्षा ग्रंथों को जब देखते हैं तो निराश ही होना पड़ता है। इस प्रान्त में विद्यमान सभी सन्त सम्प्रदायों का

साहित्य विशाल है। अकेले रामस्नेही सम्प्रदाय मे ही ऐसे सन्त कवि हो गये है जिन्होने लाखो की सख्या मे साखी और पद लिखे और आज भी उनका साहित्य सम्प्रदाय के पीठ-स्थलो और उनके भक्त समुदाय के पास सुरक्षित है। श्री दयालजी महाराज ने उच्चकोटि का साहित्य लिख कर राजस्थानी व हिन्दी की जो सेवायें की हैं वे साहित्य समाज को कैसे विस्मृत होसकती है। उनके द्वारा विरचित भक्तमाल तो आगरा विश्वविद्यालय द्वारा प्रकाशित भी हुई है। किन्तु या तो इन सन्त कवियो का उल्लेख साहित्य के इतिहास मे किया ही नही गया और यदि कही किया गया है तो अत्यन्त भ्रामक और अपूर्ण। कही-कही पर तो केवल औपचारिकता मात्र ही निभाई गई है। इस साहित्य का गवेषण, सर्वेक्षण, अध्ययन और प्रकाशन तीव्रता से होना चाहिये।

आचार्य काका कालेलकर के शब्द हम यहा उद्धृत करेंगे—"सतवाणी किसी भी राष्ट्र की सर्वश्रेष्ठ पूजी है। वह वाणी का विलास नही, किन्तु जीवन का निचोड है, इसलिये वह जीवित और अमर होती है। सत-वाणी वह परम पवित्र गगा है, जिसमे स्नान पान करने से लोक-जीवन पवित्र, समृद्ध, स्वतत्र और समर्थ हो जाता है।" आचार्य के इन शब्दो की पृष्ठभूमि मे ही सन्त साहित्य की खोज, प्रकाशन और पुनरोद्धार तीव्र गति से होना चाहिये। राष्ट्रीय एकता के इस ज्वलत प्रश्न के समय हमारा सन्त साहित्य कितनी बडी भूमिका पुन प्रस्तुत कर सकता है, मध्ययुगीन इतिहास की पृष्ठभूमि मे इसकी सहज ही कल्पना की जा सकती है।

अन्त मे यदि हमने उन विद्वानो के प्रति जिनके बहुमूल्य ग्रथो की इस ग्रथ के सम्पादन और भूमिका लिखने मे सहायता ली है, अपनी कृतज्ञता अर्पित नही की तो हमारा यह अनुष्ठान अधूरा ही रहेगा। सन्त साहित्य के विद्वानों ने अमूल्य सम्मतियां भेज कर हमारा उत्साह-वर्द्धन किया है, हम उनके भी आभारी हैं।

बीकानेर निवासी एव वाणी साहित्य के मर्मज्ञ स्वर्गीय श्री लक्षरामजी महाराज के सहयोग को कभी नही भुलाया जा सकता। अपनी रुग्णावस्था मे भी खेडापा धाम मे रह कर आचार्य श्री की प्रस्तुत वाणी के अर्थ-ज्ञान मे उन्होंने हमारा मार्ग प्रदर्शन किया। श्रद्धेय श्री तपस्वीजी महाराज, नीमाज ने पुस्तक मे यत्र तत्र सशोधन किये हैं, अत हम उनके ऋणी भी है।

परमादरणीय एव परम विरक्त श्री स्वामी रामसुखदासजी महाराज ने इस ग्रथ के सम्पादन व भूमिका लेखन के कार्य मे हमे अमूल्य परामर्श देकर अनुगृहीत किया है।

सन्त शिरोमणी परमहस श्री उभयरामजी महाराज (सूरसागर), पडित उत्साह-रामजी प्राणाचार्य (मोतीचौक, जोधपुर), श्री पीतमदासजी महाराज (मेडता रोड) एवं श्री च्यवनरामजी आयुर्वेदमार्तण्ड, बीकानेर का सहयोग भी अपूर्व रहा है—हम इनके भी हृदय से कृतज्ञ हैं।

हमारे प्रिय बन्धु श्री पूरणचन्द्र शर्मा के सहयोग को भी हम विस्मृत नही कर सकते। पथिक वेष मे आकर वे लम्बे समय तक खेडापा धाम में रहे और वहां के पुस्तकालय की हस्तलिखित पुस्तको से बडे ही परिश्रम के साथ उन्होने इस ग्रथ की मुद्रण प्रति तैयार की।

अन्त में परब्रह्म परमात्मा आचार्य श्री एवं उनके प्रधान शिष्य श्री दयालु महाराज के पादपद्मों में भक्ति और श्रद्धा से नत होकर हम यह अल्प प्रयास विद्वत् समाज के समक्ष रखने का साहस कर रहे हैं।

इस ग्रन्थ की सभी अच्छाइयाँ और गुण विद्वानों की कृपा के ही फल हैं। त्रुटियाँ और अभाव हमारी अल्पज्ञता के द्योतक समझे जाय।

श्री दयालु भवन
जोधपुर
माघ कृष्णा १
वि. सं. २०१८

हरिदास शास्त्री
रामप्रसाद दाधीच

॥ श्री रामो जयति ॥

श्रीमद्वाद्यरामस्नेहि सम्प्रदायाचार्य श्री श्री श्री १००८ श्री श्री श्री रामदासजी महाराज की वाणी

[१]

प्रथम गुरु-स्तुति अंग

[गुरु स्तुति]

साखी

सतगुरु सेती बीनती, परब्रह्म सू परणाम ।
अनत कोट सत रामदास, निसदिन करू सिलाम ॥ १

प्रथम वद परब्रह्म नित, जिना दिये सिर पाव ।
दुतीय वद गुरुदेव कू, दिये भगत के भाव ॥ २

त्रितीय वद धिन सत कू, सबकै लागू पाय ।
परब्रह्म गुरु सत कू, रामदास नित गाय ॥ ३

प्रथम वद गुरुदेव कू, जिना दिये तत-ग्यान ।
दुतीये वद परब्रह्म कू, अतर प्रगटे आन ॥ ४

त्रितीय वद सब सत कू, तिहु ठौर लौ मान ।
नाम तीन बप एक है, रामदास कह ग्यान ॥ ५

---

१ निर्गुणमतावलबी सन्तोकी भक्ति-परम्परा मे गुरु, परब्रह्म एव सतजन एक रूप से आराध्य रहे है । अत मगलाचरण मे सभी सतों ने इन तीनो की वदना की है ।
२ भगत – भक्ति । ४ तत-ग्यान – तत्वज्ञान । ५ बप – शरीर ।

दुख दालद भव भाजग्या, मिल्या निरजन नाथ ।
ररकार रट रामदास, कर सतगुरु को साथ ।। ४

सतगुरु समद सरूप है, सिष्प नदी हुय जाय ।
रामदास मिल एकता, सहजा रहे समाय ।। ५

राम-नाम तो दुलभ है, जैसी खाडा धार ।
सतगुरु सेती सग रमै, से जन उतरै पार ।। ६

सतगुरु सेती प्रीतडी, जे कर जानै कोय ।
राम-नाम धन पायवौ, आवागवरण न होय ।। ७

राम-रसायण भर पियै, सतगुरु सेती सग ।
रामदास लागी रहै, रूम-रूम बिच रंग ।। ८

रूम-रूम मैं रुच पिया, मन मै भया मगन्न ।
अरधनाम रत्ता रहे, रामदास हरि जन्न ।। ९

गरु जैसा गुरुदेव है, रामा दूजा नाहि ।
भवसागर मै डूबता, काढ लिया गहि बाहि ।। १०

रामदास सतगुरु मिल्या, भरम किया सब दूर ।
निस-अधारा मिट गया, ऊगा निरमल सूर ।। ११

रामदास गुरुदेव की, मै बलिहारी जाहि ।
सासा सबही मेट कै, ब्रह्म बताया माहि ।। १२

रामदास सतगुरु मिल्या, कह्या अमोलक बैन ।
सुन सागर साई मिल्या, आदि आपका सैण ।। १३

सतगुरु का मुख देखता, पाप सरीरा जाय ।
साध सगत सत रामदास, अटल पदी ले जाय ।। १४

---

५ समद – समुद्र । ६ खाड – खड्ग ।

९. अरधनाम – धारावाहिक राम-स्मरण करने से राम शब्द के 'म' रूप माया एव 'अकार' रूप जीवात्मा के लय हो जाने पर अवशिष्ट 'रकार', शुद्ध ब्रह्म रूप ही 'अरधनाम' है । १३ अमोलक – अमूल्य । सुन – शून्य ।

१४ अटल पदी – निर्वाण-पद ।

ब्रह्म विलासी सतजन, अगमींगम्म अपार ।
सायर सा सूभर भर्‌या, सतगुरु सिरजनहार ॥ १५

सतगुरु मेरे सीस पर मैं चरणां की रज्ज ।
सरणें आयो रामियो लख चौरासी तज्ज ॥ १६

चौरासी का जीव था सरणै लिया समाय ।
औगुण मेटया रामदास सतगुरु करी सहाय ॥ १७

रामदास की वीनती सामलिय गुरुदेव ।
और कछू मांगू नहीं जुग-जुग तुमरी सेव ॥ १८

रामदास की वीनती, साभलियै गुरुद्याल ।
रामनाम सिवराइयै मेटो विषै जजाल ॥ १९

किरपा की गुरुदेवजी सबद दिया निज सार ।
रामदास निसदिन भजौ छाडौ सबै विकार ॥ २०

भव-सागर में डूबता सतगुरु काढ्या आय ।
रामदास गुरुदेवजी सहजां करी सहाय ॥ २१

गुरु की महिमा रामदास, कहियै कहा बनाय ।
हमसा पतित उधारिया जम पै लिया छुडाय ॥ २२

सतगुरु सा दूजा नहीं भव सागर के मांय ।
अनता जीव उधारिया मिल्या आदि-घर जाय ॥ २३

सतगुर ऐसा रामदास जसा पारस जाण ।
लोहासो कचन करे तन मन सूपे प्राण ॥ २४

सतगुरु एसा रामदास जसा सूर प्रकास ।
नास अग्यान मिटायके अन्तर करे उजास ॥ २५

---

१५ अगमींगम्म – अगम्य का ज्ञान । सायर – सागर ।
१६ लख चौरासी तज्ज – भारतीय दर्शन के अनुसार चौरासी लाख योनियां ।
१[illegible] साभलियै – सुन लिया स्वीकार किया । विष – विषय-वासना ।
२३ आदि-घर – परब्रह्म-परमात्मा । २५ अग्यान – अज्ञान ।

सतगुरु ऐसा रामदास, जैसा पूरण चद ।
सप को इम्रत पाय कर, अमर किया आनद ।। २६

सतगुरु ऐसा रामदास, जैसा इदर जाण ।
किरपा कर बिरखा करी, भीज गया सब प्राण ।। २७

दीया एक ही रामदास, घर घर दीया जोय ।
सबै अधारा मिट गया, जगै अखडत लोय ।। २८

सतगुरु दीपक रामदास, सिप चल आया पास ।
अनता जीव जगाविया, अतर भया उजास ।। २९

गुरु जैसा गुरुदेव है, साची कहूँ विचार ।
गुरु मिलावै ब्रह्म सू, और वार के वार ।। ३०

सतगुरु ऐसा रामदास, जैसा चदन होय ।
सिष सेती सीतल करै, बिपिया डारै खोय ।। ३१

सतगुरु ऐसा रामदास, जैसी तरुवर छाय ।
सीतल छाया मुगत-फल, ता बिच केलि कराय ।। ३२

गुरु की महिमा रामदास, मो पै कही न जाय ।
चौरासी का जीव कू, मुगत-देस ले जाय ।। ३३

गोविन्द तै गुरु अधिक है, रामै कहा विचार ।
गुरु मिलावै राम कू, राम अमर भरतार ।। ३४

राम सबै ही सिरजिया, लख चौरासी जीव ।
रामदास सतगुरु विना, परत न पावै पीव ।। ३५

लख चौरासी जूण मे, सबही बध्या जीव ।
सतगुरु बध छुडाय कर, मेल्या आदू पीव ।। ३६

---

२७ इदर – इन्द्र ।

३०. वार के वार – अन्य उपासना मे मोक्ष-प्राप्ति मे विलम्ब ।

३१. बिपिया – विषय वासना । ३२ केलि – क्रीडा ।

३५. परत – प्रत्यक्ष । पीव – परब्रह्म-परमात्मा । ३६. आदू – आदि ।

रामदास सतगुरु मिल्या मिलिया राम-दयाल ।
सुख सागर मैं रम रह्या मेट्या विर्ष-अजाल ॥ ३७

इति गुरुदेव को अंग

*

[१]

अथ गुरु पारख को अंग

साखी

गुरु ही अंधा रामदास, सिष ही अंधा होय ।
आंधे कु आंधा मिल्या पार न पहुँचा कोय ॥ १

आंधे हूदी डांगड़ी, आंधे झाली आय ।
दोनूं डूबा रामदास काल-कूप के मांय ॥ २

आंधे गुरु की रामदास अंदर फूटी आंख ।
आंधे कू आंधा मिल्या, बांध'र दीया न्हांख ॥ ३

आंधा सिष आंधा गुरु आंधा पूजणहार ।
आंधे कूं आंधा मिल्या कूण उतारै पार ॥ ४

सतगुरु सूजत क्या करै, जो सिष आंधा होय ।
रामदास पारख विना आपो दीयो खोय ॥ ५

सिस्य ही अंधा रामदास आंधा ही गुरु-पीर ।
पूरे सतगुरु बाहिरो लहै न सुख की सीर ॥ ६

आंधा हो सिस्य रामदास आंधा ही गुरुदेव ।
आंध आंधा कूकियो करे अघ की सेव ॥ ७

---

२ हूदी – कूं। डांगड़ी – लाठी। झाली – पकड़ी।
३ अंदर – आन्तरिक। न्हांख – फेंक दिया। ६ सीर – धारा।

आधी दुनिया रामदास, आधा राणा-राव ।
पूरै सतगुरु बाहिरौ, खेलै जम सिर डाव ।। ८

सतगुरु पूरा क्या करै, पारख नही लगार ।
रामदास पारख बिना, वुहौ जाय ससार ।। ९

इति श्री गुरु पारख को अग

★

[४]

अथ गुरु-वंदन को अंग

साखी

गुरुवदन ते रामदास, मिट जाय आल-जजाल ।
गुरु* मिलावै राम कू, आठ पहौर मतवाल ।। १

गुरु को वदन कीजिये, मुख सू कहिये राम ।
रामदास सो सिष-जन, पावे आदू धाम ।। २

सतगुरु वदन अधिक फल, जाका अत न पार ।
रामदास मै का कहू, कह गये सत अपार ।। ३

सतगुरु वदिया रामदास, चौरासी मिट जाय ।
सरग-नरग दोनू मिटे, जामण-मरण मिटाय ।। ४

सतगुरु वदिया रामदास, टल जाय कोटि विकार ।
करम कटै सब जीव का, मिले मुगत के द्वार ।। ५

सतगुरु वदिया बाहिरो, राम न पावे कोय ।
चौरासी मे रामदास, जीव जूण बहौ होय ।। ६

---

८ बाहिरो – रहित । ९. लिगार – कुछ भी ।

१ आल-जजाल – सासारिक भ्रम ।

४ सरग-नरग – स्वर्ग और नर्क । जामण-मरण – जन्म और मृत्यु ।

६ जूण – योनि । *पाठ भेद जाय मिले पर ब्रह्म मे ।'

वदन कर निंदा करै जाका मुह मस धीठ ।
रामदास या जीव कूं जम-धरगा में पीट ॥ ७

वदन कर निंदा करै, भुगवे नरक दवार ।
रामदास या दुख को ल्हे कोई वार न पार ॥ ८

किरपा की गुरुदेवजी भतर किया उजाल ।
रामदास निंदा किया प्रांण झपटे काल ॥ ९

सतगुरु जो सिष ऊपरे कोप करे सौ वार ।
तोही सिष सीतल हुवे आणै नहीं अहंकार ॥ १०

सतगुरु लोभी लालची क्रोध रूप वहौ होय ।
बलि राजा प्रहलाद कूं देख निवाज्या सोय ॥ ११

सतगुरु का गुण अनत है औगुण एक न आण ।
रामदास घट भीतरै, आपा लेहि पिछाण ॥ १२

सतगुरु दीया रामनाम निराकार निरवाण ।
या में औगुण को नहीं आपा लेहि पिछाण ॥ १३

पारस रूपी सतगुरु सिष है लोह निराट ।
रामदास मिलिया समां पलट और ही घाट ॥ १४

लोह पारस की क्या कहु सतगुरु अगम अपार ।
तन-मन सूंप्या रामदास करे आप दीदार ॥ १५

इति गुरु-वंदन को अंग

---

७ पीट – पीटा जायगा । ११ निवाज्या – कृपा की ।
१२ आपा लेहि पिछाण – आत्म-साक्षात्कार ।

अथ गुरु-धरम को अंग

सतगुरु सू पूठा फिरै, जाके अतर काण ।
रामदास ताकू वद्या, बहोती ह्वैगी हाण ॥ १

सतगुरु सू पूठा फिरै, सो अपती बहौ जीव ।
अनत निंदा गुरुदेव की, परत न पावे पीव ॥ २

निदक का मुहडा बुरा, दीठा लागै पाप ।
गुरुद्रोही सू रामदास, अलगा रहिये आप ॥ ३

गुरु-धरमी का रामदास, दरसण कीजैं जाय ।
दरसण सू औगुण मिटै, करम विलै हुय जाय ॥ ४

सतगुरु बड सिख साख है, रुपी धरण मे आय ।
रामदास बड लग गया, गिगन गरजिया जाय ॥ ५

गिगन गरजिया रामदास, फूल्या सुन्य मझार ।
डाल चली चहु कूट मे, सिष फल लगे अपार ॥ ६

डाल चली बड पेड ते, सब बड का बिस्तार ।
रामा पेड जु सीचिया, सब हरियाली डार ॥ ७

विट लाग। सो नीपना, जल पडिया गदलाय ।
गुरु त्यागे हरि कू भजै, निस्चय नर्का जाय ॥ ८

गुरु हितकारी रामदास, दिन-दिन दूणा थाय ।
उलट समावै ब्रह्म मे, ओत-पोत हुय जाय ॥ ९

सिप तो ऐसा चाहिए, रहै सतगुरु सो रत्त ।
सतगुरु जो न्यारा रहै, सिष न छाडै तत्त ॥ १०

इति गुरु-धरम को अग

---

१ काण–कमी, अभाव २ अपती–पापी ३ दीठा–देखने से ४ विलै–विलय
५ बड–वटवृक्ष ८ विट–फल का ऊपरी भाग १०. तत्त–तत्त्व-ज्ञान ।

अथ सिवरण को* अंग

साखी

परथम सिवरण जीभ सू चौड करो वजाय ।
दोय अछर रट रामदास, सांई नाद सुणाय ॥ १

सिवरण कीज रामदास, रोम रोम भरपूर ।
सवरण सू सांई मिलै सेवग सदा हजूर ॥ २

रामदास सिवरण कियां रोम रोम सुख स्वाद ।
नाड़-नाड़ सुर सांभलै घुर अनाहृद नाद ॥ ३

रामदास सिवरण कियां सिवरण निपज साघ ।
सिवरण सू सुन गढ़ चढ़ सिवरण लगे समाघ ॥ ४

सरवण सुणिया रामदास मुख सू सुमर्‌या राम ।
रसना हिरदै नाभ बिच सहज किया बिसराम ॥ ५

रसना सू सिवरण किया अंतर लागी तार ।
रूम-रूम बिच रामदास ऊठत एक पुकार ॥ ६

मुख सेती सिवरण किया मन आयो इतबार ।
दूजा सबही झूठ है रामा सिवरण सार ॥ ७

रामा सिवरण सार है सास उसासां ध्याय ।
किया करम सब ही कटै दूजा लगै न आय ॥ ८

केताई कुकरम किया जाण्या नहीं विचार ।
सरब पाप पल में कटै राम राम चित धार ॥ ९

---

* सिवरण—स्मरण (नाम-स्मरण)

१ नाद—ब्रह्म-ध्वनि ।

४ सुन गढ़ चढ़—शून्य पद [परब्रह्म परमात्मा] पर विजय प्राप्त करना अर्थात परब्रह्म को पा लेना ।

७ इतबार—विश्वास ।

कुकरम करू न विष भखू, लगी सबद की चोट ।
सतगुरु सरणै रामदास, पाई हरि की ओट ।। १०

बुरा भला तुम सब किया, घट मे बैठे राम ।
'मै' 'तै' मिटगी रामदास, सहज मिल्या निज धाम ।। ११

बुरा किया सब मै किया, तुम केवल हो राम ।
रामदास की बीनती, मेटो सकल विराम ।। १२

रामदास सिवरण बिना, कदे न छूटै जीव
अनत जनम तई पुन करे, तोहि न पावे पीव ।। १३

पाप पुन सू रामदास, सुरग-नरग मे जाय ।
सिवरण बिन छूटै नही, कोटिक करो उपाय ।। १४

सिवरण एको सार है, दूजा आल-जजाल ।
रामदास सब सोजिया, हरि बिन परलै-काल ।। १५

हरि सिवरण कर लीजिए, सास उसासो ध्याय ।
रामदास सिवरण किया, साहिब मिलसी आय ।। १६

सब इद्री सिवरण करै, मन ही करै पुकार ।
रामदास अब आविया, सुख-सागर भरतार ।। १७

रामदास सिवरण तणा, विवरा देउ बताय ।
घट माही अजपा हुवे, सुणो सकल चित लाय ।। १८

रामदास सिवरण किया, परथम जगी एक नार ।
सह्स एक चौवन मही, सबद करत गुजार ।। १९

---

११ सहज – सरलता से, मायारहित परब्रह्म-परमात्मा
'मै' 'तै' – मेरापन और तेरापन [अहम् और त्वम्]

१५ परलै-काल – प्रलय-काल । १६ साहिब – परमात्मा । १८ विवरा – विवरण [रहस्य] अजपा – बिना रसना के स्वाभाविक जप ।

१९ एक नार – रसना स्थित नाडी ।
सहस एक चौवन मही – रसना मे स्थित एक हजार एक सौ चौवन सूक्ष्म नाडियाँ ।

कंठ प्रेम प्रकासिया हृदै होत धमकार ।
नाड़ नाड चेतन भई मन आयो इतबार ॥ २०

नाभ कवल में सचर्‌या सहस च्यार परकास ।
नाड़-नाड न्यारी धुर सुणै रामियादास ॥ २१

बहोत्तर नाड़ी बंक की मिली बंक में आय ।
रामदास सब फेर कर, उलटा अभर भराय ॥ २२

नाड सवासौ एक ही सहस पांच परवान ।
रामदास तन भीतर, ए बड नाड वखाण ॥ २३

महो नाड दूजी घणी, तीन लोक विस्तार ।
रामदास तन सौभ कर सब का करो विचार ॥ २४

नाडी बहोत्तर हजार हैं सब ही तन के माय ।
सबी मिलाणी तीन सू, तिरवेणी में आय ॥ २५

इला पिंगला सुषमणा तिरवेणी के सट्ट ।
रामदास ता ऊपर, मंडया सहज ही मट्ट ॥ २६

वाहां सू आघा गया परम सुन्न के मांय ।
गिगन-कूप में रामदास, अमृत भर भर पाय ॥ २७

---

२ कंठ प्रेम प्रकासिया – शब्द की गति का कंठ में प्रवेश करने पर विशेष स्थिति ।
हृदै होत धमकार – शब्द के हृदय तक पहुँचने पर विशेष स्थिति ।

२१ सहस च्यार परकास – शब्द के नाभि-कमल तक पहुँचने पर नाभि स्थित चार हजार नाड़ियों में प्रकाश का होना ।

२२ बहोत्तर नाड़ी बंक की – बंक नाल की बहत्तर नाड़ियाँ ।

२३ ए बड – शरीर के भीतर पाँच हजार एक सौ पच्चीस नाड़ियाँ बड़ी नाड़ियाँ ।

२४ महो नाड़ – सूक्ष्म नाड़ियाँ ।

२५ तीन सूं – इला पिंगला और सुषुम्ना । बहोत्तर हजार – योगाभ्यासी सन्तों के मतानुसार शरीर में कुल बहत्तर हजार नाड़ियाँ मानी गई हैं जिनमें शब्द द्वारा प्रकाश होता है । तिरवेणी – इला पिंगला व सुषुम्ना का संगम-स्थल ।

२६ सहज ही मट्ट – माया विशिष्ट परब्रह्म परमात्मा का स्थान ।

२७ परम सुन्न – माया रहित परब्रह्म परमात्मा का स्थान । गिगन कूप – शून्याकाश ।

नाड नाड अमृत झरै, पीवत सबै सरीर ।
रूम-रूम बिच रामदास, चलत सुखम की सीर ॥ २८

साढा तीन किरोड मे, एक होत ररकार ।
सहजै सिवरण रामदास, ताका अत न पार ॥ २९

उर अतर नख-सिख बिचे, एक अजप्पा होय ।
रामदास या सतगति, साधू जाणे कोय ॥ ३०

जाप किया मुख द्वार ते, रसना चाली सीर ।
अजपा सिवरण घट विचै, को जाणै गुरुपीर ॥ ३१

गिगन-मडल मे रामदास, अनहद घुरिया नाद ।
रूम-रूम साई मिल्या, सिवरण पाया स्वाद ॥ ३२

इति श्री सिवरण को अग

*

[७]

अथ श्री सिवरण मेध्या को अंग*

साखी

अध-सिवरण रसणा लिया, मास दोय इक सास ।
कठ-कवल मे रामदास, प्रेम भया परकास ॥ १

---

२८ **सुखम की सीर** – सुषुम्ना नाडी से स्रावित होने वाली अमृत की धारा ।

२९ **साढ़ा तीन किरोड** – योगाभ्यासी सन्तो के मतानुसार शरीर पर स्थित रोमावलियाँ । **सहजै सिवरण** – नाभि मे शब्द का प्रकाश होने पर अजपा जाप होता है, वही सहज सिवरण कहलाता है । **ररकार** – माया रहित परब्रह्म-परमात्मा के 'रकार' का गूजन ।

३१ **गुरुपीर** – गुरु-भक्त ।

३२ **अनहद** – अनाहत, योगियो को सुनाई देने वाली एक आतरिक 'रकार' ध्वनि ।

***टिप्पणी**—इस अग मे आचार्य श्री रामदासजी महाराज ने अपनी भजन-साधना मे शब्द की गति के काल क्रम का स्वानुभवो के आधार पर विवेचन किया है ।

१ **अध-सिवरण** – रसना का स्मरण [निरन्तर श्वासोच्छ्वास राम-स्मरण से रसना मे दो मास तक शब्द गति की स्थिति]

मध सिवरण कठ होत है, गदगद उठ इक धार ।
सूरा साधू रामदास, करत हृदा की सार ॥ २

बरस एक श्ररु पच दिन हृदा कवल में ध्याय ।
उत्तम सिवरण रामदास, सहजां सुरत लगाय ॥ ३

अत उत्तम सिवरण नाम में रूम-रूम झणकार ।
रामदास गुरु सबद तें सहजां लगी पुकार ॥ ४

नाभि कवल अस्थान में बरस दोय विश्राम ।
बक-नाल ह्वय रामदास लिया मेरु मुकाम ॥ ५

मेरु उलघ ऊंचा चढया त्रगुटी सिंध मझार ।
रामदास धीरज नहीं अन्तर अत पुकार ॥ ६

त्रगुटी सुख कहा जाणिए तीन गुणां का धाम ।
रामदास त्रगुटी पर अमर निरजन राम ॥ ७

आठ बरस और मास चत्त, पिछम त्रगुटी घाट ।
रामदास तामें पछे खुली सुख की बाट ॥ ८

रामदास बीसौ बरस तामें काती मास ।
ता दिन छाडी त्रगुटी किया ब्रह्म में बास ॥ ९

---

२ मध-सिवरण – कंठ-स्मरण (कंठ में शब्द की स्थिति)

३ उत्तम-सिवरण – हृदय-स्मरण [हृदय-कमल में शब्द प्रकाश की स्थिति एक वर्ष और पाँच दिन तक] सहजां सुरत – स्वाभाविक शब्द एवं सुरत का संयोग ।

४ अति उत्तम सिवरण – नाभि-स्मरण [नाभि-कमल मे शब्द प्रति की स्थिति दो वर्ष तक] पकार – अजपा जाप ।

५ मेरु मुकाम – मेरुदण्ड मे प्रवाह ।

६ त्रिगुटी – सहस्रार चक्र

७ तीन गुणां का धाम – १ प्रकृति का स्थान ।

८ — त्रिकुटी स्थित सन्तपति आठ वर्ष और चार मास तक रही तदन्तर परब्रह्म परमात्मा के निवास (सुख) का द्वार खुल गया ।

९ — आचार्य श्री को संवत् १८२ के कार्तिक मास में भजन-साधना के अन्तिम लक्ष्य असम्प्रज्ञात-समाधि की स्थिति प्राप्त हुई ।

त्रगुटी ताई रामदास, पडै काल को घात ।
त्रगुटी जीता सुन गया, ताकी पूरण बात ॥ १०

त्रगुटी हेठै दास हुय, त्रुगटी चढिया साध ।
जाय मिल्या पर-सुन्य मे, जाका मता अगाध ॥ ११

जाय मिल्या पर-सुन्य मे, सो मेरे सिरताज ।
रामदास देख्या सही, एक ब्रह्म का राज ॥ १२

इति श्री सिवरण मेध्या को अग

*

अथ अकल को अंग

साखी

अकल दई है रामजी, किरपा कर करतार ।
रामदास सता लई, और चले जग हार ॥ १

अकल आप अवगत्त की, चल आई जग माहि ।
सत सभाई रामदास, दुनिया कू गम नाहि ॥ २

अकल जिणा दी जाणिये, सिवरे सिरजणहार ।
रामदास सिवरण बिना, और अकल सब ख्वार ॥ ३

इति श्री अकल को अग

*

---

११ त्रगुटी हेठै वास – त्रिकुटी तक साधक की अवस्था ।
त्रिगुटी चढ़िया साध – त्रिकुटी से ऊपर सिद्ध की अवस्था ।
२ अवगत्त – अविगत (परब्रह्म) ३ ख्वार – निस्सार ।

[१]

अथ उपदेश को अंग

साखी

रामदास सत सबद की एक धारणा धार ।
भवसागर में जीव है समझ'र उतर पार ॥ १

रामदास गुरुदेव सू ता दिन मिलिया आय ।
आदि अंत लग जोडिये कोडीधज्ज कहाय ॥ २

सब मे व्यापक ब्रह्म है देख निरख सुध हाल ।
जसी तुम कमज्या करो तसी में फिर माल ॥ ३

कमज्या कीज राम की सतगुरु के उपदेस ।
रामदास कमज्या किया पावै नाम नरेस ॥ ४

चार वेद ब्रह्मा कहै अनत कोटि कह सत ।
रामदास सिव सेस कहै विष्णु कहै निज तत ॥ ५

हणूमान लछमण कहै सीता ई कह राम ।
रामाइण उपदेस बिन कहां नही विश्राम ॥ ६

सबको यो उपदेस है समझ'र करो विचार ।
रामदास इक राम बिन वुहो जाय ससार ॥ ७

सतगुरु के उपदेस सू हम सिवरया नित नेम ।
आदि-अंत बिच रामदास रह्यो एक ही प्रेम ॥ ८

काहू तोने ओभगी, राम बिना कहे सैण ।
रामदास इक राम बिन कुण तुम्हारे सैण ॥ ९

जीभ बिचारी क्या कर मन हाथ सब बात ।
रामदास मन उलट कर सिवरया त्रिभुवन-नाथ ॥ १०

---

१ कमज्या – करणी (कर्म) ।

मन माया सू काढ कै, साई माहि मिलाय ।
रामदास सबसे परे, परम पुरुष मे जाय ॥ ११

मीठी वाणी बोलिये, रामा सोच विचार ।
मुख पावे साई मिले, औरा कू उपकार ॥ १२

रामा सुमिरो राम कू, भूलो मती गिवार ।
ऐसो औसर बहौर के, मिले न वारम्वार ॥ १३

तू चाल्यो है किधर कू, साई है कुण देस ।
जिण गेले साई मिले, सो न्यारा उपदेस ॥ १४

गुरु गोविंद की महर ते, हम तो पाया ग्यान ।
रामदास रट राम कू, अतर उपजै ध्यान ॥ १५

चन्द्रायण

पेडे मे विसराम विलम नही लाइये ।
सतगुरु सरणे आय रामगुण गाइये ॥
मुगत द्वार ले सोज विचारे ग्यान रे ।
हरि हा यू कहे रामादास और मत मान रे ॥ १६

साम विना सिणगार, कहो कुण काम रे ।
सब जग जमपे जाय, भज्यो नहि राम रे ॥
राम बिना ससार, सबी है झूठ रे ।
हर, हा राम-रतन सा धन्न, रामिया लूट रे ॥ १७

इति श्री उपदेस को अग

---

१५ महर — कृपा ।

[१]

अथ विरह को अंग

साखी

नण हमारा रामदास, पिव बिन रह्या विसूर ।
असर दाझण मिलण की, तन इन्द्री मन झूर ॥ १

असर दाझण मिलन की पिंजर करे पुकार ।
नणा रोय राता किया सो कारण भरतार ॥ २

घाव कलेजे भाल बिन रामा साले नित्त ।
रात दिना खटकत रहै तुझ कारण मुझ मित्त ॥ ३

विरह भाल उर में लगी अन्तर साले नित्त ।
रामदास सुख ऊपजे आय मिले मुझ मित्त ॥ ४

बांझ नार के पुत्र बिन नित झूरत दिन जाय ।
रामदास यूं तुझ बिना तालावेली मांय ॥ ५

निरधन झूरै धन बिना फल बिन नागर वेल ।
रामा झूर राम बिन बिरही सालै सेल ॥ ६

विरह आय घायल किया रोम रोम में पीर ।
रामदास दुखिया घणा हुद सदूक सीर ॥ ७

कुजर झूरे यम ज्यूं सूआ अवा काज ।
बिरहन झूरे पीव यूं कवै मिलो महाराज ॥ ८

बनइ झूरे बीर यूं यर यूं झूरै नार ।
रामा झूर पीय यूं दरसण दो भरतार ॥ ९

दरसण कारण रामजी तलपत हूं निरास ।
रामा पिय पाया नहीं प्राण दुखी परभात ॥ १०

---

१ दामण – दाह जलन । २ पिंजर – काया । ५ तालावेली – उत्कट व्याकुलता ।

आठ पहौर चौसठ घडी, झूरत मेरा जीव ।
रामदास दुखिया घणा, दरसण द्यो अब पीव ॥ ११

तुमरे दरसण बाहिरो, सब दिन अहला जाय ।
सो दिन नीका होगया, तुम ही मिलोगा आय ॥ १२

तुम मिलवा के कारणे, रामा झूरै सास ।
तालावेली जीव मे, कद पूरोगे आस ॥ १३

विरह आय अन्तर बसै, सतगुरु के परताप ।
रामदास सुख ऊपजे, आय मिलोगे आप ॥ १४

तुमरे मिलिया बाहिरो, दाझै बारुबार ।
रामा बिरहिन कारणे, आण मिलो भरतार ॥ १५

तुम मिलिया बिन मै दुखी, विरही ऊठे लाय ।
रामदास के तुम बिना, दम-दम अहला जाय ॥ १६

रामा स्वारथ कारणे, झूरै सब ससार ।
मै झूरू परब्रह्म कू, अन्तर दो दीदार ॥ १७

अन्तर दाझण बिरह की, तुम कारण निज राम ।
तुमरै दरसण बाहिरो, सकल अलूणो काम ॥ १८

तुम मिलवा के कारणे, विरहण बूझै ध्याय ।
रामा तणो सदेसडो, कहो बटाऊ जाय ॥ १९

वाट बटाउ सब थक्या, थकिया मेरा प्राण ।
रामदास तन भीतरै, बिरही लागे बाण ॥ २०

पाव पख मेरे नही, मै अबला बल नाहि ।
मिलबा की सरदा नही, झुरणो पिजर माहि ॥ २१

मो झुरवा को जोर है, दूजा कछू ना होय ।
तुम हो जैसी कीजिये, दरसण दीजे मोय ॥ २२

---

१६ लाय – अग्नि की लपट । १८. बटाऊ – पथिक ।

बिरह् विलापा कर रही दुखी होय यही जग्र ।
रामदास निज पीव कू झुर रण-द्यू मग्र ॥ २३

रैण विहाणी जावतां दिन भी बीतो जाय ।
रामदास विरहिन झुरै पीव न पाया माय ॥ २४

रामदास विरहन दुखी दुखी होत वहो जिंद ।
दुखी जीव करुणा करै तोहि बिना गोविन्द ॥ २५

रामदास कहै विरहिनी, जाल करू तन छार ।
हरि दरसण पायां बिना द्रिग जीतव जम्मार ॥ २६

द्रिग हमारा जीविया मांज करू तन भूख ।
रामदास सांई बिना रोम रोम में दूख ॥ २७

बिरहो तणो संदेसड़ो सुणो पियारे मित्त ।
सो बिन झूरे रामियो, सास-उसासा नित्त ॥ २८

तुम आवो अब रामजी तुम बिन दुखिया जीव ।
तुम बिन झूरे विरहिनी परमसनेही पीव ॥ २९

तुम मिलबा के कारणे दिन दिन दूणी चाय ।
रामदास बिरही भया इन्दर लागी लाय ॥ ३०

आठ पहौर बिरही जगै जाका मोटा भाग ।
रामा प्रीतम कारणे उनमन अति बैराग ॥ ३१

अंतर दाझण विरह की ताको लखै न कोय ।
रामदास सो जाणसी जा घट लागी सोय ॥ ३२

लागी जब हि जाणिये आठू पहौर बिसूर ।
रामा प्रीतम कारणे रूम-रूम सब झूर ॥ ३३

---

२३ रैण-द्यू – रात और दिन । २६ द्रिग – धिक्कार । जीवत – जीवित रहना । जम्मार – मनुष्य-योनि ।

३१ उनमन – उन्मना अवस्था (नाभि-कमल से आगे शब्द की स्थिति में विरहावस्था की जागृति)

पिव मिलवा के कारणे, विरहिन ऊठै लाय ।
रामदास कैसे मिटे, पीव विना दुख पाय ॥ ३४

तुम सुख सागर साइंया, विरही दाभ मिटाय ।
दव लागो तन भीतरे, तुम मिलिया सुख पाय ॥ ३५

रामदास के विरह की, अन्तर लगी पुकार ।
रातदिना लागी रहे, सतगुर के उपकार ॥ ३६

इति विरह को अग

*

[११]

अथ ज्ञान संजोग विरह को अंग

साखी

दीपक लाया रामदास, भीतर धरिया आण ।
पावक तेल मिलाविया, हुवा चानणा जाण ॥ १

तन दीपक कर रामदास, मनवा तेल मिलाय ।
जीव पतगा जानिये, साईं पावक लाय ॥ २

पावक भीतर परजल्या, धूवा दीसै नाहि ।
रामा जुग जाणे नही, पीडा पिजर माहि ॥ ३

बिरह लगाई सतगुरु, हुई अपरबल आग ।
रामा जाली जल गई, न्यारा हुय बडभाग ॥ ४

बिरह-अगन घट मे जगै, ताहि लखै नहिं कोय ।
का जाणो जिणही दिया, का बीती हुय सोय ॥ ५

लगी चोट तन भीतरै, सब तन खोला थाय ।
रामदास बीती बिना, कहो कैसे पतआय ॥ ६

---

३५ दव – दावाग्नि ।
३ परजल्या – प्रज्वलित हुई । ४ अपरबल – प्रबल । ६ पतआय – विश्वास आये ।

विरह ज्ञान परकासिया, अंतर भया उजास ।
रामदास अब विरह कूं पीव मिलण की आस ॥ ७

विरह ज्ञान अंतर धस्या, भाग उद हुआ ग्यान ।
रामदास सोभी भई मिटग्या तिमिर अग्यान ॥ ८

विरह ज्ञान परकासिया घट घट दीसे एक ।
रामदास दुबध्या मिटी पाया ग्यान बसेक ॥ ९

ज्ञान विरह तब जानिये पिव सूं लागी प्रीत ।
और विरह अज्ञान की, जाण जगत की रीत ॥ १०

विरह न छांडूं रामदास तन मन रहूं लगाय ।
विरहा मोहि मिलावसी परम सुन्य के मांय ॥ ११

रामा मिलणा दुलभ है साहिब सेती जाय ।
विरह ग्यान परकासिया आण मिलाया मांय ॥ १२

विरह ज्ञान विचारिया, घट में आतम राम ।
रामें पर किरपा करो सकल सुधारण काम ॥ १३

विरहा आया ज्ञान का रोम रोम भरपूर ।
रामा सांई सूं मिल्या और सकल भ्रम दूर ॥ १४

जड़ चेतन में रामदास रहे राम भरपूर ।
च्यारखक चवदे भवन सब घट एको नूर ॥ १५

सब घट मेरो सांइयां दूजा और न कोय ।
विरह ज्ञान परकासिया जित देखूं तित सोय ॥ १६

रामा गुरु के ज्ञान का अन्तर किया विचार ।
किरपा कर पधारिया सुख-सागर भरतार ॥ १७

इति श्री ज्ञान संजोग विरह को अंग

---

९ बसेक – विशेष ।
१५ एकोनूर – एक ही परमात्मा का प्रकाश (परब्रह्म)

[१२]

अथ परचा* को अंग

साखी

राम मिल्या रसणा हृदै, चले नाव निज नाभ ।
वक-नाल सेरी खुली, घुरे अखड घन आभ ॥ १

मेरु उलघे रामदास, चढे त्रगुटी जाय ।
सुपम धार चहु दिस चलै, दिना-रात लै न्हाय ॥ २

गग चलत अकास ते, पीवत सब ही गाव ।
नाड - नाड रस ऊपजै, रामदास निज नाव ॥ ३

धुन लागी आकास मे, रूम-रूम झणकार ।
नखसिख सारा वीधिया, रामदास ररकार ॥ ४

सता की गति रामदास, जग तै लखी न जाय ।
बाहिर तो ससार सा, भीतर उल्टा थाय ॥ ५

उलटा खेल बिकट घर, मिलै रामियादास ।
पाच पचीस सू उलट कर, किया ब्रह्म मे वास ॥ ६

मन लागा निज मन ते, निज मन है निज रूप ।
ब्रह्म निरालब रामदास, अनभै अकल अरूप ॥ ७

देही माही देहरा, तामे निरजन देव ।
रामदास उलटा मिलो, करो सुरत वध सेव ॥ ८

---

* परचा—परिचय [योग-साधना के मार्ग की अनुभूतियाँ]

१ आभ – आकास । सेरी – छोटा दरवाजा ।

३ गग – सुषुम्ना ।

६ पांच पचीस – पाच तत्त्व और पच्चीस प्रकृतिया [प्रकृति का सम्पूर्ण विकार]

७ अनभै – अनुभव रूप—अनुभवजन्य ।

८ देही माही देहरा – शरीर मे स्थित आत्मा का मन्दिर ।

आहार सुखम निद्रा तज आसण करे अखड ।
पांच उलट क रामदास यू भेंटै ब्रह्मड ॥ ९

सुरत मिली ब्रह्मड में, घुरे अनाहद तूर ।
हुवा चानणा रामदास सुन मे ऊगा सूर ॥ १०

रामदास सुन-सहर म वास किया है जाय ।
चाकर एकई ब्रह्म का खरा महीना खाय ॥ ११

रामा राम हजूर में, आठ पहोर आधीन ।
परालखद की प्रीत सू दोसत पाया दीन ॥ १२

मन मेवासी वस किया थाणा दिया उठाय ।
रामदास गढ पर चढ्या निरभ नौवत वाय ॥ १३

रामदास गढ पर चढ्या भेंट्या राम दिवाण ।
रण मिटी भय भाजग्या, कोटक ऊगा भाण ॥ १४

दरग पहोता दीन मे, सनमुख कीनी वात ।
सुरत नण सु निरखिया, रामा ब्रह्म अजात ॥ १५

ग्यानी ध्यानी सब सुणो सुणो जगत अरु मेरा ।
रामदास सांची यहै मिसिया अमर असरा ॥ १६

राम मिल्या या रामदास समाचार है एक ।
शिष शिष दासी पाय सत मेवा भर अनक ॥ १७

राम मिल्या गा रामदास मणमे भागद होय ।
जगत भग मू गम नही भगी जाणे सोय ॥ १८

याग मनभ गयद मू याग र मर विचार ।
रामदास गो पायमी साईं का गोगार ॥ १९

---

९ उलट-उलट । १२ परालखद-प्रारब्ध । दीन-दयानिधि परमात्मा ।
१४ कोटक ऊगा भाण-कोटि सूर्य के समान प्रकाशमान परमात्मा [illegible] ।
१९ [illegible] ।

मै मिलिया दीदार मे, साहिब सेती जाय ।
रामदास सुन सहर मे, रहे अटल मठ छाय ।। २०

इला पिंगला सुषुम्ना, तिरवेणी के तीर ।
रामदास ता बीच मे, चले सुखम की सीर ।। २१

सीरा छूटी चहु दिसा, भीजत सबही अग ।
रामदास जह रम रह्या, साईं हदै सग ।। २२

रामदास सत सबद की, चली पयाला सीर ।
जाय मिली आकास मे, सुख सागर के तीर ।। २३

रामदास पाताल का, पाणी चढ्या आकास ।
जह साधुजन सपडै, नीर पिवै निज दास ।। २४

अधर ध्यान आकास मे, रहे अटल मठ छाय ।
रामदास घर सत का, काल न पहुचे जाय ।। २५

जह काल तणो सारो नही, नाही जम का जोर ।
रामदास जह रम रह्या, अनहद की घन घोर ।। २६

रामदास अनहद परै, सत किया जाय वास ।
जह चद, सूर, तारा नही, नही धरण आकास ।। २७

रामदास घर सत का, जहा न दूजा लेस ।
जहा ओऊ सोऊं नही, ना माया परवेस ।। २८

सोऊ सबद नाभि बसै, ओऊ त्रगुटी माय ।
रामदास ताके परै, अखै निरजन राय ।। २९

---

२३ पयाला – पाताल ।

२४ जब शब्द-गति वकनाल के मार्ग से मेरुदण्ड का भेदन कर और सुषुम्ना मे धावित होकर त्रिकुटी मे स्थित होती है तब वहा जो अमृत-स्रवण होता है, सत-जन उसी मे स्नान करते हैं एव उसी अमृत का पान करते हैं ।

२८ ओऊ सोऊ – मायाविशिष्ट परमात्मा का स्वरूप ।

२९ अखै – अक्षय ।

पाच पचीस सूं रामदास मिल त्रगुटी माय ।
सुरत समाणी निरत में निरत निरजन राय ॥ ३०

निरत नियारा ब्रह्म है तासु मिलाया जीव ।
रामदास सासा मिट्या पाया भम्मर पीव ॥ ३१

पीव प्रीतमा ब्रह्म है जहां निरजण जोत ।
रामदास तासू मिल्या मिटी सकल भ्रम छोत ॥ ३२

जहां पाप पुन पहुचें नहीं जांमण मरण मिटाय ।
रामदास ता घर मह्ो, कोई साधुजन जाय । ३३

प्रघर घर तकिया प्रघर, प्रघर भमर दीवाण ।
रामदास तासू मिल्या, पाया पद निरवाण ॥ ३४

बाण जहां लाग नहीं, निरमय हुवा दास ।
रामदास जह मिल रह्या नहीं काल की पास ॥ ३५

जह जनम-मरण व्याप नहीं नहीं काल को जाल ।
रामदास जहं मिल रह्या बारे मास सुकाल ॥ ३६

जहं राग दोष व्यापै नहीं है प्रणभगी देस ।
रामदास जहं घर किया सतगुरु के उपदेस ॥ ३७

हद बेहद दोनू नहीं धरण गिगन दोउ नांहि ।
मन पवना दोनू नहीं रामा जिस घर मांहि ॥ ३८

चंद सूर दोनू नहीं ना प्राचार विचार ।
पुधा तृषा व्यापै नहीं है सुख प्रनत प्रपार ॥ ३९

'प्रोऊं सोऊं' जहां नहीं जह नहिं सांस उसांस ।
ब्रह्मा विष्णु सिव सेस नहीं जहं है ब्रह्म विलास ॥ ४०

---

३४ तकिया भमर – फकीर का स्थान ।
३५ काल की पास – यमराज की फांसी बन्धन ।
३७ प्रणभंगी – देशकाल एवं परिणाम से रहित [परब्रह्म]

रामा ब्रह्म विलास मे, दिष्ट मुष्ट कछु नाहिं ।
निराकार निर्लेप है, जीव सीव के माहिं ॥ ४१

जीव सीव भेला भया, मिले ओत अरु पोत ।
रामा साईं एक है, जहा ब्रह्म निज जोत ॥ ४२

जोत मिलाणी जोत मे, एक मेक दरसाय ।
रामा साईं ए है, कबहु न्यारा नाहि ॥ ४३

इति परचै को अग

*

[१३]

अथ सूर* परचा को अंग

साखी

पूरब-दिस हरिजन मड्या, सत का खडग सभाय ।
मनवा आया चालकै, सनमुख राड कराय ॥ १

पूरब पौल भारत मड्यो, करै लडाई सूर ।
रामदास आघा धसै, जा मुख सेती नूर ॥ २

दोय महीना बीच मे, जीता पूरब पौल ।
रामदास सत-सूरवा, मोह घर घाली रौल ॥ ३

मोह पकड पूठा दिया, कठ मे मडिया जाय ।
जीव जगाया रामदास, गद-गद लहरा थाय ॥ ४

उभै पौल कायम करी, मोह कु दिया उठाय ।
थाणा थपिया राम का, रामो राम रटाय ॥ ५

---

४१ दिष्ट मुष्ट – दृश्य, दृष्टा तथा ग्राहक, ग्राह्य । सीव – ब्रह्म ।

*सूर परचा – शूरवीर का परिचय (आध्यात्म-साधक को धर्म-ग्रथो मे शूरवीर माना गया है)

१ राड – युद्ध । ३ दोय महीना बीच मे, जीता पूरब पौल – दो मास तक नाम-स्मरण कर रसना-द्वार पर विजय प्राप्त की । रौल – झगडा ।

५ उभै पौल – रासना एव कठ-स्थान ।

दोनों पोलां जीत कर, तीजी मढ़िया जाय ।
रामदास सत सूरवां सत का सेस समाय ॥ ६

हिरदे में सिवरण हुवे, स्रवणां मुरली वाज ।
रामदास हरिजन मह्या तजी लोक-कुल-लाज ॥ ७

काम क्रोध को मारिया, भागा मान-गुमान ।
रामदास निज सत के हिरदे लगा एक ध्यान ॥ ८

हुवा कवल में रामदास हरिजन मांही राह ।
मन पकड़ पूठा दिया करी सील की बाह ॥ ९

बरस एक अरु पांच दिन हुवा कवल बस कीन ।
रामदास आगे चल्या मनुवा होय लवलीन ॥ १०

हस्ती चढ़िया ज्ञान के साथ सील सतोष ।
नाभ कवल में रामदास, उठी सबद की सोष ॥ ११

तीनूं पोलां जीत क, चौथी मढ़िया जाय ।
रूम-रूम विच रामदास, एको राम रमाय ॥ १२

मन पवना एके हुआ सिवरण सांस उसांस ।
रामदास सत सूरवां नाभी कीना वास ॥ १३

नाड़-नाड़ चेतन भई रूम-रूम झणकार ।
उर-अंतर विच रामदास एक सबद ररकार ॥ १४

नाद गरजिया गिगन में घर भंवर गुंजाय ।
रूम-रूम विच रामदास सहजां नाच नचाय ॥ १५

चारूं पोलां बस करी थप्या राम का राज ।
रामदास हरिजण सुगम आनंद माद मी बाज ॥ १६

---

९ तीजी – तीसरी पोल अर्थात् हृदय-स्थान ।
११ सोष – मधी । १२ तीनूं पोलां जीत कं – रसना कंठ और हृदय ।
चौथी – नाभि-स्थान ।

चतुर्दशा

दोय बरस नाभो रह्या, थाणा दिया थपाय ।
ताकै पीछै रामदास, चल्या पयाला जाय ॥ १७

सप्त पयाला बीच मे, एको राम रमाय ।
सेस चरण मे रामदास, सीस निवाया जाय ॥ १८

सेस तणी दरसण कियो, अटल सेस को धाम ।
दोय हजारा जीभ विच, एक राम ही राम ॥ १९

सेस रटण देखी जबै, सिवरण मता अगाध ।
रामदास ऐसे रटै, उलट कहावै साध ॥ २०

रामदास आघा चल्यो, पछिम दिसा की वाट ।
वक नाल हुय चालिया, लघिया औघट घाट ॥ २१

सुरग इंकीसा बीच मे, एको राम रमाय ।
रामदास सत सूरवा, मड्या मेरु मे जाय ॥ २२

मेरु उलघ्या रामदास, दिया काल सिर पाव ।
आकासा आसण किया, उलट खेलिया डाव ॥ २३

आकासा आसण किया, लग्या उनमनी ध्यान ।
तेजपुज परकासिया, अनता ऊगा भाण ॥ २४

नौबत बाजै गिडगिडी, अनहद घुरै निसाण ।
रामदास चढ त्रगुटी, धरै अखण्डत ध्यान ॥ २५

पिण्ड ब्रह्मण्ड को जीत के, चढै त्रगुटी जाय ।
रूम-रूम बिच रामदास, एको राम रमाय ॥ २६

रामदास गढ पर चढ्या, अनहद घुरै निसाण ।
तीन लोक चवदै भवन, फिरी राम की आण ॥ २७

---

१८ सप्त पयाला – सात पाताल ।
२२ सुरग इकीसां – मेरुदण्ड की इक्कीस मणिया ।

भोम्या सब सनमुख हुवा चोर पलट भया साहू ।
बरी सो मितर हुआ, निकट चलायो राह ॥ २८

तिहूलोक मिल त्रगुटि हद-बेहद बिच धाम ।
रामदास याक परै अमर निरंजन राम ॥ २९

सूरबीर सू रामदास, मिल्या त्रगुटी माय ।
त्रगुटी आग चालबो देसी सीस कटाय ॥ ३०

पाँच पचीस सू रामदास मिले त्रगुटी मांहि ।
आगे केवल ब्रह्म है, या सेती गम नांहि ॥ ३१

मन पवना अरु चित बुध त्रगुटी ताईं दौड़ ।
आगे केवल ब्रह्म है या चलबा नहीं ठौड़ ॥ ३२

मन मनछा का रामदास त्रगुटी ताईं सूत ।
आगे केवल ब्रह्म है जहां न माया भूत ॥ ३३

महू-माया जोती प्रकृति मिल्या सुन्य के मांहि ।
सुन आतम इछा मिली, इछा भाव के मांहि ॥ ३४

भाव मिल्या परभाव में, ता पर केवल ब्रह्म ।
तिहूंलोक जाणे नहीं रामा यांका भ्रम ॥ ३५

इति श्री सूर परचा को अंग

★

---

२८ भोम्या – भूमिपति राजा ।
३५ भ्रम – मर्म ।

[१४]

अथ पीव परचा को अंग

साखी

रामा एकै पीव बिन, मेरे दुख अपार ।
सुखिया केम दुहागिणी, कहो किनके आधार ।। १

एक दिहाडा पीव बिन, मेरे अहला जाय ।
रामदास दुहागिनी, कहौ कैसे सुख थाय ।। २

रामदास घोडै चढौ, बार न लाग्रो छिन ।
वेगि मिलो निज पीव सू, पीछै पडसी भिन ।। ३

घोडा करिये ज्ञान का, सबद-ताजणा हाथ ।
लिव की करो लगामडी, साथे जान-बरात ।। ४

पीठी करिये प्रीत की, प्रेम पटोलो लाय ।
रामदास कर कचवौ, साडी सुमत औढाय ।। ५

तत तोरण मन थभ कर, हरि हथलेवो लाय ।
रामा चवरी अगम की, पिव सू फेरा खाय ।। ६

गम कर गहणो पहरियो, सजिया सब सिणगार ।
नैणा काजल नेम का, दीपक दिल दीदार ।। ७

रामदास महला चढ्या, पिव सू परचा होय ।
अरस परस मिल खेलिया, दूजो और न कोय ।। ८

सुरत सुहागण सुन्दरी, मन राख्यो बिलमाय ।
रामदास नग निरखता, प्रीतम मिलिया आय ।। ६

---

२ विहाडा – दिन ।

४ सबद-ताजणा – शब्दों के चाबुक ।

प्रीतम मिलिया प्रम सू, पूरी मन की प्रास ।
सुन्य सेजा में रामदास प्राठू पहौर विलास ॥ १०
पीहर मेरा परम गुरु भाई सील सतोख ।
पीव हमारा ब्रह्म है, रामें पाया पोख ॥ ११
पिता हमारा सतगुरु ररंकार भरतार ।
सुन सेजा म रामदास प्राठ पहौर हुसियार ॥ १२
पिता माहि परणाविया पूरबला भरतार ।
प्रमर सुहागिन में भई प्रमर पुरस की नार ॥ १३

इति श्री पीव परचे को अंग

*

[१५]

अथ हरिरस को अंग

साखी

रामदास प्याला पिया रूम रूम भरपूर ।
छकिया मछक नाथ सू और भरम सब दूर ॥ १
रामदास हरिरस पिया मायागयण मिटाय ।
पापा पमम भुम्हार मा फर न पकरी भाय ॥ २
रामा हरिरस पीवता घडी अधिक मसयाल ।
गुरबीर मा पीयमी मांगें गौरा पलाम ॥ ३
रामदास हरिरस पिया तग मा भरप्पा प्राण ।
राम गुप्यां सु हरि मिल्ल जप सग गुहगो जाण ॥ ४

---

४ वाणी — ८ ॥।

पिया पियाला प्रेम का, पीवत अधिक रसाल ।
रामदासे लागी रहै, आठ पहौर मतवाल ॥ ५

रामदास मतवाल की, महिमा कही न जाय ।
पीया सोई जाणसी, औरा गम्म न काय ॥ ६

सबै रसायण सोझ कर, अतर किया विचार ।
रामदास हरिरस सही, और रसायण छार ॥ ७

रूम-रूम मे रस पिया, लागी अधिक खुमार ।
मुगत न मागे रामदास, मागे हरि दीदार ॥ ८

हरिरस पीया रामदास, पीकर भया मगन्न ।
जाय मिल्या परब्रह्म मे, हरि सू लगी लगन्न ॥ ९

और अमल सब झूठ है, सो जग का ब्यौहार ।
रामदास जिनही पिया, किया जनम सब छार ॥ १०

मद पीवे मतवाल कर, पल मे ऊतर जाय ।
रामदास फिट मानबी, और अमल क्या खाय ॥ ११

और अमल सब झूठ है, सो दुनिया के काज ।
रामा राम अमल सू, मिले राम महाराज ॥ १२

रामदास हरिरस पिया, जग ते न्यारा होय ।
जिण दिसा मे घर किया, नर सुर नाग न कोय ॥ १३

जन रामा हरिरस पिया, दीया सीस उतार ।
जनम-मरण सब मेटिया, दूजी देह विसार ॥ १४

तारी लागी गिगन मे, अगम चढी मतवाल ।
रामदास अब मगन हुय, घूमे घरा कलाल ॥ १५

तन-मन दिया कलाल कू, सीस सूपिया जाय ।
रामदास प्यासा घणा, भर-भर प्याला पाय ॥ १६

---

११ फिट – धिक्कार ।

भाटी पव गिगन में सुरत पियाला झेल ।
रामदास पी मगन हुय मंडया अगम घर खेल ॥ १७

हरिरस पीया रामदास, अछक छक्या है प्राण ।
आठ पहोर घूमत रहू, जग की तजी पिछाण ॥ १८

एसा पीया रामदास दूजा सवै भुलाय ।
आठ पहोर दादार में साइ सू लिव लाय ॥ १६

साई सू रत्ता रहै विसर गया जग वाण ।
रामदास घूमत रहै पाया पद निरबाण ॥ २०

इति हरिरस को अंग

[११]

अथ लोभ को अंग

साखी

प्राण हमारा रामदास पीया निर्मल नीर ।
अतर तिरषा ना मिटी प्यासा बहुत सरीर ॥ १

रामदास लोभी भया समदां किया सिनान ।
अतर पाणी ना पिया तिरसा घणी पिराण ॥ २

रामा-धन के कारण कूर मेरा छन्न ।
जोडत जोडत जोडिया तिरषा मिटे न मन्न ॥ ३

रामदास लोभी भया उलटा मिलिया आय ।
मन अघप धापै नहीं फेर अगम कू जाय ॥ ४

इति लोभ को अंग

[१७]

अथ हैरान को अंग

साखो

रामदास साई बिना, सब भूठा जजाल ।
पडित ताहि न जानसी, भूठा भखै जजाल ।। १
साई सबके बीच मे, सब ही का करतार ।
पडित ताहि न औलखै, भूठा करे बिचार ।। २
दुनिया भूठे राचणी, केता करे सरूप ।
रामा ताहि न ओलखै, घट मे अकल अरूप ।। ३
हरि बिन सब हैरान है, तामे फेर न सार ।
रामदास साचो कहे, सब ही भूठ बिचार ।। ४
पडित सेती मै कहू, सब ही भूठी जाण ।
रामदास साईं बिना, सब ही है हैरान ।। ५

इति हैरान को अग

[१८]

अथ हेरत को अंग

साखी

रामदास हेरू भया, हरि को हेरण जाय ।
बूद समाणी समुद मे, सो कैसे हेराय ।। १
रामदास हरि हेरता, कैसा करू बखान ।
समुद समाणा बूद मे, जिण का क्या परवाण ।। २

इति हेरत को अग

---

१ भखै – कहता है । २ ओलखै – पहिचानना । ३ राचणी – प्रसन्न होनी है ।

[१६]

अथ जरणा को अंग

साखी

भारी हलका क्या कहूं मो पे कह्या न जाय ।
रामदास सांई मिल्या निरख रह्यू लिव ल्याय ॥ १

माइ निरख्या रामदास ताहि न मान कोय ।
सांई सू मिलता रह्यो, मिलता होय सो होय ॥ २

रामा ऐसी क्या कहो भारी बात अथाय ।
भणिया गुणिया ना लहै कही न माने काय ॥ ३

रामा सांइ अगम है अगम अगोचर बात ।
रात-दिवस सिवरण करा तजिये दूजी तात ॥ ४

अगम देस पैंडो घणो कब जाऊ उस गांव ।
रामदास धीरज धरो पहली कहा कहांव ॥ ५

मोटा बाल न बोलिये, करता अगम अपार ।
रामदास धीरज धरो सहज होय दीदार ॥ ६

जाण छाड अजाण हुय सुध-बुध सब बिसराय ।
रामा ऐसी धारिए, विघन न उपजै काय ॥ ७

वाद-ग्रोद सब छाड के, रह्यो राम लिव लाय ।
रामदास एसी गहो दूजी दूर मिटाय ॥ ८

मद मस छाड्या रामदास निरपख भीया नम्र ।
तीन लोक चवद भवन निरभ येस जग्र ॥ ९

इति जरणा को अंग

---

८ वाद-ग्रोद – विवाद और विरोध ।

[२०]

अथ लिव* को अंग

साखी

पाचू उलटा रामदास, मन एके घर आण ।
सुरत न खडै सबद सू, लिव लागी जब जाण ।। १

लिव लागी जब जाणिये, आठू पहोर अभग ।
कबू न छाडे रामदास, सुरत सबद का सग ।। २

सुरत उडाणी गिगन कू, मिली सून्य मे जाय ।
भाव जागिया रामदास, परभावे लिव लाय ।। ३

रामदास लिव जह लगी, जह निरजण निरकार ।
स्वामी सेवक एक हुय, अरस-परस दीदार ।। ४

नर सुर नाग न सचरै, मुनिजन सके न जाय ।
मन-पवना पहुचे नही, ता घर मे लिव लाय ।। ५

अधर देस लिव अधर है, अधर रहे लिव लाय ।
रामदास मिल अधर मे, सुर नर सकै न जाय ।। ६

रामदास देही परे, मिल्या विदेह मे जाय ।
जह रकार रसना बिना, सहज रहे लिव लाय ।। ७

सोरठा

तज सब ही आकार, निराकार मे पैठ रहै ।
लिव लागी निरधार, रामदास जो सतजन ।। ८

साखी

ऊठत बैठत चालता, सोवत लेह सभार ।
लिव की महिमा का कहू, रामा खडै न तार ।। ९

इति लिव को अग

* लगन

[२१]

अथ पतिव्रता* को अंग

साखी

पतिवरता कै पीव बिन, और न किन सूं प्रीत ।
रामदास विभचारणी, याके अन्र अनीत ॥ १

पतिवरता सो पीव बिन, निजर न झांकै और ।
रामदास विभचारणी जाके नैण न ठौर ॥ २

निजर ठौर राखे नहीं दसौं दिसी भरमाय ।
पतिवरता सो पीव सूं रहै निजर ठराय ॥ ३

विभचारण सो रामदास भाखै आल जजाल ।
पतिवरता कै पीव की आठ पहोर मतवाल ॥ ४

पतिवरता सो जानिये एक पीव सूं नेह ।
रामदास पिव सूं मिल्या दूधां बूंठां मेह ॥ ५

विभचारण पिव देखिया अतर अत्र वस्त आय ।
रामदास दुखिया घणी नणा लागी लाय ॥ ६

जार मिल्या हरखै घणी तन-मन हरखै प्राण ।
रामदास विभचारणी इसा मारखां जाण ॥ ७

जार बहुत है मह में जाका वार न पार ।
रामदास विभचारणी सब सूं भई खवार ॥ ८

पतवरता के पीव बिन बोल्या जीभ कटाय ।
रामदास सुन्य-सेज में पिव सूं हिलमिल थाम ॥ ९

नोट —निर्गुण संत संप्रद में साधक संत को पतिव्रता स्त्री एवं परब्रह्म परमात्मा को पति का रूपक दिया गया है।

१ अंत्र – अंतर में (भीतर) ७ मारखां – लक्षण।

८ जार – पर-पुरुष (लक्षणा से परब्रह्म परमात्मा से अतिरिक्त अन्य देवता)

नैण वैण पिव सू मिल्या, तन मन हरखै प्राण ।
पतवरता के पीव का, आठू पहोर बखाण ।। १०

विभचारण के रामदास, अन्तर दूजी बेल ।
प्रीतम सेती रोसणो, जारा सू हस-खेल ।। ११

पतवरता के रामदास, फाटा कपडा होय ।
नागी भूखी जो रहै, और न जाचै कोय ।। १२

विभचारण नागी रहे, जारा करे पुकार ।
औरा को मन राखती, खाली गई गिवार ।। १३

धरिया सो सब जार है, अधर एक निज देव ।
रामदास धरिया तजौ, करो अधर की सेव ।। १४

धरिया सबही जावसी, धारण हारा जाय ।
रामदास मिल अधर सू, अटल अमर पद पाय ।। १५

रामा सेवक अधर का, सारै सबही काम ।
नागा भूखा ना रहै, आसा पूरण राम ।। १६

सब जग आसा बधिया, निरआसा कोई सत ।
रामा रत्ता राम सू, परस्यो एको तत ।। १७

काची आसा आण की, सतन के नहिं दाय ।
रामा हरिजन सूरवा, अलख खजीना खाय ।। १८

अलख खजीना अगम घर, सूरवीर का खेल ।
रामदास सो सतजन, दूजी धरे न बेल ।। १९

एको घर एकै मतै, एक तणा विस्वास ।
रामदास एक राम बिन, सबै आन की आस ।। २०

सबै आण धारै मरै, अधर अलख निज एक ।
रामदास तासू मिल्या, तजिया और अनेक ।। २१

---

१४ धरिया – मायाजन्य अथवा माया विशिष्ट देवता आदि ।

मैं भी हू भगवत का चोटी हरि के हाथ ।
रामदास कर बंदगी, आठ पहौर दिन रात ॥ २२

रामा मेहतर राम का भाड़ूदार गुलाम ।
ऐंठा टूका डारिये, सांइ करू सिलाम ॥ २३

रामा कुत्ता मलेच्छ का, सदा धणी की लार ।
भावै टूका डारिये, भाव गरदन मार ॥ २४

गलै तुमारी डोरडी, रजा पडे ज्यूं राख ।
रामदास की वीनती, सांई सुणिये साख ॥ २५

तुमसा मेरे को नही, सुणो निरजन राय ।
मो डूबा का डर नहीं बिड़द तुमारो जाय ॥ २६

तुम करता सब कुछ हुवे, सुण हो दीनदयाल ।
रामै पर किरपा करो बारै मास सुकाल ॥ २७

तुम सब घट में रम रह्या, सबी तुमारे माहि ।
रामदास तुम सूं मिल्या अब किसका डर नाहि ॥ २८

राम मिल्या गुरुदेव से राम माहि सब सत ।
सतां मांही रामदास एक नकेवल तत ॥ २९

तत संत गुरुदेव बिच, दूज न जाणो कोय ।
रामदास एको बिरम जह तह व्यापक होय ॥ ३०

दस अवतारू ब्रह्म का सदा हजूरी पूत ।
रामदास सुत तासका सिमरण करो सपूत ॥ ३१

ब्रह्म-घात भीरणी धणी भेद न जाणे कोय ।
रामदास सो जाणसी, परा परी का होय ॥ ३२

---

३० बिरम – ब्रह्म ।

३१ दस अवतार ब्रह्म का – पुराणों में विष्णु के २४ अवतार माने गये हैं। इनमें से दस प्रमुख हैं—मत्स्य कच्छप वराह नृसिंह वामन परशुराम राम कृष्ण बुद्ध और कल्कि ।

पीव एक ही रामदास, दूजा कह्या न जाय ।
जो दूजा प्रीतम कहू, तो परलै जग थाय ।। ३३

परलै हुय उपजै खपै, सब ही आवै जाय ।
रामा साई अमर है, ता सू प्रीत लगाय ।। ३४

प्रीत लगी निज पीव सू, सब घट व्यापक होय ।
पतिवरता पिव सू मिली, दुबध्या रही न कोय ।। ३५

सीप समद मे नीपजे, रहे समुद के माहि ।
समदर सू न्यारी रहै, पतिव्रत छाडे नाहि ।। ३६

मास एक आसोज के, स्वात बूद को आस ।
पतिवरता यू रामदास, औरा रहे उदास ।। ३७

जल-थल वही धरती पड्या, चात्रग के नहि भाय ।
अधर बूद आसा करै, अधर मिलावै आय ।। ३८

पतिवरता के अधर है, सब घट रह्या समाय ।
रामदास यू उलट कर, अधरा माहि समाय ।। ३९

हस बुगा का रामदास, एके सरवर बास ।
एक वरण एको दसा, एको करत विलास ।। ४०

हस बुगा की रामदास, समझ'र करो पिछाण ।
ऊ मोताहल चूण कर, यो मच्छी परवाण ।। ४१

बुगलो उडियो समद सू, छीलरिये चित देह ।
रामदास मच्छी घणी, जहा-तहा चुग लेह ।। ४२

हस समद सू बिछडियो, छीलर दिसा न जाय ।
रामदास तन दुख सहै, मोती बिना न खाय ।। ४३

हस समद छाडै नही, मोती चुगबा काज ।
सुख-समदर मे रामदास, सहजां रहे विराज ।। ४४

---

३७ स्वात – स्वाति-नक्षत्र । ३८ चात्रग – चातक । ४० बुगा – बगुला ।
४२ छीलरिये – गन्दे पानी का तालाव ।

मैं भी हू भगवत का चोटी हरि के हाथ ।
रामदास कर बदगी आठ पहोर दिन रात ॥ २२

रामा मेहतर राम का, झाडूदार गुलाम ।
झैंठा टूका डारिये, साह करू सिलाम ॥ २३

रामा कुत्ता भलेष का, सदा धणी की लार ।
भावै टूका डारिये, भावै गरदन मार ॥ २४

गलै तुमारी डोरडी रजा पडे ज्यू राख ।
रामदास की बीनती सांई सुणिये साख ॥ २५

तुमसा मेरे को नहीं सुणो निरजन राय ।
मो डूबा का डर नहीं बिड़द तुमारो जाय ॥ २६

तुम करता सब कुछ हुये, सुण हो दीनदयाल ।
रामै पर किरपा करो बारे मास सुकाल ॥ २७

तुम सब घट में रम रह्या सभी तुमारे माहि ।
रामदास तुम सूं मिल्या अब किसका डर नाहि ॥ २८

राम मिल्या गुरुदव ते राम माहि सब सत ।
सतां मांही रामदास एक मकेबल सत ॥ २९

सत सत गुरुदेव बिच, दूज न आणो कोय ।
रामदास एको बिरम जह तहं व्यापक होय ॥ ०

दस अवतारू ब्रह्म का, सदा हजूरी पूरा ।
रामदास सुख सासका सिवरण करो सपूत ॥ ३१

ब्रह्म-बात झीणी धणी भेद न जाणे कोय ।
रामदास सो जाणसी, परा परी का होय ॥ ३२

---

१ बिरम – ब्रह्म ।

३१ दस अवतार ब्रह्म का – पुराणों में विष्णु के २४ अवतार माने गये हैं। इनमें से दस प्रमुख हैं—मत्स्य कच्छप वराह नृसिंह वामन परशुराम राम कृष्ण बुद्ध और कल्कि ।

पनिवरता पिव सू मिली, पिव के रूप न रेख ।
रामदास जह मिल रह्या, अम्मर आप अलेख ॥ ५७

सुरत जहा पिव सू मिली, जाय हुई लिवलीन ।
रामदास जह मिल रह्या, ब्रह्म भीण सू भीण ॥ ५८

निरभै खेलै पीव सू, अह-निस आठू जाम ।
पतिवरता पिव पाविया, अमर निरजण राम ॥ ५९

अमर पीव प्यारी अमर, अमर अमर की सेव ।
रामदास निज पाविया, अमर अलख निज देव ॥ ६०

इति श्री पतिवरता को अग

*

[२२]

अथ चिन्तामरण को अंग

साखी

राजा राणा सब चलै, चलै राव अरु रक ।
महल मिंद्र सबही चलै, चलै कोट-गढ बक ॥ १

नार रूप रभा चलै, दासी चलै खवास ।
रामदास हरि नाव बिन, सब ही झूठ बिलास ॥ २

झूठा नारी पुत्र है, झूठा ही परिवार ।
रामा साचा राम है, हल सिवरो हुसियार ॥ ३

नौबत बाजै गिड-गिडी, बाजै भेर निसाण ।
राग छतीसू बाजती, बहुते हुते बखाण ॥ ४

---

६० अमर पीव – परब्रह्म, अमर । प्यारी अमर – साधक (जीव) ।
अमर अमर की सेव – अमर साधक (जीव) द्वारा परब्रह्म की सेवा ।
३ हल – हमेशा ।

दिल सागर दरियाव है, हंसा मेरा जीव ।
मोती निरमल नाम है, चुग बैठा निज पीव ॥ ४५

पतिवरता कै एक बल, दूजी दिसा न जाय ।
विभचारण के बहुत बल धका धणी विन खाय ॥ ४६

धका-धकी में रामदास जनम गवायो माल ।
पीव बिना खाली रही, प्राण झपेटी काल ॥ ४७

पतिव्रता पिव सूं मिली जहं निरभ का खेल ।
दीपक दीस गव का विन वाती विन तेल ॥ ४८

पतिवरता पिव सूं मिली, पीव तणा सुख लेह ।
रामदास ग्रमर भई, फेर न धारे देह ॥ ४९

पतिवरता पिय सूं मिली पायो ग्रमर सुहाग ।
सेज रमै निरभै भई जन रामा बड भाग ॥ ५०

तेजपुंज परकासिया ग्रनत जोत परकास ।
रामदास सेज्यां रमे पूरणब्रह्म विलास ॥ ५१

ग्रनत उजाला गैब का ग्रनत सेज सुख लेह ।
पतिवरता पिव सू मिली रामदास गुण एह ॥ ५२

रामदास सुख पीव का तन में वेस लखाय ।
मुख सोभा छानी नहीं मण निर्मला थाय ॥ ५३

पीव मिल्या का रामदास कहु वे मुख का नूर ।
मुख लाली लागी रहै सुय भलक्या सूर ॥ ५४

साईं मेरे सुख दिया दूज रही गल लाग ।
पतिवरता पिव सू मिली रामदास बड भाग ॥ ५५

नींव नहीं देवल नहीं बिना देह जहं देव ।
रामदास जहां मिल रह्या ग्राठ पहोर नित सेव ॥ ५६

---

४८. गैब – ग्रज्ञात परब्रह्म । ५४ भलक्या – प्रकाशित हुग्रा ।

पतिवरता पिव सू मिली, पिव के रूप न रेख ।
रामदास जह मिल रह्या, अम्मर आप अलेख ।। ५७

सुरत जहा पिव सू मिली, जाय हुई लिवलीन ।
रामदास जह मिल रह्या, ब्रह्म झीण सू झीण ।। ५८

निरभै खेलै पीव सू, अह-निस आठू जाम ।
पतिवरता पिव पाविया, अमर निरजण राम ।। ५९

अमर पीव प्यारी अमर, अमर अमर की सेव ।
रामदास निज पाविया, अमर अलख निज देव ।। ६०

इति श्री पतिवरता को अग

*

[२२]

अथ चित्रांमरण को अंग

साखी

राजा राणा सब चलै, चलै राव अरु रक ।
महल मिंद्र सबही चलै, चलै कोट-गढ बक ।। १

नार रूप रभा चलै, दासी चलै खवास ।
रामदास हरि नाव बिन, सब हो झूठ बिलास ।। २

झूठा नारी पुत्र है, झूठा ही परिवार ।
रामा साचा राम है, हल सिवरो हुसियार ।। ३

नौबत बाजै गिड-गिडी, बाजै भेर निसाण ।
राग छतीसू बाजती, बहुते हुते बखाण ।। ४

---

६० अमर पीव – परब्रह्म, अमर । प्यारी अमर – साधक (जीव) ।
अमर अमर की सेव – अमर साधक (जीव) द्वारा परब्रह्म की सेवा ।
३ हल – हमेशा ।

मुण सांभल्न बह्मा रीझते, मगन हुते मन मांहि ।
रामदास से चल गये राम विना कुछ नांहि ॥ ५

हुक्म मढ में हालते ज्यूं करता त्यूं होय ।
रामदास हरि नाव बिन, गया जमारो खोय ॥ ६

रात गमाई नींद सुख, दिन गमायो घघ ।
रामदास हरि भजन बिन रह्या जीव मत अघ ॥ ७

राम बिना खाली रह्या, कहा रंक कहा राव ।
जनम गम्यो विष-स्वाद में, प्राण पहूती आव ॥ ८

धरती प्राण उसारियो दुनी कहावे राम ।
रामदास रसणा थकी ऊठ गयो बेकाम ॥ ९

प्रीत करी ससार सू हर सूं किया न ध्यान ।
रामा स्वारथ कारण फिर-फिर पूज्या आन ॥ १०

आन जगत यां ही रहै जीव एकलो जाय ।
रामदास जम-द्वार में मार मुगदरां खाय ॥ ११

कोल कियो करतार तें कर भूल्यो जग सग ।
रामदास जम-द्वार में पड़े मार वहो अंग ॥ १२

मार पड़ परले कर ज्यूं बादल की छांय ।
मूला केरे खेत ज्यूं सब समूला जाय ॥ १३

छिन सुख मांही रामदास, जीव रह्या लपटाय ।
एकण हरि का नाम बिन जम पै मोध्या जाय ॥ १४

राम पियाला छांड कर विषै पियाला लेह ।
रामदास ता मुख्ख में पड़े नित्त प्रति खेह ॥ १५

हरि बिन सबही चालसी रूप रंग व्यौहार ।
रामदास सांइ विना और न को आधार ॥ १६

---

८ आव – आयु । १५ खेह – राख (धूलि)

दीसे सोई थिर नही, दिष्ट - कूट आकार ।
रामदास सब बिनससी, रहै सिरज्जणहार ।। १७

जावे दाणू (दानव) देवता, जावे नर सुर नाग ।
रहता एको रामदास, रहो जना सू लाग ।। १८

चद सूर सब ही चलै, चलता सेस महेस ।
विष्णु ब्रह्मा इदर चलै, मब सुपना को देस ।। १९

सुपनौ सुरग पताल है, सुपनो मरत मडाण ।
सुपनो सब वैराट हैं, सुपनो करै बखाण ।। २०

सुपनो देवी - देवता, सुपनै धरिया रूप ।
रामदास सुपनौ सबै, राव रक बड भूप ।। २१

सुपनै सब उपजै खपै, सुपने आवै जाय ।
रामदास सुपनै परै, अभै निरजण-राय ।। २२

सुपनो जामण-मरण है, सुपनो आवागूण ।
रामदास सुपनौ सबै, लख - चौरासी जूण ।। २३

सपनौ सब घरबार है, सपनो माय'रु बाप ।
रामदास सुपनो सबै, काई पुन अरु पाप ।। २४

सुपनौ पुरखा नार है, सुपनौ भाई बध ।
सुपनौ सब परिवार है, रामा झूठा धध ।। २५

सूता सुपनै रैन के, बहोत मिल्यो है माल ।
रामदास जब जागिया, उही ह्वाल का ह्वाल ।। २६

सूता सुपनै रैण के, पाई बस्तु अपार ।
रामदास सब जागिया, गाठी हुतीस, त्यार ।। २७

ऐसो सुपनौ जागरत, सबको करो विचार ।
रामदास साई बिना, सब झूठा ब्योहार ।। २८

---

१७ दिष्ट-कूट आकार – दृश्यमान वस्तुएँ । २० मरत मडाण – मृत्युलोक ।

झूठा देख न भीजिए छिन में जाय बिलाय ।
रामदास झूठी तजो साच रह्यो लिव लाय ॥ २९

साचा एको राम है तासूं प्रीत लगाय ।
रामदास सांइ बिना सब देखता जाय ॥ ३०

रूख राय सब जायंगे, जावै सब बनराय ।
चार दिनां दिसटंग रच्यो छिन मे जाय बिलाय ॥ ३१

रामदास बन पांगर्‍या हरिया दीस घास ।
देखत ही सूकावसी याकी झूठ मास ॥ ३२

वेलडियां बन छाविया बहुता लाग्या फूल ।
दिनां चार को देखबो रामदास मत भूल ॥ ३३

फूल बेल ज्यूं रामदास सब ही है संसार ।
देखत ही चल जायंगे तू मत भूल गिंवार ॥ ३४

जिण तेरा जिव मेलिया, जनम दिया जग माहि ।
सब मांही व्यापक रहे ताकूं भूल काहि ॥ ३५

नवै महीने रामदास धारै लाया जीव ।
मास माहि भम्रत कियो ऐसा समरथ पीव ॥ ३६

नैन नासिका मुख किया स्रवण हाथ अरु पांव ।
नख सिख सब सवारिया राम बनायो डांव ॥ ३७

पहरण कूं कपड़ा किया पुष्या कारण अन्न ।
प्यास कूं पाणी किया जब लग धार्‍या तन्न ॥ ३८

बालपणो भोस गयो सुध-बुध समझ न काम ।
रामदास खेलत फिरै बालां के संग जाय ॥ ३९

मात-पिता सग फूलियो कुटुम कुटुंब माहिं ।
धन-जोयन जोरै भयो भय परणी सग जाहिं ॥ ४०

---

३१ दिसटंग – दृष्टांत । ३२ पांगर्‍या – फैल कर बढ़े हुये । ३६ भम्रत – दूध ।

रामदास दीरघ भयो, गरव्यौ फिरै गिवार ।
सो साहिब किम बीसरै, तन को सिरजनहार ॥ ४१

ज्वानी मे गरव्यौ फिरै, सुत वित नारी देख ।
रामदास तेरा नही, अत एक को एक ॥ ४२

अत जायगौ एकलौ, मन मे सोच विचार ।
रामा एकण राम विन, सकल झूठ परिवार ॥ ४३

बालपणै मे बुध नही, समझ न उपजी काय ।
दीरघ मे जौरै भयो, मद माया फूलाय ॥ ४४

विरधपणै बूढो भयो, सबै छूटग्या बध ।
रामदास सब रस घट्या, रीतो चाल्यो अध ॥ ४५

रामदास सू समझ लै, घर पडोसी जोय ।
राम बिना रीता रह्या, यू ही उठग्या रोय ॥ ४६

घर-घर मे अगनी जगै, घर-घर लागी लाय ।
रामदास सबही बलै, चहु दिस घेर्‌या आय ॥ ४७

पाडोस्या का देख कर, रामा भया उदास ।
राम सिवर निरभै भयो, तजी पराई आस ॥ ४८

सुिवरण कीजै राम को, जग को देख न भूल ।
रामदास पहली करौ, तन अपने को सूल ॥ ४९

तन-जोबन चेतन थका, रामदास हरि गाय ।
तन-जोबन बीता पछै, कारी लगै न काय ॥ ५०

सब जग रीता रामदास, हरि बिन खाली जाहि ।
भव-सागर मे आय कर, सुकृत कीयो नाहि ॥ ५१

सब जग खाली रामदास, हरि बिन खाली जाय ।
सिवरण सौदा ना किया, पूजी मिली न काय ॥ ५२

सब जग खाली रामदास, हरिजन है भरपूर ।
भरिया है हरिनाम सू, सता मे सत सूर ॥ ५३

सब जग भूला रामदास अतकाल पछिताय ।
लोयें दीयें वाहिरो भलो महां से थाय ॥ ५४

रामनाम लीयो नहीं दियो नही कुछ हाथ ।
रामदास यूंही गया चल्यो नहीं कछु साथ ॥ ५५

रामदास भूलो मती राम-सबद कू ध्याय ।
परमारथ में पैस रहो दीजे हाथ उठाय ॥ ५६

दीनो भाडो भावसी चौरासी के माहि ।
राम सिवरिया रामदास अमरापुर कूं जाहि ॥ ५७

हरि कूं सिवरो रामदास हरि बिन वारै वाट ।
हरि विन सबही जाहिगे पुर पाटण क्या हाट ॥ ५१

रामदास सब जावसी क्या सांवत क्या सूर ।
रहता एको राम है ताहि भजो भरपूर ॥ ५६

सात वार सोलह तिथी नखतर जाय सरब ।
नवग्रह सबही जायेंग रहे एक ही रब ॥ ६०

सिव ब्रह्मा सबही चलै जावै वेद पुराण ।
रामदास सांई सदा, रहे एक रहमाण ॥ ६१

धाप विष्णु सबही चलै सन धरिया सब जाय ।
रामा रहता राम है ताहि रहो लिव लाय ॥ ६२

गढ मठ सबही जाहिगे जावेगे सब गाम ।
कुटम-कबूवो जाहिग सदा सगी है राम ॥ ६३

नरपुर सुरपुर नागपुर जावेंगे ब्रह्माड ।
रामदास सब जायग सप्तदीप नवखड ॥ ६४

दीसे सा सब जायगे ज्यूं गल पाणी लूण ।
तिपण दिहाडे रामदास बहो रहेगा पूण ॥ ६५

---

५९ ५त – प्रवेष । १ — चौदह तिथियां एव अमावस्या और पूणिमा इस प्रकार कुल सोलह तिथियां । रब – परब्रह्म परमात्मा । ६५. तिपण दिहाडै – उन दिन ।

म-भागसि

दास समावै ब्रह्म मे, डिगै न डोले जाय।
रामा रत्ता राम सू, रहे अटल मठ छाय ॥ ६६

रहता एको राम है, और सकल क्रित जाय।
रामदास जाता तजो, रहत रहो लिव लाय ॥ ६७

रहता सू वहोता रह्या, सतगुरु के परताप।
रामदास सतगुरु बिना, ह्वेगा सोक सताप ॥ ६८

जन रामा सतगुरु मिल्या, राख्या चरण लगाय।
गुरु-गोविन्द की महर ते, रहे राम लिव लाय ॥ ६९

इति श्री चित्रामण को अग

*

[२३]

अथ मन को अंग

साखी

रामदास मन आपणा, हरि कू दीया जाय।
हरि कू दे निश्चल भया, धोखौ मिटियौ माय ॥ १

रामदास मन बस करो, पाचू पकड मराय।
जे मन राखै तन्न मे, तो सिष सबै कहाय ॥ २

मनवा मेरा बस नही, मन मैला सग जाय।
कागद केरी नाव चढ, कैसे समद तिराय ॥ ३

मन जावै पाताल मे, मन ही चढै अकास।
तीन-लोक मे रामदास, सबही मन का वास ॥ ४

मन ही राजा मड का, सारा के सिर राव।
सबही दीसे रामदास, एकण मन का डाव ॥ ५

९. महर – कृपा।

मन ही राजा जम का, मन ही है जमदूत ।
रामदास मन पारधी, मन हि पिता मन पूत ।। ६

रामदास मन पारधी, मार सब ससार ।
पीर पैकंबर अवलिया, चुण चुण कर सिकार ।। ७

मन धूतारा रामदास बहुत करै पाखंड ।
नर सुर नागा वस किया मुसखाया नवखंड ।। ८

मन कुत्ता कामी भया मानै नहिं गुरुज्ञान ।
रामदास भटकत फिर, उर धार अज्ञान ।। ९

मन ऊंचा मन नीच है, मन ठाकर मन ठग्ग ।
रामदास मन एक है सब कूं रह्या बिलग्ग ।। १०

सब ही दीसै रामदास एकण मन का सूत ।
मन ही मेलै राम सूं मन ही करै कमूत ।। ११

कवल करता मन है मन ही धार ध्यान ।
मन ही लग अज्ञान सूं मन ही कथ्य ज्ञान ।। १२

मन बालक दीरघ भया मन ही विरधा होय ।
रामदास मन अगम है ग्रहण न आवै कोय ।। १३

मन सेवक मन ठाकुरा मन हुय बैठा देव ।
रामदास मन पूज है मन ही लागा सेव ।। १४

मन मारग ज्ञानी भया मन सिध साधक होय ।
मम पैकंबर पीर है मन थिपिया सब कोय ।। १५

मन सूता मन जागता मन बैठा मन चाल ।
रामदास मन एक है पर अनंत हो ख्यास ।। १६

मन पसारा मन का माप गम्यो न जाय ।
रामदास मन अनंत है पर गा आय दाय ।। १७

---

६ पारधी – बधिक । ७ पैकंबर – पैगम्बर । ८. धूतारा – धूर्त । मुसखाया – दबा दिया अधीन कर लिया । ११ कमूत – विपरीत विरोधी ।

ज्ञान मतै हालै नही, हालै अपनै ह्वाल।
रामदास मन बहु करै, न्यारा - न्यारा ख्याल ।। १८

छिन मे मन हस्ती चढै, छिन घोडै वैसाय।
रामदास छिन पालखी, छिन प्यादौ हुय जाय ।। १९

छिन मे मन राजा हुवै, छिन मे ह्वै मन रक।
छिन मे मन दुरवल हुवै, छिन हुय चालै वक ।। २०

छिन मे मन राई हुवै, छिन मे परवत होय।
रामदास या मन्न का, मता न जाणै कोय ।। २१

मनवो चाहै आपदा, आप मुरादौ जाय।
रामदास मन मुतलवी, दिसा दिसी दौडाय ।। २२

मन कू पूठा फेरिये, ज्ञान गरीवी देह।
पाच पचीसू वस करौ, उलट अफूटा लेह ।। २३

मन मेवासी वस करौ, गुरु को अकुस लाय।
रामदास सुख ऊपजै, पिरथी लागै पाय ।। २४

मन मेवासी वस करो, गुरु को अकुस लाय।
रामदास आपौ सुखी, औरा जाण वलाय ।। २५

मन परमोध्या वाहिरौ, झूठा झकै जजाल।
रामदास मन मारसी, मन हुय बैठा काल ।। २६

मन परमोध्या बाहिरौ, झूठा ज्ञान 'रु ध्यान।
रामदास मन वस विना, उर उपजै अज्ञान ।। २७

मन हस्ती मे मद घणो, चालै चाल कुचाल।
रामदास सब ढायके, कीया बहुत हवाल ।। २८

रामदास मन बस करो, उलट अफूटा फेर।
जो लावै हरि नाम सू, पिसण होय सब जेर ।। २९

---

२४ पिरथी – पृथ्वी। २६ परमोध्या – उपदेश दिया। २९ अफूटा – पीठ करना, विमुख होना। पिसण – वैरी। जेर – आधीन करना।

[२४]

अथ मन-मृतक को अंग

साखी

रामदास मन मारिया, मार 'रु कीया छार ।
मूवा पीछे भूत हुय, फेर त्यार का त्यार ॥ १

रामदास मन मारिया, मार 'रु दीया बाल ।
घर लागी अगनी बुझी, फेर ऊठगी झाल ॥ २

सरप मार अरु नाखियो, रामा सामै वाय ।
वाय लाग चेतन भयो, उलट उनी कू खाय ॥ ३

मर मरतक कू जाण कर, मत कीज्यो विसबास ।
रामदास मन सरप ज्यू, जद तद करै विनास ॥ ४

रामदास मन मारियो, मार 'रु काढी खाल ।
घाडेरा खरगोस ज्यू, फेर ऊठग्यौ चाल ॥ ५

मन मरतक कू जाण कर, मत कोइ रहौ नचीत ।
रामदास कबु ऊठ कर, अतर करै कुपीत ॥ ६

मन मरतक सो जाणियै, घायल ज्यू किरराय ।
रामदास दुखिया रहै, हरि सिवरत दिन जाय ॥ ७

जन रामा सतगुरु मिल्या, अरथ बताया एक ।
मन मरतक हुय लग रह्यो, आदि अत या टेक ॥ ८

इति श्री मन मृतक को अग

---

३ वाय – वायु । ४ मरतक – मृतक । ५. घाडेरा – पर्वतीय घाटी के ।
६ नचीत – निश्चिन्त । कुपीत – उपद्रव । ७ किरराय – चीखना ।

गुरु सबदा सूं मारियो, भतर करै पुकार।
रामदास मन जह गयो भगत मुगत के द्वार ॥ ३०

मन मेरा मूधा भया, रह्या गिगन ठहराय।
रामदास घट्ट सुम्व मिल्या, भ्रव कछु छांड न जाय ॥ ३१

मन लाग्या गुरुज्ञान सें उलट मिल्या गुरु घाट।
रामदास निज मुख लख्या, गया जगत सू फाट ॥ ३२

मनवा मरा पलट घर, उलट हुआ निज मग्न।
रामदास जह सुख लह्या फर न धार मन्न ॥ ३३

मनया मिवर राम कू सिवर राम ही होय।
रामदास राम मिल्या, दुतिया और न काय ॥ ३४

जो मन घाल रामदास तन मूं पवन रराय।
जा मन लार तन चलै सब रस महला पाय ॥ ३५

तन मैती गढ़ गांगिया मनवा उलट मिलाय।

[२४]

अथ मन-मृतक को अंग

साखी

रामदास मन मारिया, मार 'रु कीया छार ।
मूवा पीछे भूत हुय, फेर त्यार का त्यार ।। १

रामदास मन मारिया, मार 'रु दीया बाल ।
घर लागी अगनी बुझी, फेर ऊठगी झाल ।। २

सरप मार अरु नाखियो, रामा सामै वाय ।
वाय लाग चेतन भयो, उलट उनी कू खाय ।। ३

मर मरतक कू जाण कर, मत कीज्यो विसबास ।
रामदास मन सरप ज्यू, जद तद करै विनास ।। ४

रामदास मन मारियो, मार 'रु काढी खाल ।
घाडेरा खरगोस ज्यू, फेर ऊठग्यौ चाल ।। ५

मन मरतक कू जाण कर, मत कोइ रहौ नचीत ।
रामदास कबु ऊठ कर, अतर करै कुपीत ।। ६

मन मरतक सो जाणियै, घायल ज्यू किरराय ।
रामदास दुखिया रहै, हरि सिवरत दिन जाय ।। ७

जन रामा सतगुरु मिल्या, अरथ वताया एक ।
मन मरतक हुय लग रह्यो, आदि अत या टेक ।। ८

इति श्री मन मृतक को अग

---

३. वाय – वायु । ४ मरतक – मृतक । ५. घाडेरा – पर्वतीय घाटी के ।
६. नचीत – निश्चिन्त । कुपीत – उपद्रव । ७ किरराय – चीखना ।

अथ सुक्ष्म मारग को अंग*

साखी

सा मारग पाया नहीं, साधु पहूंता ध्याय ।
रामदास आगे रह्या कलह कलपना मांय ॥ १

रामदास घर अलग है, जाका थाह न कोय ।
अंतर निश्चय किम हुवे है वाका मग सोय ॥ २

कून दिसा सूं आवियो कहो कूणि दिस जाय ।
रामदास अब भूलग्या इहां पड़े है आय ॥ ३

रामदास उन देस सूं चाल न आया कोय ।
कहो कुण कूं ले बूझिये मेरे मन की सोय ॥ ४

रामदास उण देस सूं आवे सब संसार ।
भार सीस पर सीत को जाकी सुध्य न सार ॥ ५

बादल आड़ा जगत के, सूर आभ बिच नाहिं ।
साधु देह संसार में, परम पटंदर माहिं ॥ ६

साधु राम सो एक है बिरला जाणे कोय ।
रामा साधु ब्रह्म में, ब्रह्म साधु में होय ॥ ७

ब्रह्म देस सूं संतजन आन धर्यो अवतार ।
रामदास उन देस को, अनभै कियो विचार ॥ ८

रामदास यूं समझ कर सत की सरण सभाय ।
सांसा दूर गमाय कर अमर देस को जाय ॥ ९

धरती अरु आकास बिच बेल बधी असराल ।
रामदास सब सामिया, तार चल्या चहुं माल ॥ १०

---

* सुक्ष्म मारग – ब्रह्मप्राप्ति का मार्ग। पहूंता – पहुंचा। ४ सोय – इच्छा या अभिप्राय।
५ सीत को – अविचार का। ६ परम पटंबर – ब्रह्म तुल्य। बधी – बढ़ी बड़ी हुई।
असराल – भयंकर चतिग्रामी विशाल।

सिध, साधक, जोगी, जती, सबही किया विचार ।
रामदास समझ्या बिना, धोखौ बारबार ।। ११

आशा तृष्णा बेलडी, जामण - मरण अखूट ।
समझ्या सो तो सिध हुवा, अन समझ्या सो झूठ ।। १२

मारग अगम अथाह सा, मोपै लख्या न जाय ।
जन रामा सतगुरु मिल्या, पल मे दिया लखाय ।। १३

इति श्री सूक्ष्म मार्ग को अग

*

[२६]

अथ लांबा मारग को अंग

साखी

रामा पैडो अति घणो, दूर दिसन्तर देस ।
हरि दरसण किम पाइये, सतो दौ उपदेस ।। १

वस्तु अमोलक रामदास, पहुच न सक्कै कोय ।
अनत सयाणा सुध बिना, आपौ बैठा खोय ।। २

रामा तरुवर अगम है, अगम फूलियो जाय ।
फल लागा सो अगम है, सैणा पच्च रहाय ।। ३

रामदास फल अगम है, सीस दिया सू खाय ।
सिर सूप्या बिन नालहै, कोटिक करौ उपाय ।। ४

रामदास फल अगम है, तन - मन दीया खाय ।
तन - मन दीया बाहिरो, जग मे खाली जाय ।। ५

---

१२ बेलडी – लता । अखूट – अनन्त ।
लाबा मारग – लम्बा मार्ग । १ पैडो – यात्रा-माग । दिसन्तर – देशान्तर ।
२ सयाणा – बुद्धिमान, विवेकशील, चतुर, सज्जन ।

तरुवर केवल ब्रह्म है मुगत महाफल होय ।
रामदास मन पछिया, चढ़ कर पाया सोय ॥ ६

जन रामा सतगुरु मिल्या तरुवर दिया बताय ।
सुख-सागर मे रम रह्या मुगत महाफल खाय ॥ ७

[इ]ति श्री साँचा मारग को अंग

★

[२७]

अथ माया को अंग

साखी

माया कारण रामदास, भूर सब ससार ।
वेणी हरि के हाथ है इमकी नहीं लिगार ॥ १

रामदास ससार सू प्रीत करो मत काय ।
माया रूपी जगत है हरि सिवरण विसराय ॥ २

माया जालम जोर है जेर किया सब जीव ।
पकड़ बाँधिया रामदास, विसर गया निज पीव ॥ ३

रामा माया डाकिणी ढकणाया (ढकणायो) संसार ।
काढ़ कलेजो खायगी जाकी सुध्ध न सार ॥ ४

केई मारया मिश्र सू कई निजरां खाय ।
रामा माया डाकिणी समै समूला खाय ॥ ५

माया विष की वेलड़ी तीन लोक विस्तार ।
रामदास फल कारण भूरे सब ससार ॥ ६

---

१ भूरे – बिलखना । इमकी – थोड़ी भी । ४ डाकिणी – राक्षसी । ढकणाया – [illegible] रम । पाठ भेद—ढकणायो – [illegible] नहीं [इनार नहीं] ।

५. निजरां – दृष्टि से ।

बेली को फल आपदा, आसा तृष्णा दोय ।
रामदास तिहु लोक मे, कहा न छूटण होय ।। ७

आसा तृष्णा आपदा, घर-घर लागी लाय ।
रामदास सब बालिया, कोई न सक्कै जाय ।। ८

माया की अगनी जगै, दाझत है स्व जीव ।
रामदास सो ऊबरै, सिवरै समरथ पीव ।। ९

माया सू लागो रहे, पीव करै नहि याद ।
रामदास सब डूबग्या, करि करि विपै-विवाद ।। १०

माया संमदर हुय रही, सब पैठो ससार ।
रामा स्वारथ कारणै, डूवा पसू गिवार ।। ११

रामा माया हाडको, कूकर लाग्या दोय ।
माहो माहे पच मुवा, या जग की गति जोय ।। १२

जग मे माया रामदास, किनक कामनी जोर ।
जो लागा सू यू गया, जाण उडाया सोर ।। १३

माया केरो दव लग्यो, गिगन पहूती झाल ।
रामदास सब जग जलै, देख पड्या जजाल ।। १४

रामदास दुखिया हुवा, जल-थल दाझै जीव ।
माया झोले जग जल्या, विसर गया निज पीव ।। १५

मायापासी रामदास, सब ही नाख्या घेर ।
तीन लोक कू वस किया, सुर नर नागा जेर ।। १६

मायापासी रामदास, सब नाख्या फद माय ।
तीन लोक कू घेर कर, हरि सू लिया तुडाय ।। १७

---

७ बेली – लता ९ दाझत – जलता है । ११ गिवार – मूर्ख ।
१२ हाडको – अस्थि । १३ किनक – कनक । १५ दाझै – जल गये ।
१६ मायापासी – मायापाश, माया का बन्धन ।

मायाजालम रामदास तीन लोक कूं खाय ।
कोइ साधुजन ऊबरै सतगुरु सरण आय ॥ १८

माया में सब फस रह्या काइ नर अरु नार ।
भांड किया सब भाडणी रामा सब कूं ख्वार ॥ १९

माया कू भुरबो करै, अन्तर आठू जाम ।
रामदास मन बह गया कहो कुण सिवरै राम ॥ २०

रामसनेही ना मिलै, माया हुदा यार ।
रामदास ताकू तजो गुरुमुख ज्ञान विचार ॥ २१

माया इजगर रामदास, सब सेखा गिट जाय ।
डाल मूल छोड नहीं ऐसी बडी बलाय ॥ २२

केता गिटिया जागतां केता नींद के माहिं ।
कता गिटिया भाजतां रामा छोड नाहिं ॥ २३

माया जालम जोर है जौरै चढी जवान ।
रामदास सब मारिया भर भर मारै बाण ॥ २४

क्या राजा क्या पातसा क्या धार्णू क्या देव ।
रामदास सबही कर निज माया की सेव ॥ २५

माया वैरण रामदास सब कूं घाल घाव ।
केइक हरिजन ऊबरै ता सिर हरि का हाथ ॥ २६

माया ठगणी रामदास पहली दव वाहि ।
भीतर पसर मारिया घात सकै कोई नाहि ॥ २७

---

१८ जालम – जालिम अत्याचारी ।

१९ भांड – विदूषक जाति विशेष जो नाच नाचकर हंसाने का व्यवसाय करती है बदनाम करना । भांडणी – बदनाम करने वाली भांडजाति की स्त्री यहां माया से तात्पर्य है ।

२ आठू जाम – अष्ट-याम

२२ सेना – शक्तिशाली सामर्थ्यवान मनुष्य । बलाये – पागल बना ।

२३ गिटिया – निगल गई । २५ पातसा – बादशाह । २७ ठगणी – ठगने वाली ।

मयूरा

घात घाल घायल किया, मार्‌या बिन हथियार ।
रामदास जन ऊबर्‌या, साहिब हदा यार ॥ २८

माया तीनू लोक मे, सबकू घाल्या घाण ।
रामदास यू पीलिया, कोई न पावै जाण ॥ २९

रामदास सबकू कहै, मत कीजौ विसवास ।
माया नाखै नरक मे, घाल गला में पास ॥ ३०

माया जिसकू मारिया, सो माया का मित्त ।
माया त्यागै हरि भजै, सो नर रह्या नचित ॥ ३१

माया बीछण रामदास, खाया सू कूकाय ।
बीछण खाया ऊबरै, वा नरका ले जाय ॥ ३२

रामा माया बीजली, कडक'र पडी धरन्न ।
जग सारो ई मारियो, हरिजन राम सरन्न ॥ ३३

मन माया कू त्याग कर, जाय चढ्या आकास ।
वा सू पूठा घेर लै, जो छिन करै विसास ॥ ३४

माया बहौ प्रकार की, सब ही बध्या लोय ।
(ज्यू) बीछण बिछिया ऊपरै, खाय कोकलो होय ॥ ३५

माया का बहु सूत है, सब कू लिया बधाय ।
रामदास छूटै नही, भावै जह लग जाय ॥ ३६

क्या घर मे क्या वन्न मे, क्या ग्रैही क्या त्याग ।
रामदास माया बुरी, कह लग जावै भाग ॥ ३७

माया देवल देहरा, तप तीरथ असनान ।
रामदास निज नाम बिन, सब माया का ध्यान ॥ ३८

---

२९ घाण – घाणी, चक्कर मे डालना ।

३२. बीछण – मादा बिच्छू । कूकाय – चिल्लाना । ३३ धरन्न – धरती ।
सरन्न – शरण । ३४ विसास – विश्वास । ३५. लोय – लोग । कोकलो – खोखला ।

३७ ग्रैही – गृहस्थी । त्याग – त्यागी सन्त ।

सब माया में ऊपज्या सब कू माया खाय ।
रामदास निज नाम बिन सब माया घर जाय ॥ ३९

माया दमड़ी रामदास, जोड़ै सब ससार ।
जोड़त-जोड़त ऊठग्या मग न चली लिगार ॥ ४०

माया कवड़ी रामदास ताहि पचै सब लोय ।
माया कू पन्न करी ताकू लख न काय ॥ ४१

ताहि लख्यां बिन रामदास कारज सर न एक ।
माया सग चाली नहीं आप चल्यो हुए सेस ॥ ४२

काया माया कारण रोव सब ससार ।
मात पिता सुत बधवा के पूता परिवार ॥ ४३

मनछा ममता कलपना ए सब व्यापक होय ।
रामा एकै राम बिन सब कू मारया टोय ॥ ४४

त्यागी पच है बिंद कूं गिरसत धन के काज ।
ऊ चल जाव नरक में तपसी पाव राज ॥ ४५

सुरग नरग माया मही कहा मादि वैकूंठ ।
रामदास हरि सूं मिल्या द माया कूं पूठ ॥ ४६

साख्य याग नवध्या सब ॐकार लग जाण ।
रामदास याक परै समरथ पद निरवाण ॥ ४७

---

४१ कवड़ी – कौड़ी। पचै – परिश्रम करना। ४२ सेस – शेष कुछ नहीं।
४४ टोय – ढूंढ़ २ करके। ४५ बिंद कूं – वीर्यरक्षा।
४७ सांख्य – कपिल मुनि द्वारा स्थापित दर्शन का एक भेद जिसमें पुरुष द्वारा चेतनता को प्राप्त कर त्रिगुणात्मक प्रकृति ही सारे संसार का मूल कारण मानी गई है। पुरुष केवल द्रष्टा एवं चिन्मय है। योग – महर्षि पतंजलि कृत अष्टांग योग दर्शन का भेद। नवध्या – नौ प्रकार से की जाने वाली भक्ति, नवधाभक्ति (श्रवण कीर्तन स्मरण पादसेवन अर्चन वंदन दास्य सख्य और आत्मनिवेदन)।
ॐकार – प्रणव माया विशिष्ट ब्रह्म।

ॐकार निज मात है, ब्रह्म एक निरकार ।
रामदास वा सू मिलौ, तजौ सरव आकार ॥ ४८

माया राणी ब्रह्म की, ब्रह्म पिता मम देव ।
रामदास वा सू मिलौ, करौ सहज मे सेव ॥ ४९

सोऊ सवद नाभी बसै, ओऊ त्रगुटी माय ।
रामदास ताके परै, अषै निरजण राय ॥ ५०

नाद बिद सू क्या पचै, ए माया के माहि ।
रामा सगी जीव का, हरि बिन दूजा नाहि ॥ ५१

सबही साधन देह लग, देही झूठी जाण ।
रामा तेरा राम भज, पद पावै निरबाण ॥ ५२

माया ऊची रामदास, जाणै नही ससार ।
माया झाबर झौल मे, यू पच मुवा गवार ॥ ५३

मै तो वचिया रामदास, सतगुरु सरणै आय ।
माया सू दूरा रह्या, रह्या राम लिव लाय ॥ ५४

जन रामा सतगुरु मिल्या, जिना बताया भेव ।
माया सेती काट कै, मिल्या निरजन देव ॥ ५५

इति माया को अग

---

४८ ॐकार निज मात है – ओकार, चिद् विशिष्ट माया ।
५१ नाद बिद – स्फोट व वीर्य [हठयोग के पारिभाषिक शब्द] त्यागी और गृहस्थी ।
५३ झावर झौल – प्रपच, बन्धन ।
५५ भेव – भेद, रहस्य ।

अथ मान को अंग

साखी

देखत माया छांड कर, वहुता गया सुजाण ।
रामा झीणी[1] ना तजी भीतर मार बाण ॥ १

झीणी माया झीण हुय बठी घट घट माय ।
तपसी त्यागी मुनिजना सब काहू को खाय ॥ २

दिष्ट फूट[3] माया तजी, मान तज्यो नहीं जाय ।
मान सबल है रामदास बडा बड़ा कूं खाय ॥ ३

मान तहां तो राम नहीं राम तहां नहीं मान ।
दानूं भला ना रहै, रामदास कहै ग्यान ॥ ४

मान बडाई ईरपो सब ही बठा माय ।
माया तजिया क्या हुवै ये सबही कूं खाय ॥ ५

मान बडाई ईरपो, ए सब कूकर[6] जाण ।
रामा सहु गरीब बिन भहुसी करसी हांण ॥ ६

मान मास मसमी करूं बड़पण[7] खाऊ भाग ।
रामा मारूं ईरपो रहु सतगुरु सा लाग ॥ ७

जन रामा सतगुरु मिल्या जिनां बताया भद ।
गुरु सगाई मान-गढ़ भतर कीया छद ॥ ८

इति मान को अंग

---

१ झीणी – सूक्ष्म । ३ दिष्टफूट – [illegible] ।
६ कूकर – कुत्ता ७ बड़पण – [illegible] ।

अथ चांणक* को अंग

साखी

पराकिरत पढ रामदास, संसकृत्त लै जोय ।
सबही कूकस तूतडा, राम-नाम कण होय ॥ १

चार वेद षट-शास्तर, पुराण अठारै जोय ।
रामदास इक राम बिन, कारज सरै न कोय ॥ २

पडित पढ कर रामदास, बहुता करै गुमान ।
दोय अक्षर पढिया बिना, अत हुवैगी हान ॥ ३

पढिया गुणिया रामदास, सरै न ऐको काम ।
वेद पुराण सब सोधिया, सत्त सबद है राम ॥ ४

पडित पोथी हाथ कर, ज्ञान दिठावण ज[illegible] ।
अतर आसा जगत की, राम न आवै दाय ॥ ५

ज्ञान बाच चरचा करै, सब कू दे उपदेस ।
रामदास सिवरण बिना, मिटै न मनका लेस ॥ ६

ज्ञान बाच सूरा हुवै, भूठा करै पुमाव ।
रामदास सिवरण बिना, पडै काल का डाव ॥ ७

---

*चाणक अभिधार्थ – चाणक्य, लक्षणार्थ—नीतिशास्त्र ।

१ पराकिरत – प्राकृत भाषा । संसकृत – सस्कृत भाषा ।

कूकस तूतडा – कदन्न के ऊपर का छिलका ।

२ चार वेद – यजुर्वेद, सामवेद, अथर्ववेद, ऋग्वेद ।

षट-सास्तर – छ शास्त्र (आदेश, धर्म, दर्शन, साहित्य, विज्ञान और कला) व्याकरण, छन्द, ज्योतिष काव्य, निरुक्त, शिक्षा । पुराण अठारै – प्रसिद्ध हिन्दू धर्म-ग्रन्थ (विष्णु, वायु, पद्म, ब्रह्म, शिव, भागवत, नारद, मार्कण्डेय, अग्नि, ब्रह्मवैवर्त, लिग, वराह स्कद, वामन, कूर्म, गरुड, भविष्य, मत्स्य)

३ दोय अछर – राम का नाम । ४ सत्त सबद – सत्य शब्द । ५ दिठावण –दिखाने ।

७ बाच – पढ कर । पुमाव – घमड (प्रफुल्लित होना) । डाव – अवसर ।

औरां मूं उपदेस है आप चल अज्ञान ।
चार वेद में फस रहा हरि सू नाहीं ध्यान ॥ ८

गुरू कहाव जगत का, सब तें ऊंचा होय ।
औरां सेती दूज कर आपो बठा खोय ॥ ९

चौको दे रोटी कर चतुराई मू मग्न ।
रामदास दुबध्या धर निंद हरि का जन्न ॥ १०

वेद विद्या मे रामदास बध्यौ सब संसार ।
गुरु जजमान सबही चल्या भला नरक दवार ॥ ११

आप ही चाल्या जाय था जगत लिवी सब साथ ।
रामा मारग भूलग्या ऊपर काली रात ॥ १२

सब ही डिया कूप मे हरि बिन पसू गिंवार ।
जनेऊ का जौर सूं समझ्या नहीं लिगार ॥ १३

गुरू कहावै सरब का सब सूं ह्व आधीन ।
रामदास साधू निंद दुरस गमायो दीन । १४

वेद पढ़े पढ़ रामदास तन का करै गुमान ।
भगत गमाई राम की खोया सब जजमान ॥ १५

चौके माहिं चित घणो चतुराई की रीज ।
जीव मारियां गार में क हांडी में सीज ॥ १६

अंतर दया न उपजै विद्या का अति जोर ।
दुनिया का आधीन हुय रामा हरि का चोर ॥ १७

बांमनियां गुरु मद का भगत मधाया वेद ।
चोरासी मे ले चल्या पाया नहिं हरि भेद ॥ १८

---

९ दूज कर – भेदना का भाव । १२ काली रात – काल रात्रि ।
१४ दुरस श्रेष्ठ पुरुष । १६ रीज – मानना । गार – मिट्टी ।

वेदा मे उलझाय कर, बोई सारी मड ।
रामदास पायो नही, एको नाम अखड ॥ १९

रामदास पडित कथा, बाचै करै विचार ।
अरथ वतावै और कू, आपा सुध्ध न सार ॥ २०

अरथा का अनरथ करै, ज्ञान हि करै अज्ञान ।
रामा पडित पाठ कर, छोडावै हरिध्यान ॥ २१

अपनै स्वारथ कारणै, भाखै आल-जजाल ।
रामदास हरि भजन बिन, आण झपेटे काल ॥ २२

रामदास पडित कथा, है आधा की ज्याज ।
वैसण हारा अधरा, डूबा होय अकाज ॥ २३

रामदास पडित कथा, जाण ठगा को वास ।
ठगिया सब ससार कू, गल मे घाली पास ॥ २४

पासी चारूवेद है, ठग बामनिया होय ।
रामदास पानै पड्या, साजा गया न कोय ॥ २५

राम-भगति जानै नही, आन दिठावै ज्ञान ।
रामदास खाली रह्या, ज्यू तैगै बिन म्यान ॥ २६

आपणपौ का छूकरे, आपौ खौजै नाहि ।
आपो खोज्या बाहिरौ, चौरासी मे जाहि ॥ २७

एक आपदा कारणै, बोयो सब ससार ।
कलि का वामन रामदास, चाल्या दीन विसार ॥ २८

रामदास कलि-वैसनु, बहुता करै कलाप ।
सिष-साषा सू प्रीत कर, भूल्या आदू बाप ॥ २९

---

२३ ज्याज – जहाज । २४ पास – पाश, बन्धन । २५ पासी – बन्धन । वामनिया – ब्राह्मण । २६ दिठावै – दिखावे । तैगै – तलवार ।

२८ कलि का वामन – कलियुग के ब्राह्मण । २९ सिष-साषा – शिष्य परम्परा और सम्प्रदाय । आदू बाप – परब्रह्म ।

घर का टावर छोडिया छोडया बाप'र माय ।
रामदास त्यागी हुवा कपडा दूर कराय ॥ ३०

वेप छाडियौ जगत को दूजौ धरयौ लयेस ।
रामदास घर छाडियो, गयौ और ही देस ॥ ३१

हुवौ बहरो जगत में सब ही को गुरुदेव ।
रामदास आंधी-जगत सुष बिन लागी सेष ॥ ३२

सिष-साषा बहुता करे, बहोन दिठाव ज्ञान ।
रामदास हरि सूं अलग आन धराय ध्यान ॥ ३३

सिष-साषा परमोध के मन माया के माहिं ।
सतां की निंदा करै आयो समझ नाहिं ॥ ३४

राम नाम सू वरता, करै साध सूं धेस ।
जग मे सांमी रामदास ऐसो इचरज देस ॥ ३५

पीतल की मूरत कर माथ बांध उठाय ।
मान बड़ु क कारणै बड़ी ठौड चल जाय ॥ ३६

अरथ बतावै अलगग्गा, बाच गीता ज्ञान ।
रामदास दुनिया ठगण हरि सूं नांही ध्यान ॥ ३७

रामदास आंधी जगत चालै आंधी ज्ञान ।
सामी सवग एकमत लागी जाय निदान ॥ ३८

कण रूपी एक राम है आदि मुगत का बीज ।
सामी सवग रामदास ताहि करै मिल खीज ॥ ३९

झूठे मूं मय मोह मिल मांचे विसा म जाय ।
लोभी लपटो राजसी ता सूं जगत रिझाय ॥ ४०

---

३२ बहेरो – वृद्धंग आयु में बड़ा। ३४ परमोध के – उपदेश देना।
संतां की निंदा करै – मठधारियों के स्थान पर सागुरु प्राप्त सच्चे संतों की निंदा करना। ३७ अलगग्गा – विभिन्न विपरीत। ४० लपटी – लम्पट।
राजसी – रजोगुण प्रधान व्यक्ति।

तीरथ को जावै दुनी, फिर-फिर धोखै धाम ।
रामदास आधी जगत, कहौ किम पावै राम ॥ ४१

जप-तप सजम जोग जिग, धरम नेम पुन दान ।
तीरथ सब एकादसी, हरि बिन सबही आन ॥ ४२

आन धरम लागी दुनी, क्या ग्रैही क्या भेष ।
रामदास खाली रह्या, पाया नही अलेख ॥ ४३

सब बल थोथा रामदास, जोग ध्यान अरु त्याग ।
कण रूपी इक राम है, तासू विरला लाग ॥ ४४

जप तप तीरथ रामदास, सबही फूल समानि ।
फल रूपी हरि भगत है, सो तो विरला जानि ॥ ४५

फल पाया जब जानिये, फूल गया कुमलाय ।
रामदास आधी जगत, फूला रही लुभाय ॥ ४६

काशी जावै द्वारका, वदरी अरु जगनाथ ।
रामदास हरि भगति बिन, कछू न आवै हाथ ॥ ४७

तीरथ फिर फिर सब किया, धोकी चारू धाम ।
रामदास फिर यू रह्या, मिल्या न आतम राम ॥ ४८

गगा न्हाया रामदास, सबही धोया तन्न ।
न्हाय धोय यूही रह्या, सागे ऊहीज मन्न ॥ ४९

सब फिरिया न्हाया सबै, मन मे बहुत हुलास ।
रामदास हरि-भगत बिन, नहचै गया निरास ॥ ५०

अपना घर कू छाड के, स्वामी नाम धराय ।
रामदास घर चार बिच, मढी बधाई जाय ॥ ५१

---

४१ दुनी – दुनिया । ४२ सजम – सयम । जोग जिग – योग और यज्ञ ।
आन – व्यर्थ । ४३ ग्रैही – गृहस्थी । भेष – भेषधारी पाखण्डी । अलेख – अलक्ष्य ।
४४ थोथा – कोरे, खाली । ४९ ऊहीज – वही । ५० नहचै – निश्चय ।
५१ घर चार – बस्ती

क्या बाबू बाबा कहा, क्या स्वामी वैराग ।
रामदास हरि-भगति बिन, झूठा ग्रैही त्याग ॥ ६३

सब सत हेला देत है, रामदास हरि ध्याय ।
नाक कान अख तीन बिन, भलौ कहा ते थाय ॥ ६४

उर बिच मे लोचन नही, नाक नही मन माहि ।
कान नही अज्ञान तै, तातै जम ले जाहि ॥ ६५

जम फाडेगा जीव कू, ज्यू भेड वखेरै नार ।
रामदास तिहु बाहिरो, रहे बार के वार ॥ ६६

रामदास हेला दिया, सुणज्यो सब ससार ।
बहरी अधी जगत सब, सुणै न निरख लिगार ॥ ६७

जन रामा सतगुरु मिल्या, वहरा चूध मिटाय ।
अतर आख्या खोल कर, रहे राम लिव लाय ॥ ६८

इति श्री चाणक को अग

★

[३०]

अथ कामी नर को अंग

साखी

काजल ही का घर वस्या, काजल को ब्यौहार ।
कालज मै रहबौ सदा, सब मोहै ससार ॥ १

आगै पूछै रामदास, अगल बगल सब ठौर ।
काजल सब ससार है, भाजै कितीयक दौर ॥ २

---

६६ वखेरै – बिखेरना, टुकडे २ कर देना । ६७ निरख – पूर्ण ।
६८ चूध – कम दिखाई देना । अतर आख्या – अन्तर्चक्षु । २ कितीयक – कितनी ।

राम नाम रत्ता रहै जग से रहै उदास ।
रामदास उण संत के लग न काजल पास ॥ ३

रामदास नारी बुरी प्रीत करो मत कोय ।
जसे दिया पतग का, सब बैठा तन खोय ॥ ४

रामा नारी नागिनी, गूछल मारया दूर ।
तीन-लोक भीतर लिया सब कर बैठी पूर ॥ ५

नारी नदिया सारसी सब जग लिया बुहाय ।
रामदास भूमा सब मुवा गुलचिया खाय ॥ ६

रामा नारी कूप सी, ऊंडी बहोत भथाह ।
भीतर पड्या सो डूबग्या, एक न भायो साह ॥ ७

रामदास फन्द रोपिया कनक कामिनी दोय ।
नैड़ा सा फद में पड्या लिया भलगला टोय ॥ ८

तन-मन भपणा वस किया इन्द्री पांच मराय ।
कनक कामणी रामदास दिसा न ताके जाय ॥ ९

दोय घाटी यह दुलभ है सता करो विचार ।
रामदास वा वीच में मारयो सब ससार ॥ १०

इक तो घाटी कामिनी दूजी किनक जू होय ।
रामदास ता वीच में, साजा गया न कोय ॥ ११

राम नाम बिन रामदास सब ही काम बिकार ।
एकण हरि का नाम बिन उलट रह्यो ससार ॥ १२

कया इन्द्र को बसणो कया परलोकां वास ।
रामदास इक राम बिन सबही भोग बिलास ॥ १३

---

५. गूछल – कुण्डली । ६ मारयो – मारी ।
७ साह – सुरक्षित । ८ भलगला टोय – दूर की वस्तुओं को ढूंढ कर ।
११ साजा – सुरक्षित कुशलपूर्वक ।

रामदास विरकत भया, नारी एक न कोय ।
निरभै गोरखनाथ ज्यू, सिध्ध भया यू जोय ।। १४

रामदास नारी नही, सब ही राम रमाय ।
नारी पलटी नर भया, नार कही नहि जाय ।। १५

जह तह कामण को नही, ऐको राम रमाय ।
से नर गोरखनाथ ज्यू, अमर भया कलि माय ।। १६

कनक कामनी वेल है, फल लागा विपवाद ।
रामदास खाया सवै, साह न आया याद ।। १७

रामदास बेली बली, बल कर भसमी होय ।
भसमी अग लागा पछै, नरक गया सब कोय ।। १८

नारी आपही नरक है, तामे फैर न सार ।
रामदास से ऊबर्या, सिवरै सिरजणहार ।। १९

कामी पडिया काम बस, कैसे सिवरै राम ।
रामदास मन थिर बिना, कही नही बिसराम ।। २०

कामी को मन काम मे, राम न आवे दाय ।
रामा चाल्या नरक मे, सवै समूला जाय ।। २१

कामी सा पापी नही, इण भवसागर माहि ।
इद्री स्वारथ कारणै, राम विसार्या जाहि ।। २२

कामी नर के काम की, आसा आठू जाम ।
रामदास कबु भूल कर, कहै न केवल राम ।। २३

कामी नर तै रामदास, कूकर आछा होय ।
ऐसी ममता दिढ करै, रुत बिन काम न होय ।। २४

भगति बिगाडी रामदास, कामी कलि मे आय ।
कै तो कीनी आपदा, कै सूता कै खाय ।। २५

---

१५ नारी–प्रकृति । नर–पुरुष (ब्रह्म) । १७ साह – साहिब (ईश्वर) । २४. दिढ़ – दृढ़ ।

सहजा सहजा सब मिटै, विष इद्री अघवाद ।
रामदास कलपौ मती, कर साई कू याद ।। ४

चंद्रायण

सहजा कामण काम, सहज सब जाय रै ।
सहजा मिटै विषवाद, सहज लिव लाय रै ।।
सहजा खुलिया द्वार, मुगत का देस रै ।
हर हॉ यू कहै रामादास, गुरु उपदेस रै ।। ५

सोरठा

सहजा सब कुछ होय, जे कोई जाणै सहज कूं ।
सहजा मिलिया तोय, रामा साहिब आपणा ।। ६

साखी

सहजा सहजा चल गया, मुगत-देस कै धाम ।
सहजा सहजा सब मिट्या, कामण किनक'रु काम ।। ७

इति श्री सहज को अंग

×

[३२]

अथ साच को अंग

साखी

रामदास हरिजन इसा, साचा भाखै वैण ।
भावै तो दुरजन हुवौ, भावै हुय कोइ सैण ।। १

४ विष इद्री अघवाद – विषय-वासना और इन्द्रिय द्वारा पाप ।

हरिजन तो साची कहै काण न राखै काय ।
रामदास राजी हुवो भाव विलखो थाय ॥ २

साची को मानै नहीं ऐसा कलजुग पूर ।
रामा झूठा जगत सब रहै साच सूं दूर ॥ ३

साच कह्या स रामदास जगत कर सब राड ।
कलजुग काला कूकरा बोल्या खावै फाड़ ॥ ४

साच सरीसा रामदास न कोई तपस्या त्याग ।
साचा सूं सांइ मिलै उर उपजै वैराग ॥ ५

झूठ सरीसा रामदास ऐसा पाप न कोय ।
झूठा सू सांई अलग सगो कदै न होय ॥ ६

रामा झूठ न बोलिये जे कोई मेले राम ।
झूठा के संग जे गया जिसका बिगड्या काम ॥ ७

रामा झूठ न बोलिये, झूठा भला न होय ।
झूठा कलि मैं मानवी कवड़ी बदल जोय ॥ ८

समझै सबही साच म जाण समावै कूर ।
रामदास उन मिनख सू समझ'र रहिये दूर ॥ ९

झूठ त्याग साची कहै जाम काठै आय ।
रामदास व जन सही पल म पार संघाय ॥ १०

झूठा सू झूठा मिलै झूठ दिखावै ज्ञान ।
रामदास मोह मगन हुय परख गया निदान ॥ ११

हरिजन तो साची कहै काण न राखै काय ।
रामदास उण साध मे, दोष नहीं ठहराय ॥ १२

---

१ काण – संकोच इज्जत का ख्याल ।
४ खावै फाड़ – दूसरे २ कर ला खाना ।
८. कवड़ी – कौड़ी । ९ जाण – जान बूझ कर । कूर – झूठा ।

